जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

# जागरूक टाइम्स

jagruktimes.co.in

जयपुर, सोमवार, 17 मार्च, 2025 ▸▸ वर्ष 16 ▸▸ अंक 315 ▸▸ पृष्ठ 12 ▸▸ मूल्य 1.50 रु.



पठान 2 में सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की जोड़ी

पेज: 10

## पीएम मोदी का फ्रिडमैन के साथ इंटरव्यू

# पीएम बोले, नवाज शरीफ को शपथ में बुलाया, धोखा मिला

## ट्रम्प साहसी हैं; भारत-चीन को प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए, टकराव नहीं

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को लेक्स फ्रिडमैन के साथ 3 घंटे के इंटरव्यू में कहा कि जब भी हम शांति की बात करते हैं, तो दुनिया हमारी बात सुनती है, क्योंकि भारत गौतम बुद्ध और महात्मा गांधी की भूमि है। मैंने अपने शपथ ग्रहण समारोह में पाकिस्तान को आमंत्रित किया था, ताकि एक नया अध्याय शुरू कर सकूं, लेकिन शांति के हर प्रयास का सामना दुश्मनी और विश्वासघात से हुआ।

पाकिस्तान के लोग शांति चाहते हैं। हम पूरी ईमानदारी से आशा करते हैं कि पाकिस्तान को एक दिन सद्बुद्धि आएगी और वह शांति का रास्ता अपनाएगा। पीएम नरेन्द्र मोदी ने इंटरव्यू में कई बिंदुओं पर बात की। उन्होंने आरएसएस, पाकिस्तान, चीन, ट्रम्प, विश्व राजनीति, खेल, राजनीति समेत व्यक्तिगत जीवन से जुड़े सवालों के जवाब दिए।



### आरएसएस ने देश के लिए जीना सिखाया

आरएसएस में हमें जो मूल्य सिखाया गया, उनमें से एक यह था कि आप जो भी करें, उसे उद्देश्यपूर्ण तरीके से करें। आप पढ़ाई करते हैं, तो राष्ट्र के लिए योगदान देने के लिए पर्याप्त सीखने के लक्ष्य के साथ पढ़ाई करें। आप व्यायाम करते हैं, तो राष्ट्र की सेवा करने के लिए अपने शरीर को मजबूत बनाने के उद्देश्य से करें। यही हमें सिखाया गया था। ▸▸ शेष पृष्ठ 5 पर

## न्यूज ब्रीफ

### अमेरिकी बमबारी में 31 लोगों की मौत

**वेस्ट पाम बीच।** ट्रंप ने यमन के हूतियों का 'डेथ ऑर्डर' जारी कर दिया है। ट्रंप ने शनिवार को यमन में हूती विद्रोहियों के कब्जे वाले इलाकों पर सिलसिलेवार हवाई हमलों का आदेश दिया। इसमें 18 लोगों की मौत होने की जानकारी थी, मगर अब यह संख्या बढ़कर 31 हो गई है।

### यूपी बीजेपी के जिलाध्यक्षों का ऐलान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कई जिलों में भारतीय जनता पार्टी ने नए अध्यक्ष के नाम का ऐलान कर दिया है। पार्टी जल्द ही प्रदेश अध्यक्ष के नाम का भी ऐलान कर सकती है। बीजेपी रविवार को यूपी के 80 जिलों में अध्यक्ष के नाम का ऐलान कर सकती है।

### एनटीए ने जारी किया सीयूईटी का एडमिट कार्ड

**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए ने 21 से 25 मार्च तक होने वाली सीयूईटी पीजी परीक्षाओं के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिया है, जो भी उम्मीदवार इन तारीखों पर होने वाली परीक्षाओं में शामिल होंगे।

## सीएम आवास पर 'फागोत्सव'

### होली का त्यौहार जीवन में खुशियों का रंग भरता है

# विकसित राजस्थान के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्धता से कर रही कार्यः सीएम शर्मा

### मुख्यमंत्री आवास पर दिनभर चला होली की रामा-श्यामा का दौर




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशभर के जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास पहुंचकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात की एवं होली पर्व की रामा-श्यामा की। मुख्यमंत्री ने आवास पर फागोत्सव कार्यक्रम में प्रदेशभर से आए जनप्रतिनिधियों एवं आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि होली रंगों का त्यौहार है, यह हमारे जीवन में भी अनेक खुशियों के रंग भरता है। उन्होंने कहा कि यह पर्व हमारे आपसी सौहार्द और प्रेम को बढ़ाता है। कार्यक्रम में लोक कलाकारों ने धरती धोरां री........मेरे देश की धरती....सहित होली पर्व के स्थानीय गीतों की भी सुंदर प्रस्तुतियां दी। मुख्यमंत्री ने सभी आगंतुकों के चंदन का टीका लगाया और आत्मीयता से मिलते हुए सभी का अभिवादन स्वीकार किया। साथ ही, होली त्यौहार की रामा-श्यामा भी की। मुख्यमंत्री शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार युवा, महिला, मजदूर और किसान की खुशहाली के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन और नेतृत्व में विकसित भारत बन रहा है। साथ ही, विकसित राजस्थान के लिए भी हमारी सरकार पूर्ण प्रतिबद्धता से निरंतर कार्य कर रही है।







### दिनभर चला शुभकामनाओं का दौर

प्रदेशभर के दूर-दराज क्षेत्रों जैसलमेर, बाड़मेर, जोधपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, राजसमंद, भरतपुर, कोटा, बारां आदि जिलों से भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष, जिला पदाधिकारीगण, मण्डल अध्यक्ष स्तर के कार्यकर्ता होली की रामा-श्यामा करने मुख्यमंत्री आवास पहुंचे। मंच के ठीक सामने ढप एवं चंग के साथ शेखावाटी के कलाकारों कीमंडली ने अपनी प्रस्तुति से माहौल को खुशनुमा बना दिया। वहीं 8दूसरी ओर राजस्थान के प्रसिद्ध गायक प्रकाश माली ने भी अपनी प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## उत्तर मैसेडोनिया के नाइट क्लब में भयंकर आग लगी

# 51 लोगों की मौत और 100 गंभीर घायल





**स्कोप्जे।** उत्तर मैसेडोनिया के दक्षिणी शहर कोकानी के एक नाइट क्लब में शनिवार देर रात लगी भीषण आग में 51 लोगों की मौत और 100 अन्य घायल हो गए। अग्निशमन विभाग जब तक मदद को पहुंचता, तब तक इन लोगों की जान जा चुकी थी। घायलों में कई की हालत गंभीर है, जिन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। गृह मंत्री पांसे तोशकोवस्की ने यह जानकारी को दी। गृह मंत्री ने बताया कि आग देर रात 2.35 बजे एक स्थानीय पॉप समूह के संगीत कार्यक्रम के दौरान लगी। क्लब में जाने वाले युवाओं ने आतिशबाजी की जिससे आग लग गई। परिवार के सदस्य अस्पतालों और कोकानी में कार्यालयों के सामने एकत्र होकर अधिकारियों से इस संबंध में अधिक जानकारी देने की गुहार लगा रहे हैं। पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, लेकिन उन्होंने विस्तृत जानकारी नहीं दी है।

# पाक में एक और धमाका, 90 सैनिकों की मौत



### सुरक्षा बलों की कई बसों में ब्लास्ट

### पाक मुस्लिम लीग-नवाज ने की हमले की निंदा

**क्वेटा।** पाकिस्तान में ट्रेन हाईजैक के बाद लगातार आतंकी हमले हो रहे हैं। एक और नए धमाके से पाकिस्तान दहल गया है। इस धमाके में पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के 90 जवानों की मौत होने का दावा किया गया है।

यह दावा पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) के एक युवा नेता ने किया है। यह धमाका अशांत दक्षिण-पश्चिमी पाकिस्तान में रविवार को हुआ, जहां सुरक्षा बलों को ले जा रही एक बस के पास सड़क किनारे बम विस्फोट हुआ। स्थानीय पुलिस प्रमुख जफर जमानानी ने बताया कि यह हमला बलूचिस्तान के नौशकी जिले में हुआ। विस्फोट से पास की एक अन्य बस भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मृतकों और घायलों को पास के अस्पताल ले जाया गया।

### किसी ने नहीं ली हमले की जिम्मेदारी

बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने हमले की निंदा की। किसी ने तत्काल जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन संदेह प्रतिबंधित बलूच लिबरेशन आर्मी पर जा रहा है, जिसने कुछ दिन पहले एक ट्रेन पर घात लगाकर हमला किया था, उसमें सवार करीब 400 लोगों को बंधक बनाया था और 26 लोगों को मार डाला था। इस हमले में बलूचिस्तान पोस्ट ने भी 90 पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के जवानों के मारे जाने का दावा किया है। यह दावा बलूचिस्तान ने बीएलए के हवाले से किया है। साथ ही धमाके के बाद की तस्वीरें भी एक्स पर शेयर की हैं।

## तेज प्रताप का कटा चालान

### ना बीमा, ना पॉल्यूशन बिना हेलमेट के चलाई स्कूटी

**पटना।** होली के दिन 14 मार्च को लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे और बिहार सरकार के पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव का जहां एक तरफ बॉडीगार्ड से डांस करवाने का वीडियो वायरल हुआ। वहीं, दूसरी तरफ बिना हेलमेट के स्कूटी चलाने का भी एक वीडियो सामने आया है। अब पुलिस ने इस पर एक्शन लिया है। ट्रैफिक पुलिस ने तेज प्रताप यादव का चार हजार रुपए का चालान काटा है। इन चार हजार रुपए के चालान में 1000 रुपए का चालान हेलमेट नहीं पहनने, 2000 का चालान इंश्योरेंस और 1000 रुपए का चालान पॉल्यूशन खत्म होने की वजह से लगाया है। पटना पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने सिपाही दीपक पर एक्शन लिया है। दीपक को तेज प्रताप की सुरक्षा से हटा दिया है और बॉडीगार्ड को लाइन हाजिर भी कर दिया गया है।

# माता वैष्णो देवी मंदिर में टूटा 5 साल का रिकॉर्ड

### इस साल 94 लाख से अधिक भक्तों ने किए दर्शन

### चढ़ावे में आया नौ किलो सोना और 27 किलो चांदी

**जम्मू।** माता वैष्णो देवी मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं ने दान के पिछले 5 साल के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। भक्त माता के दरबार में दिल खोलकर दान कर रहे हैं। एक खबर के अनुसार माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने जानकारी दी है कि जम्मू और कश्मीर के माता वैष्णो देवी मंदिर में भक्तों ने वित्तीय वर्ष 2024-25 (जनवरी तक) में 171.90 करोड़ रुपए का दान दिया है। वित्त वर्ष 2020-21 की बात करें तो यह 63.85 करोड़ रुपए था। 2024-25 में 27.7 किलोग्राम सोना और 3424 किलोग्राम चांदी दान की गई है। वहीं, 2020-21 में 9 किलोग्राम सोना और 753 किलोग्राम चांदी दान की गई थी।

बता दें कि जम्मू निवासी एक आरटीआई कार्यकर्ता ने एक याचिका दायर कर श्राइन बोर्ड से दान की जानकारी मांगी थी। मंदिर बोर्ड ने अब इस याचिका के जवाब में दान का रिकॉर्ड पेश किया है। मंदिर बोर्ड के अनुसार वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान 166.68 करोड़, 2022-23 के दौरान 223.12 करोड़ रुपए श्रद्धालुओं ने दान किए। वहीं, वित्त वर्ष 2023-24 में 231.50 करोड़ और 2024-25 में 171.90 करोड़ रुपए का दान भक्तों ने किया है। कोरोना काल के दौरान 17.20 लाख भक्तों ने रियासी जिले की त्रिकुटा पहाड़ियों में स्थित माता रानी के दरबार में हाजिरी लगाई थी। कोविड के दौरान लगभग 5 महीने तक मंदिर बंद रहा था। इसके बाद 16 अगस्त 2020 को इसे दोबारा खोला गया था। मंदिर के बेहतर प्रबंधन के लिए 1986 में श्राइन बोर्ड की स्थापना की गई थी। हर साल यहां आने वाले भक्तों की संख्या में इजाफा हो रहा है। 2012 में 1.04 करोड़ भक्तों ने माता रानी के दरबार में हाजिरी लगाकर रिकॉर्ड तोड़ा था। पिछले साल लगभग 1.01 करोड़ भक्तों ने माता रानी के दर्शन किए।

## जयपुर में बिजनेसमैन के भाई का किडनैप

### दो दिन से मिल रही थी धमकियां, जान से मारेंगे

**जयपुर।** जयपुर में एक बिजनेसमैन के भाई को किडनैप करने का मामला सामने आया है। पिछले दो दिन से बिजनेसमैन को कॉल पर धमकियां मिल रही थी। भाई को किडनैप कर बिजनेसमैन को कॉल कर धमकाया- अब इसे जान से मारेंगे। करधनी थाने में पीड़ित बिजनेसमैन ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। एसआई चमनलाल ने बताया कि झोटवाड़ा की गुर्जर कॉलोनी के रहने वाले बिजनेसमैन मुकेश ने करधनी थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पिछले दो दिन से उनके पास धमकी भरे कॉल आ रहे थे। धमकाया जा रहा था- तु जयपुर छोड़ दें, बिजनेस छोड़ दे। नहीं तो तुझे और तेरे परिवार को उठा के जान से मार देंगे। शुक्रवार रात को बदमाशों ने करधनी इलाके में स्थित उनके गोदाम से चचेरे भाई को उठा लिया।

# सुनीता को लेने स्पेस पहुंचा स्पेसक्राफ्ट

## 19 मार्च को पृथ्वी पर लौटने की संभावना



*__वाशिंगटन।__ इलॉन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स का स्पेसक्राफ्ट ड्रैगन करीब 28 घंटे बाद इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंच गया है। आज 16 मार्च को भारतीय समयानुसार सुबह 9.40 बजे इसने डॉकिंग की और 11.05 बजे हैच ओपन हुआ। ये स्पेसक्राफ्ट 9 महीने से स्पेस स्टेशन में फंसी भारतीय मूल की अमेरिकी एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को पृथ्वी पर वापस लाएगा। चार मेंबर की क्रू-10 टीम ने शनिवार को स्पेस एक्स के फॉल्कन 9 रॉकेट से भारतीय समयानुसार सुबह करीब 4.30 बजे उड़ान भरी थी। केनेडी स्पेस सेंटर से इसे लॉन्च किया गया था। क्रू-10 के स्पेस स्टेशन पहुंचने के बाद अब वहां मौजूद क्रू-9 के एस्ट्रोनॉट निक हेग, अलेक्सांद्र गोरबुनोव के साथ सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट में पृथ्वी पर लौटेंगे। ये चारों एस्ट्रोनॉट 19 मार्च को स्पेस स्टेशन से पृथ्वी पर लौट सकते हैं।*

### सुनीता और विल्मोर को स्पेस स्टेशन पर क्यों भेजा गया था?

सुनीता और बुच बोइंग और नासा के जॉइंट 'क्रू फ्लाइट टेस्ट मिशन' पर गए थे। इसमें सुनीता, स्पेसक्राफ्ट पायलट थीं। उनके साथ गए बुच विल्मोर इस मिशन के कमांडर थे। दोनों को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में 8 दिन रुकने के बाद वापस पृथ्वी पर आना था। इस मिशन के लिए बोइंग का स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट 5 जून 2024 को रात 8.22 बजे एटलस वी रॉकेट के जरिए लॉन्च हुआ था। स्पेसक्राफ्ट 6 जून को रात 11.03 बजे स्पेस स्टेशन पहुंचा था। इसे रात 9.45 बजे पहुंचना था, लेकिन थ्रस्टर में परेशानी आ गई थी। इस मिशन का उद्देश्य स्पेसक्राफ्ट की एस्ट्रोनॉट्स को स्पेस स्टेशन तक ले जाकर वापस लाने की क्षमता साबित करना था। एस्ट्रोनॉट्स को स्पेस स्टेशन पर 8 दिन में रिसर्च और कई एक्सपेरिमेंट भी करने थे। इस मिशन के दौरान उन्हें स्पेसक्राफ्ट को मैन्युअली भी उड़ाना था।

# स्वतंत्रता सेनानी कुशल सिंह राठौड़ की 13वीं पुण्यतिथि पर शहरवासियों ने दी श्रद्धांजलि



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी संघ के तत्वावधान में दादू भवन में स्वतंत्रता सेनानी कुशल सिंह राठौड़ की 13वीं पुण्यतिथि का आयोजन वरिष्ठ भाजपा नेता टोपन दास नन्दवानी की अध्यक्षता में किया गया। पूर्व उप-सभापति मो. हुसैन निर्वाण ने कहा कि राठौड़ सदैव सत्य एवं न्याय के पक्षकर रहे तथा जन आंदोलनों के लिए उन्हे हमेशा याद किया जाएगा। भाजपा नेता नन्दवानी ने कहा कि व्यक्ति पद से बड़ा नहीं होता है। विचार और आचरण ही बड़े होते हैं। कुशल सिंह राठौड़ के विचार और आचरण बड़े थे जिन्होंने जन आंदोलन के जरिये स्वतंत्रता, समानता और लोकतंत्र एंव समाज वाद की मूल पहचान हेतु मूल्यों को जिया। मो. हुसैन निर्वाण ने उन्हे संघर्षशील समाजवादी प्रखर पत्रकार एंव सम्मानित शिक्षक एंव लोकतंत्र का योद्धा बताया एवं कहा कि राठौड़ सदैव सत्य व न्याय के पक्षधर रहे तथा धार्मिकता के नाम पर आज जो अधिनायकवाद प्रच्छन्न रूप से हावी हो रहा है, नई पीढ़ी को इसके विरूद्ध खड़ा होना होगा। नई पीढी को राठौड़ के जीवन से प्रेरणा लेकर कार्य करना होगा। करणी सेना के जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ढाढर ने राठौड के नाम से चूरू के मुख्य मार्गों की सड़कों का नामकरण करने की मांग की। वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता सज्जन सिंह मठोडी ने राठौड को जन-समस्याओं का पर्याय बताया। ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष महेश बावलिया ने उनके नाम से ट्रस्ट बनाने की मांग की। कार्यक्रम में सभी वक्ताओं ने चूरू शहर में स्वर्गीय राठौड़ के नाम से सार्वजनिक पुस्तकालय बनाने एवं सार्वजनिक स्थान पर उनकी स्टेच्यू (मूर्ति) स्थापित करने की मांग की। कार्यक्रम को सामाजिक कार्यकर्ता महावीर सिंह मौकावत, सीताराम डाबी, आलोक सिंह टकणेत, अभिभाषक संघ के अध्यक्ष नरेन्द्र सैनी, निवर्तमान अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा, मो. सब्बीर एडवोकेट, पत्रकार देवराज लाटा, सुदेश शर्मा, भंवरलाल शर्मा, राजीव बहड़, आमीन खान ऐलमाण, महेश मिश्रा, कालुराम महर्षि, शिव सिंह राठौड़, जगमाल सिंह टकणेत, रणजीत सिंह टकणेत, बुद्वराम प्रजापत, हनुमान स्वामी एडवोकेट, औम प्रकाष शर्मा, ईकबाल खिलजी, एडवोकेट मुकेश जाखड़, आनन्द प्रजापत, रतन बरोला, गौरीशंकर शर्मा, अजय दाधीच, योगेश गौड़, जाकिर हुसैन आदि ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राठौड़ के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाष डाला। आयोजन में मानवेन्द्र सिंह, विरेन्द्र सिंहह, सत्येन्द्र सिंह, धीरेन्द्र सिंह, कर विभाग हनुमानगढ़ की उपायुक्त शकुन्तला शेखावत, एडवोकेट उपेन्द्र सिंह, निखिल, जयवर्द्धन आदि ने राठौड़ के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। संचालन अधिवक्ता सद्दाम हुसैन ने किया।

## रामवतार शर्मा विप्र फाउंडेशन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** विप्र फाउंडेशन के कार्यकर्ता रामवतार शर्मा को विप्र फाउंडेशन की राष्ट्रीय कार्यकारणी में लिया गया है। मीडिया प्रभारी डॉ श्रवण महर्षि ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा की अनुशंसा से डॉ. सुनील शर्मा राष्ट्रीय महामंत्री ने एक आदेश जारी कर चूरू के रामवतार शर्मा को राष्ट्रीय कार्यकारणी में सदस्य बनाया गया है।

## 'पर्यावरण के प्रति गंभीर होना होगा'



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** समाज के हर नागरिक को पर्यावरण के प्रति गंभीर होना चाहिए और यह मिशन तभी पूरा हो सकता है जब हम पेड़ पौधों के प्रति रुचि लेंगे। यह बात सादुलपुर विधायक मनोज न्यांगली ने कालीरावना टायर्स ईश्वरवाल में आरपीएसएस के प्रधान संजय बुशान पर्यावरण विषय पर बातचीत करते हुए कही। सादुलपुर विधायक मनोज ने न्यांगली ने कहा कि आज हर व्यक्ति को अगर ऑक्सीजन चाहिए तो पर्यावरण के प्रति गंभीर होना होगा अगर समय रहते हम पर्यावरण के प्रति गंभीर नहीं हुए तो आने वाले समय में पृथ्वी पर जीवन असंभव हो जाएगा इसलिए प्रत्येक मानव पेड़-पौधे लगाते रहना चाहिए न्यांगली ने कहा की कॉविड-19 के समय पर्यावरण के प्रति गंभीर नहीं होने के कारण ऑक्सीजन की बहुत बड़ी समस्या हो गई थी इसलिए हर व्यक्ति को ऑक्सीजन के प्रति गंभीर होना होगा और इसके प्रति गंभीर होने का सीधा-सीधा यह दिखाई देता है कि पेड़-पौधों के प्रति गंभीर होना होगा। इस दौरान आरपीएसएस ब्लॉक के प्रधान संजय बुशान ने कहा कि आज हम इस बात के प्रति जरा सा भी गंभीर नहीं है कि पृथ्वी पर पेड़-पौधे अत्यधिक लगाने चाहिए। हर मानव को इसके लिए समय-समय पर प्रचार-प्रसार करना चाहिए कि पेड़ नहीं है तो ऑक्सीजन भी नहीं है और ऑक्सीजन नहीं है तो हमारी जिंदगी भी संभव नहीं है इसलिए पेड़ पौधों के प्रति मानव को जागरूक होना होगा बुशान ने कहा कि जन-जन को इस बात का संदेश देना चाहिए कि पेड़ पौधों के प्रति सचेत और सावधान होंगे तभी जाकर हम पृथ्वी पर मानव जीवन को बचा पाएंगे इसलिए हर मानव का यह कर्तव्य बन जाता है कि कोई ना कोई शुभ अवसर पर पेड़ पौधे लगाते रहना चाहिए। इस अवसर पर कालीरावना टायर्स के संचालक सचिन कालीरावणा टायर्स राधा छोटी ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच बलबीर सिंह पूनिया, दिनेश कुमार काजला हरिपुरा, अक्षय कुमार भारीवास विकास चौधरी, कैप्टन महेंद्र सिंह शयोरण, शमशेर सिंह मंडोली कला सत्यवान हसान आदि उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### परिवहन विभाग की बिना कर चुकाए संचालित वाहनों के विरूद्ध की कार्रवाई

139 वाहन किए सीज, वसूला 38 लाख का राजस्व

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** भार वाहनो के स्वामियों को वार्षिक टैक्स जमा कराने के लिए 15 मार्च तक का समय था। अभी तक कार्यालय में 20 हजार वाहनों मे से 7582 वाहनों के वाहन स्वामियो ने कर जमा किया है। राजस्व लक्ष्य की पूर्ण प्राप्ति के लिये 15 मार्च के बाद परिवहन विभाग ने बिना कर जमा कराये वाहनों के विरुद्ध सघन जांच प्रारम्भ कर दी है जिसके अंतर्गत शनिवार को 139 वाहनों के चालान बनाकर उनको सीज किया जाकर उनसे कर एवं प्रषमन राशि की 38 लाख रूपये का अर्जन किया गया। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि 15 मार्च तक टैक्स जमा नही कराने वाले वाहनो पर शिकंजा कसा जा चुका है तथा ऐसे वाहनों के विरुद्व सघन चैकिंग अभियान चलाकर सख्त कार्यवाही की जा रही है। समस्त बकाया भार वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि सघन चैकिंग अभियान के अन्तर्गत प्रवर्तन कार्यवाही एवं अपने वाहन की जप्ती से बचने के लिये वह अपने वाहनों का कर आज ही आवश्यक रुप से जमा करावाए अन्यथा बकाया कर वाले वाहनों के खिलाफ 10500 प्रशमन राशि वसूली जाएगी जिसके लिये वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### रमजान माह में तीन दिवसीय भण्डारा शुरू



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** ऑल युवा मुस्लिल सेवा संस्थान की ओर से नई सड़क स्थित एक नोहरे में रमजान माह के तहत तीन दिवसीय भंडारे की शुभारंभ किया। संस्थान के जिलाध्यक्ष संजय खान घांघू ने बताया कि रमजान माह में हर वर्ष की भांति संस्थान की ओर से तीन दिन जरूरतमन्दों को खाना खिलाया जाता है। संस्थान अध्यक्ष खान ने बताया कि संस्थान लगतार 2012 से जरूरतमंद बच्चियों की शादी करवा रहा है। संस्थान की ओर से लोगों ब्लड दिलवाना, बुजुर्ग दम्पति को मुश्किल हालत में गोद लेना, कंबल वितरण करना, दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल उपलब्ध करवाना, आपदा में शहर के लोगों की मदद करना। कोरोना जैसी महामारी में लोगों की हर सम्भव मदद करना आदि सेवाभावी कार्य को लगातार करवाता आ रहा है। इस मौके पर मकसूद खान,निजामुदीन खान, खुर्शीद खलीफा, अहमद खान, इदरीश खान, आसिफ लुहार, हुसैन खान, साकिर लुहार व खलील काजी आदि सहित संस्थान के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### विप्र महिला मंडल का होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** तारीख रविवार विप्र महिला मंडल द्वारा होली स्नेह मिलन समारोह चमत्कारेश्वर लक्ष्मी नारायण मंदिर में उत्साह पूर्वक मनाया गया विनीता शर्मा द्वारा गेम्स खिलाए। इस अवसर पर अध्यक्ष विजय लक्ष्मी पारीक, सचिव माया जोशी, कोषाध्यक्ष सरला शर्मा, अचला शर्मा, स्नेहलता शर्मा, उषा दयाल, उषा शर्मा, सुषमा, अनुसुया, सुनीता, चंदा, शशि, उषा चोटियां, सुलोचना, आनंद बाला, प्रेमलता ने सभी को एक-दूसरे को रंग लगा खुशहाली की कामना की।

### होली मिलन समारोह आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** ददरेवा ग्राम पंचायत की ओर से होली मिलन समारोह आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि चूरू सांसद राहुल कस्वां, विशिष्ट अतिथि तारानगर विधायक वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नरेंद्र बुडानिया व तारानगर प्रधान संजय कस्वां के द्वारा ददरेवा गौशाला में सांसद कोष से बना हुआ। टीन शेड का उद्घघाटन किया गया तथा बाद में उप तहसील कार्यालय के सामने सभा को संबोधित किया गया तथा तारानगर विधायक नरेंद्र बुडानिया ने बस स्टैंड से लेकर गौशाला बस स्टैंड से लेकर गौशाला तक सडक़ बनाने की घोषणा की तथा नायकों की ढाणियों में विद्युतीकरण करवाने तथा वार्ड नंबर 10 में पानी भराव की निकासी के लिए नाला निर्माण की इंग्लिश मीडियम स्कूल में दो कमरे सांसद कोष से तथा एससी समाज की धर्मशाला नाथ समाज की चारद्वारी देने की घोषणा की गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सरपंच जय सिंह सैनी व बलवान कालेरा ने की इस मौके पर गांव के गणमान्य संतलाल सरावगी, ओम महला, राम प्रसाद कोठारी, बनवारी लाल, मोहन खिचड़, महावीर लोहार, जय सिंह नाथ, किशन माहिच, पूर्व सरपंच रमेश खांडा, भीम सिंह, राजकुमार कारेला, महेश नाई, समर नाई आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### ग्राम विकास कार्यों पर की चर्चा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** तहसील के हरियाणा निकटवर्ती गांव भाकरां में राधा बड़ी ग्राम पंचायत सरपंच रामनिवास मितड और मेघवाल विकास समिति अध्यक्ष नेतराम मेहरा ने दशोठन समारोह में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों के साथ गांव के विकास कार्यों पर चर्चा की। सरपंच रामनिवास मितड ने बताया कि गांव में साफ-सफाई पक्की गलियां और अतिक्रमण मुक्त गांव की गलियां पत्थर मुक्त हो चुकी है लेकिन एक बार फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत विशेष अभियान चलाया जाएगा जो गांव के मुख्य बस स्टैंड से बाबा श्योपुरी धाम मंदिर परिसर तक विशेष रूप से साफ सफाई एवं अतिक्रमण मुक्त गांव को दिया जाएगा।

# पक्षी संरक्षण साइकिल यात्रा का स्वागत किया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** नेचर एनवायरमेंट एण्ड वाइल्डलाइफ सोसायटी न्यूज ताल छापर सुजानगढ़ के गौरैया बचाओ अभियान के तहत सम्पूर्ण चूरू जिले की साइकिल यात्रा का सुजानगढ़ पहुंचने पर स्थानीय विधायक मनोज कुमार मेघवाल ने माला पहना कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर विधायक मनोज कुमार मेघवाल ने कहा कि संस्था का यह प्रयास बहुत सराहनीय हैं क्योंकि पक्षी संरक्षण के लिए जन जागरूकता की अब नितांत आवश्यकता हैं। उन्होंने कहा कि पहले बहुत तादाद में पक्षी दिखाई देते थे मगर अब धीरे-धीरे लुप्त हो रहे हैं, ऐसे प्रयासों से उनके संरक्षण की तरफ ध्यान दिया जायेगा। इससे पूर्व संस्था के संरक्षक डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने विधायक को इस यात्रा के सम्बन्ध में बताया। संस्था के अध्यक्ष कन्हैयालाल स्वामी ने विधायक का दुपट्टा ओढ़ा कर और बर्ड फीडर भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री स्व.मास्टर भंवरलाल मेघवाल की धर्मपत्नी केसरदेवी ने साइकिल यात्रियों को मीठाई खिला कर उनको इस अभिनव यात्रा के लिए बधाई दी।

# बकेट चैलेंज के साथ लोगों को जोड़ नशे के विरुद्ध किया जागरूक



**सादुलपुर।** पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह, भापुसे, के दिशा-निर्देशों से हरियाणा में बकेट चैलेंज के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए निरंतर प्रेरित किया जा रहा है। ब्यूरो के पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा, भापुसे और पुलिस अधीक्षक पंखुड़ी कुमार के नेतृत्व में यह कार्यक्रम सोशल मीडिया के माध्यम से भी जन जन तक पहुंच रहा है। युवा, खिलाड़ी, समाज के प्रतिष्ठित लोग और सामान्य जन इस आंदोलन में सहभागिता कर अपने को गौरवान्वित अनुभव कर रहे है। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो द्वारा गाँव गाँव और शहर शहर में नशे के विरुद्ध एक बड़ा आंदोलन छेड़ा गया है। इस कड़ी में आज हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो द्वारा बकेट चैलेंज के साथ जन जन को जोड़ा जा रहा है ताकि यह एक आंदोलन के रूप में लोगों के मस्तिष्क और आत्मा में आत्मसात होकर नशा मुक्त भारत के स्वप्न को साकार कर सके। उच्चाधिकारियों के आदेश से आज फरीदाबाद में यह कार्यक्रम हुए जिसमें सामान्य लोगों को इस अभियान से जोड़ा गया।

# नामदेव दर्जी समाज का होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित



**चूरू।** श्री नामदेव सेवा समाज समिति की ओर से नामदेव मन्दिर में होली स्नेह मिलन समारोह राजेश झेडू की अध्यक्षता में मनाया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम भगवान श्री विट्ठल और संत नामदेव महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर प्रार्थना व पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर समिति के कोषाध्यक्ष निरजंन ऊंटवाल ने समाज बंधुओं से आगामी होने वाले विभिन्न कार्यो एवं समाज के विकास को लेकर चर्चा की और सुझाव मांगे। इस मौके पर समिति की कार्यकारिणी का विस्तार भी किया गया। कार्यक्रम में विजय झेडू,रतन लाल कोकचा, बनवारी लाल गादा, शंकर लाल डिडवानिया, रविशंकर कायथ, श्यामसुन्दर कोकचा, मूलचन्द मूसला, दिनेश लखमरा, मनोज झेडू, पवन बेदी,यशवंत पूर्वा, राजेश वर्मा सहित अनेक गणमान्य मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में मन्दिर के पुजारी ओमप्रकश पारीक ने सभी को तिलक लगाया।

# तारानगर में जाट महासभा ने होली स्नेह मिलन मनाया



**सादुलपुर।** तारानगर के जाट विकास संस्थान में राजस्थान जाट महासभा के तहसील अध्यक्ष हरीसिंह बेनीवाल की अध्यक्षता में रविवार को होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें समाज के गणमान्य लोगों द्वारा समाज में फैली विभिन्न कुरीतियों जैसे डीजे, मृत्युभोज, दहेज को पूर्ण रूप से बंद करने तथा युवाओं में बढ़ते नशे की प्रवृत्ति पर कैसे रोक लगाई जावे आदि पर विचार व्यक्त किए गए तथा तथा एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। जीताराम जांदू ने कार्यक्रम का संचालन किया। समारोह में पूर्व प्रधान तिलोकाराम कस्वां, मदन कालेरा, गिरधारी सिहाग, जीतूसिंह तेतरवाल, भोजराज महला, रामस्वरूप झाझडिया, ओमप्रकाश भाकर, शीशपाल धींधवाल, श्रवण सहारण, भागीरथ भाकर, मांगीलाल कुलडिया, रामप्रसाद सहारण, रोहित भाकर, विजय सुंडा, विक्रम सहारण, अनिल नुइयाँ, अरविंद लंबोरिया, रामजीलाल, बन्नेसिंह मोगा, राजेन्द्र भाकर, विजय बेनीवाल, डूंगरमल मील, मदन सिंह महला, पार्षद जयनारायण सहारण, सुभाष चन्द्र, ओमप्रकाश हुड्डा, दलीप रेप्सवाल, अनिल, प्रमोद पूनियां, बलराम मोगा, विनोद पिलानिया, मानसिंह बिजारनिया, धर्मपाल सिंह फोगावट, सहीराम महला, भगतसिंह भाकर सहित समाज के सैंकड़ो गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पदोन्नति होकर अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारियों का सम्मान



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** जिला मुख्यालय स्थिति श्री विश्वकर्मा मंदिर प्रांगण में आयोजित हुआ हाल ही में पदोन्नति होकर अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी शिक्षा विभाग सुनील कुमार जांगिड़ ओर पदोन्नति होकर अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी नगर परिषद बने अंकुर जांगिड़ का अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष नीरज जांगिड़ ने कहा कि समाज के गौरव सक्रिय युवा, कर्मठ कार्यकर्ता सबको साथ लेके चलने वाले सुनील कुमार जांगिड़ और अंकुर जांगिड़ दोनों पदोन्नति होकर अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी बनने पर आज उनका अभिनंदन किया गया ये हम सभी के लिए गर्व की बात है, जांगिड़ ने कहा कि जांगिड़ समाज हाथ में हुनर व स्किल का मालिक है ओर स्वाभिमानी समाज हैं और नर को नारायण मानकर सेवा भाव से कार्य करने ओर पूर्ण निष्ठा से सभी का समान भाव से कार्य करते हैं। साथ ही जांगिड़ ने बताया कि आने वाले समय में शिक्षा के प्रसार हेतु समाज के बच्चों के लिए कंपटीशन तैयारी हेतु कोचिंग की व्यवस्था करने का भी प्रयास किया जाएगा। जिससे कंपटीशन पास कर बच्चे राजकीय सेवा में सफलता प्राप्त करेंगे। कार्यकम की अध्यक्षता श्री विश्वकर्मा क्लब के अध्यक्ष हरिकिशन जांगिड़ ने कहा कि राजकीय सेवा में पदोन्नति होकर अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी बनने पर दोनों को शुभकामनाएं साथ हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी को जांगिड़ समाज में शिक्षा प्रसार करना होगा जिससे समाज के और भी बच्चे सुनील कुमार जांगिड़ अंकुर जांगिड़ से प्रेरणा लेकर राजकीय सेवा में अपना योगदान दें और ज्यादा समाज के बंदू राजकीय सेवा में जाए ओर ज्यादा बंदू पदोन्नति हो ये समाज परिवार और हम सब के लिए गर्व की बात है। जिला महामंत्री बुद्धरमल सिलक सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले समय में हम सभी को समाज से राजकीय सेवा में चयनित होने हेतु बच्चों के लिए करियर काउंसलिंग सेमिनार आयोजित करने होंगे जिससे बच्चे अपना लक्ष्य पहचान कर उसी दिशा में अध्ययन कर राजकीय सेवा में सम्मिलित हो सके इस कार्य हेतु सभी तहसील स्तर पर बच्चों के लिए करियर काउंसलिंग के लिए प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन बैजूराम जांगिड़ ने किया।

# नशे के विरूद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**सादुलपुर।** नशे के विरूद्ध जागरूकता कार्यक्रम को पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा, भापुसे और पुलिस अधीक्षक पंखुड़ी कुमार के नेतृत्व में यह कार्यक्रम सोशल मीडिया के माध्यम से भी जन जन तक पहुंच रहा है। युवा, खिलाड़ी, समाज के प्रतिष्ठित लोग और सामान्य जन इस आंदोलन में सहभागिता कर अपने को गौरवान्वित अनुभव कर रहे है। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो द्वारा गांव-गांव और शहर शहर में नशे के विरुद्ध एक बड़ा आंदोलन छेड़ा गया है। इस कड़ी में हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो द्वारा बकेट चैलेंज के साथ जन जन को जोड़ा जा रहा है ताकि यह एक आंदोलन के रूप में लोगों के मस्तिष्क और आत्मा में आत्मसात होकर नशा मुक्त भारत के स्वप्न को साकार कर सके। उच्चाधिकारियों के आदेश से आज फरीदाबाद में यह कार्यक्रम हुए जिसमें सेक्टर 8 के गणमान्य, विद्यालयों के प्राचार्यों, शिक्षकों, मानव सेवा समिति और सामुदायिक केंद्र सेक्टर 9 के गणमान्य लोगों को जोड़ा गया।

# वोल्यूमेट्रिक आंकलन और खनिज प्रबंधन में ड्रोन तकनीकों के उपयोग पर 19 को विशेषज्ञ व लीज धारकों के बीच संवाद

## मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा माइनिंग सेक्टर में लगातार सुधार और सरलीकरण

### » ड्रोन सर्वे क्षेत्र के विशेषज्ञ लीजधारकों को देंगे प्रस्तुतिकरण, नियम कायदों से भी कराएंगे रुबरु

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** माइनिंग सेक्टर में वोल्यूमेट्रिक आकलन और खनिज प्रबंधन में ड्रोन तकनीकों के उपयोग पर 19 मार्च को जयपुर में तकनीकी विशेषज्ञ प्रदेश के खनिज लीज धारकों से सीधा संवाद कायम करेंगे। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर आयोजन खान विभाग व राजस्थान माइंस एवं मिनरल्स लि. द्वारा आयोजित किया गया है। प्रमुख शासन सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम टी. रविकान्त ने बताया कि राज्य में आधुनिकतम तकनीक के उपयोग और पारदर्शी व्यवस्था के तहत 1 अप्रेल, 2025 से सभी अप्रधान खनिज लीज धारकों को लीज क्षेत्र और उसके पास के 100 मीटर क्षेत्र का ड्रोन/एरियल सर्वे कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने पिछले दिनों नई व्यवस्था के तहत ड्रोन/एरियल सर्वे में प्राप्त खनन रिपोर्ट और संबंधित लीजधारक द्वारा पूर्व में प्रस्तुत की गई रिपोर्ट में अंतर आने की स्थिति में राहत देने के लिए एकबारीय समाधान योजना घोषित की है। मुख्यमंत्री एवं खान मंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेश के खनिज लीज धारकों को नई व्यवस्था के संबंध में विशेषज्ञों व ड्रोन निर्माता कंपनियों से प्रजेटेंशन के माध्यम से अवेयरनेस की आवश्यकता प्रतिपादित की है।

प्रमुख सचिव माइंस टी. रविकान्त ने बताया कि वोल्यूमेट्रिर्क एसेसमेंट से खनन लीज क्षेत्र में धारक द्वारा किये गए वैध खनन, अवैध खनन या अन्य क्षेत्र के रवन्ना जारी होने की स्थिति साफ हो जाएगी। इस व्यवस्था की सबसे खास बात यह है कि खनिज लीज धारक द्वारा वोल्यूमेट्रिक एसेसमेंट कराकर प्रस्तुत करने से भविष्य के लिए विवाद नहीं रहेंगे।

रविकान्त ने बताया कि वोल्यूमेट्रिक आकलन और खनिज प्रबंधन में ड्रोन तकनीकों के उपयोग पर आयोजित कार्यक्रम के लिए अतिरिक्त निदेशक माइंस जयपुर महावीर प्रसाद मीणा को नोडल अधिकारी व अधीक्षण भूवैज्ञानिक संजय सक्सेना को सहप्रभारी बनाया गया है। लीज धारकों से सीधे संवाद में राजस्थान अप्रधान खनिज रियायती नियमों में ड्रोन सर्वे प्रावधानों की जानकारी देने के साथ ही आइडिया फोर्ज द्वारा खनन में ड्रोन सर्वे का अनुप्रयोग, गरुड सर्वे द्वारा ड्रोन सर्वे के माध्यम से खनन में उत्खनन का वोल्यूमेट्रिक आकलन, एमपीआरएसएस माइनिंग सोल्यूशन द्वारा खदानों में ड्रोन का अनुप्रयोग, वीएस सेफ्टी द्वारा खदानों के लिए सेवा के रुप में ड्रोन और एपीएसएल साल्यूशन द्वारा उत्खनन में ड्रोन सर्वे तकनीक और स्फेयर द्वारा डीजीसीए द्वारा ड्रोन सर्वे लाइसेंस के दिशा-निर्देश और प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी।

आरएसएमएम के एमडी भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि राज्य सरकार ने प्रदेश में हजारों की संख्या में लीजधारकों की सुविधा के लिए वोल्यूमेट्रिक आकलन के निर्देश और एकबारीय समझौता योजना जारी कर दी है। अब नई व्यवस्था लागू होने से पहले लीज धारकों को आवश्यक नियमों और प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए लीजधारकों व संबधित विशेषज्ञों को साझा मंच उपलब्ध कराया जा रहा है।

# केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने राज्यपाल बागडे से शिष्टाचार भेंट की



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से रविवार को राजभवन में केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने मुलाकात की। राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार मुलाकात थी। दोनों ने इस दौरान जैविक खेती और कृषि विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर संवाद किया।

# जयपुर में हत्या कर युवक का शव फेंका

## रस्सी से गला घोटकर मारा, हाईवे किनारे जलाया

**जयपुर।** जयपुर में हाईवे किनारे एक युवक की अधजली लाश मिलने से रविवार दोपहर दहशत फैल गई। रस्सी से गला घोटकर युवक की हत्या कर शव को ठिकाने लगाया गया है। मुहाना थाना पुलिस ने एफएसएल व डॉग स्क्वायड टीम की मदद से सबूत जुटाए। पुलिस वारदातस्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेजों को खंगालने के साथ ही मृतक की पहचान के प्रयास कर रही है।

थानाधिकारी (मुहाना) उदय यादव ने बताया कि नेवटा पुलिया के पास हाईवे किनारे एक युवक की अधजली लाश मिली है। दोपहर करीब 1.30 बजे लाश मिलने का पता चलने पर लोगों की भीड़ लग गई। लोगों की सूचना पर मुहाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने एफएसएल व डॉग स्क्वायड टीम की मदद से सबूत जुटाए। काफी प्रयास के बाद भी मृतक की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस प्रथमदृष्टया जांच में सामने आया है कि मृतक की उम्र करीब 35 साल है। रस्सी से गला घोंटकर उसकी हत्या की गई है। हत्या के लिए यूज रस्सी भी शव के पास पड़ी मिली है।

माना जा रहा है कि दूसरी जगह हत्या के बाद देर रात शव हाईवे किनारे ठिकाने लगाने के लिए फेंका गया। मृतक की पहचान छिपाने के लिए ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगाई गई। आग की लपटों को उठता देख पकड़े जाने के डर से हत्यारे भाग गए। इसके कारण शव पूरा जलने से बच गया। देर रात से अधजले शव के हाथ के पास का कुछ हिस्सा जंगली जानवरों ने भी नोच खाया है। मृतक की पहचान के प्रयास के साथ ही हत्यारों की तलाश में पुलिस टीमें जुट गई है।

# जयपुर में धुलंडी पर युवक के सीने में घोंपी बोतल

**जयपुर।** जयपुर में धुलंडी पर बोतल फोड़कर एक युवक के सीने में घोंपने का मामला सामने आया है। युवक दुकान पर शराब खरीदने क लिए गया था। ज्यादा रुपए देने से मना करने पर सेल्समैन से उसका झगड़ा हुआ था। सेल्समैन ने बीयर की बोतल फोड़कर हमला कर दिया। बिंदायका थाना पुलिस ने घायल युवक का हॉस्पिटल में प्राथमिक उपचार करवाया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि बिंदायका के रहने वाले अर्जुन बंजारा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। धुलंडी पर्व पर शाम करीब 5.30 बजे वह मुण्डियारामसर स्थित शराब दुकान पर गया था। सेल्समेन से बीयर मांगने पर उसने ज्यादा कीमत मांगी। प्रिंट रेट से ज्यादा रुपए देने से मना करने की बात को लेकर सेल्समैन से कहासुनी हो गई। ओवर रेट का विरोध करने पर गुस्साए सेल्समैन ने बीयर की बोतल फोड़कर उसके सीने के अंदर घुसा दी। लहूलुहान होने पर आस-पास के लोगों ने उसे संभालकर पुलिस को सूचना दी। घायल अर्जुन को प्राथमिक उपचार के लिए तुरंत हॉस्पिटल भिजवाया गया। पुलिस ने पीड़ित के बयानों के आधार पर शराब दुकान के सेल्समैन व अन्य व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# स्वच्छता सर्वेक्षण से पहले निगम अधिकारियों-कर्मचारियों की छुट्टियां कैंसिल

## वीकऑफ के दिन सफाई व्यवस्थाओं का जायजा लेने निकले अधिकारी



**जयपुर।** स्वच्छता सर्वेक्षण से पहले जयपुर नगर निगम ने अधिकारियों और कर्मचारियों की छुट्टियां कैंसिल कर दी है। रविवार को वीक ऑफ के दिन जयपुर नगर निगम हेरिटेज के अधिकारी और कर्मचारी शहर की सड़कों और कॉलोनियों में घूम सफाई व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। नगर निगम कमिश्नर अरुण कुमार हसीजा भी आज शहर के औचक निरीक्षण पर है। जहां वह सफाई व्यवस्था को बेहतर करने की कोशिशें में टूटे हुए हैं।

दरअसल, स्वच्छता सर्वेक्षण-2024 की टीम किसी भी वक्त राजधानी जयपुर पहुंच सकती है। जिसके बाद सर्वेक्षण टीम जयपुर के अलग-अलग इलाकों में घूम सफाई व्यवस्था के हालात और निगम द्वारा की गई व्यवस्थाओं की हकीकत को समझेगी। ऐसे में सर्वेक्षण टीम के जयपुर पहुंचने से पहले ही नगर निगम प्रशासन पूरी तरह एक्टिव मोड में आ गया है। सर्वेक्षण से पहले नगर निगम हेरिटेज के कमिश्नर ने जहां अधिकारियों और कर्मचारियों के रविवार के अवकाश को रद्द कर दिया गया है। वहीं, जिन भी अधिकारियों और कर्मचारियों ने सोमवार का अवकाश लिया था। उसे कैंसिल कर उन्हें भी शहर की सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने की जिम्मेदारी दी है।

नगर निगम कमिश्नर अरुण कुमार हसीजा ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण जयपुर के लिए एक महत्वपूर्ण पल है। यही कारण है कि शहर की सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी आज अवकाश के दिन भी काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर नगर निगम के स्तर पर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। लेकिन इसमें निगम के साथ ही आम जनता की सहभागिता भी काफी जरूरी है। इसलिए मैं जनता से भी शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की अपील करता हूं। ताकि ऑल इंडिया रैंकिंग में राजधानी जयपुर की रैंक में सुधार लाया जा सके। बता दें कि जयपुर में सोमवार सुबह से स्वच्छता सर्वेक्षण की शुरुआत हो सकती है।

इस दौरान सर्वेक्षण टीम शहर के अलग-अलग इलाकों का औचक निरीक्षण करेगी। जहां वह सफाई व्यवस्था के साथ ही आम जनता के सिविक सेंस और नगर निगम द्वारा कचरे के प्रबंधन को लेकर की गई व्यवस्था को समझ अंक देगी। उसी के आधार पर जयपुर नगर निगम को देशभर में स्वच्छता को लेकर रैंकिंग दी जाएगी।

# जयपुर में महिला को लूटने वाला गिरफ्तार

**जयपुर।** जयपुर पुलिस ने शनिवार रात एक लुटेरे को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीमें आरोपी के फरार साथी की तलाश में उसके ठिकानों पर सर्च कर रही है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लूटा गया मोबाइल बरामद किया है। डीसीपी (साउथ) दिगंत आनंद ने बताया कि लूट के मामले में आरोपी नीरज आचार्य (19) पुत्र जितेन्द्र कुमार निवासी महावीर नगर-बी मालपुरा गेट को अरेस्ट किया है। 20 फरवरी की शाम करीब 7.45 बजे मानसरोवर निवासी शिप्रा माथुर अपने घर के बाहर मोबाइल पर बात कर घूम रही थी।

इसी दौरान बाइक पर आए दो बदमाश उनका मोबाइल छीन ले गए थे। शिप्रापथ थाना पुलिस ने फुटेज के आधार पर बाइक सवार लुटेरों का रूट चार्ट बनाया। फुटेज के आधार पर दोनों बदमाशों को चिह्नित कर दबिश दी। लूट मामले में आरोपी नीरज आचार्य को अरेस्ट किया गया, जबकि उसका साथी नहीं मिला। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लूट का मोबाइल बरामद किया। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ के साथ ही फरार साथी की तलाश में दबिश दे रही है।

# नाटक ने दिया भाईचारे और एकता का संदेश

## रवीन्द्र मंच पर 'द रिलेशन' नाटक का प्रभावी मंचन



**जयपुर।** यूनिवर्सल थियेटर एकेडमी की ओर से रवीन्द्र मंच के मिनी थिएटर में बंगाल के कलाकारों की ओर से तैयार नाटक 'द रिलेशन' का शानदार मंचन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक और यूटीए अध्यक्ष केशव गुप्ता ने बताया कि इस नाटक का निर्देशन व लेखन रुपज्योति माहांतो ने किया है।

नाटक की कहानी एक मुर्गी और उसके चार बच्चों के इर्द-गिर्द घूमती है। मुर्गी जब अपने अंडों से बच्चों को निकलते देखती है तो बेहद प्रसन्न होती है, लेकिन हैरानी तब होती है जब वह बत्तख के दो नन्हे बच्चों को भी अपने साथ पाती है। थोड़ी असमंजस के बाद वह उन्हें भी अपने बच्चों की तरह स्वीकार कर लेती है। धीरे-धीरे बच्चों में आपसी झगड़ा होता है और परिवार में दूरी आ जाती है। लेकिन अंत में सभी अपनी गलती को महसूस कर, अपने मूल और माँ के प्रेम में लौट आते हैं। नाटक में बिना संवाद के फिजिकल थिएटर और संगीत के माध्यम से कहानी को खूबसूरती से पेश किया गया। भाईचारे, प्रेम और राष्ट्रीय एकता के गहरे संदेश को प्रभावी आंगिक अभिनय और जीवंत संगीत ने और सशक्त कर दिया।

विशेष रूप से नाटक में इस्तेमाल किए गए असमिया ट्राइबल गीतों और लाइव म्यूजिक ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अनन्या घोष, सौरव चक्रवर्ती, एरिना भौमिक, देबोब्रता पाल, अशोक कामिला, संतु साधुखा, अहन रॉयचौधरी और बिस्वजीत भौमिक ने अपने सशक्त अभिनय से पात्रों में जान फूंकी।प्रकाश व्यवस्था शुभोजित बंद्योपाध्याय, संगीत सौविक हालदार, शांतनु पांडा, प्रज्ञांश्री चौधरी, दीपक समाद्दार व मंच सज्जा अनिरुद्ध विश्वास द्वारा की गई। नाटक के अंत में दर्शकों ने कलाकारों की शानदार प्रस्तुति के लिए तालियों से अभिवादन किया। कार्यक्रम संयोजन केशव गुप्ता की ओर से किया गया।




# जयपुर गारमेंट क्लब ने मनाया होली स्नेह मिलन समारोह 2025

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**


**जयपुर।** जयपुर गारमेंट क्लब ने हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सभी ने लाइव म्यूजिक और फूलों से होली खेलकर धूमधाम से त्योहार मनाया।

इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष दीपक जैन, महासचिव अशोक गुप्ता, ट्रेजरार अमित जिंदल, जॉइंट सेकेट्री सिद्धार्थ जैन और उपाध्यक्ष केशव शुक्ल ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए उन्हें होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यकारिणी मेंबर्स शंकर जोशी, किशन भागचंदानी, धीरज बापलवत, मनीष गर्ग और पूर्व महासचिव प्रकाश चांडक ने भी सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के दौरान सभी सदस्यों ने एक-दूसरे के गले मिलकर होली की बधाईयां दीं और खुशियों का आदान-प्रदान किया। इस आयोजन ने सभी को एकजुट होकर होली के पर्व की खुशियों को साझा करने का अद्भुत अवसर प्रदान किया। जयपुर गारमेंट क्लब के इस समारोह ने न केवल सदस्यों के बीच भाईचारे को बढ़ावा दिया, बल्कि होली के रंगों और खुशियों को मनाने का एक शानदार अनुभव दिया।

# राजस्थान बुक फेस्टिवल में उमड़ा किताब प्रेमियों का सैलाब

## इंटरनेशनल और इंडियन राइटर्स की किताबें बनी आकर्षण का केंद्र




**जयपुर।** जवाहर कला केंद्र के साउथ विंग में आयोजित राजस्थान बुक फेस्टिवल में इन दिनों किताब प्रेमियों का उत्साह देखने लायक है। शहरभर से पुस्तक प्रेमी अपने पसंदीदा लेखकों की किताबें खरीदने के साथ-साथ एक-दूसरे को बुक्स रिकमेंड भी कर रहे हैं। इस मेले का आयोजन नेशनल आर्ट एंड क्राफ्ट फेयर के सहयोग से किया गया है, जो न केवल बुक लवर्स बल्कि लेखकों और प्रकाशकों के लिए भी मिलने की जगह बन गया है। बुक फेस्टिवल में उमड़ी भीड़ इस बात का प्रमाण है कि किताबों के प्रति जयपुरवासियों का प्रेम कम नहीं हुआ है।

फेस्टिवल में प्रवेश करते ही अलग-अलग विषयों पर आधारित हजारों किताबें लोगों को आकर्षित कर रही हैं। राजस्थान बुक फेयर के आयोजक ने बताया कि हर आयु वर्ग के लोग, चाहे वो 5 साल के बच्चे हों या 70 साल के बुजुर्ग, बड़ी संख्या में सुबह से लेकर देर शाम तक पुस्तक मेले का हिस्सा बन रहे हैं। सभी अपने-अपने पसंदीदा लेखकों की किताबें खरीदने में जुटे हैं। यहां भारतीय लेखकों के साथ-साथ दुनिया के मशहूर इंटरनेशनल राइटर्स जैसे जेके राउलिंग, डैन ब्राउन, स्टीफन किंग, डेनिएल स्टील, जेफ्री आर्चर, जॉर्ज आरआर मार्टिन और जोजो मोयेस की किताबें भी पाठकों को खूब आकर्षित कर रही हैं। फेस्टिवल में फ्रेश कलेक्शन के साथ-साथ कई रेयर और ओल्ड एडिशन्स भी उपलब्ध हैं, जो बुक कलेक्टर्स के लिए किसी खजाने से कम नहीं हैं।

**बच्चों के लिए खास सेक्शन:-** फेस्टिवल में बच्चों के लिए विशेष रूप से एक स्टोरीटेलिंग और क्रिएटिविटी सेक्शन तैयार किया गया है, जहां बच्चों की रुचि के अनुसार कला, विज्ञान, फोटोग्राफी और रोचक कहानियों की पुस्तकें उपलब्ध हैं। बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावक भी इस सेक्शन में समय बिता रहे हैं। बुक फेस्टिवल में किताबों की कीमत महज 50 रुपए से शुरू हो रही है, जिससे हर बजट के पाठक को अपनी पसंद की पुस्तक खरीदने का अवसर मिल रहा है।

**एक लाख से ज्यादा किताबें, हर विधा के पाठकों के लिए विकल्पः-** बुक फेस्टिवल में अलग-अलग शैलियों में लगभग एक लाख किताबें बिक्री के लिए रखी गई हैं। इसमें फिक्शन, नॉन-फिक्शन, मंगा, रहस्य, रोमांस, स्व-सहायता, बायोग्राफी से लेकर हिंदी साहित्य और भारतीय लेखकों की किताबें भी शामिल हैं। मेले में सेल्फ हेल्प बुक्स और प्रेरणादायक किताबों की भी खूब मांग देखी जा रही है। यहां हर वर्ग और रुचि के पाठक के लिए कुछ न कुछ मौजूद है। जयपुर हमेशा से अपनी सांस्कृतिक विरासत के साथ-साथ साहित्यिक रुचि के लिए भी जाना जाता है। यह बुक फेस्टिवल उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए न सिर्फ जयपुरवासियों को पढ़ने का एक सुनहरा अवसर दे रहा है, बल्कि नए पाठकों को भी किताबों की दुनिया से जोड़ रहा है। आयोजकों के अनुसार, अगले कुछ दिनों तक पुस्तक मेले में विभिन्न लेखकों के साथ संवाद सत्र, स्टोरीटेलिंग, बुक लॉन्च जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे, जिससे पाठकों और लेखकों के बीच सीधा संवाद स्थापित हो सके।

जागरूक टाइम्स
संपर्क करें
विज्ञापन देने के लिए
+91-9819170710
+91-9587022840
+91-8696111716
प्रति के लिए
9057203837
कार्यालय :- 0141-2743001
Email :- jtjaipur@gmail.com

# विश्व शांति महायज्ञ व रथयात्रा के साथ श्री सिद्धचक्र विधान का समापन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**जयपुर।** नारायण सिह सर्किल स्थित भट्टारक जी की नसियां में अष्टान्हिका पर्व के अवसर पर अंर्तमना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज की मंगल प्रेरणा व बोहरा परिवार की ओर से 5मार्च से चल रहे श्रीसिद्धचक्र विधान का समापन विष्व शांति महायज्ञ व श्री जी की निकली शोभायात्रा के साथ हुआ। इस दौरान गूंज रहे श्रीजी के जयकारों से आसपास का क्षेत्र भक्ति और आस्था के रंग में डूब गया। बोहरा परिवार के देवेन्द्र कुमार बोहरा ने बताया कि महोत्सव के अंतिम दिन आचार्यश्री चैत्य सागर जी महाराज के सानिध्य में धार्मिक क्रियाएं हुई। इसके बाद विश्व में खुशहाली व कामना के लिए विश्व शांति महायज्ञ हुआ। इस दौरान आसपास का क्षेत्र मंत्रों की मधुर स्वर लहरियों से गुजांयमान हो उठा। इस मौके पर आचार्यश्री ने विधान व महायज्ञ की महत्ता पर प्रकाश डाला। इसके बाद श्रीजी की रथयात्रा नसिंयां से बैंडबाजों के साथ शुरू हुई।

आयोजन से जुड़े पवन बोहरा ने बताया कि रथयात्रा में बोहरा परिवार के लोग श्री जी का लेकर चल रहे थे। रथ के आगे श्रद्धालु रोम-रोम से निकले प्रभुवन नाम तुम्हारा...कर लो जिनवर का गुणगान...जैसे भजनों पर नाचते-गाते हुए चल रहे थे, जिन-जिन मार्गो से यह जुलूस गुजरा, वे सभी मार्ग भक्ति और आस्था के रंग में डूबे नजर आए। रथयात्रा नारायण सिंह सर्किल के आसपास का भ्रमण करती हुई नसियां जी पहुंची, जहां पर बोहरा परिवार व अन्य श्रद्धालुओं ने श्रीजी के कलश हुए। आयोजन में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

# शिविर में मरीजों की नेत्र जांच



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** शेखावाटी अग्रवाल समाज संस्था द्वारा संजय एंड ज्योति अग्रवाल फाउंडेशन के तत्वावधान में 146वां निशुल्क लैंस प्रत्यारोपणन शिविर रविवार को विद्याधर नगर, सेक्टर 7 स्थित एक हॉस्पिटल में आयोजित किया गया। इस मौके पर शिविर में 204 मरीजों की आंखों की व 143 व्यक्तियों को चश्मे वितरित किए गए, साथ ही 20 व्यक्तियों को ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। संस्था के नथमल बंसल ने बताया कि इस दौरान शिविर में संजय एण्ड ज्योति अग्रवाल फाउंडेशन के प्रतिनिधि ज्योति अग्रवाल, कमलनयन बागला, सुरेश अग्रवाल, विनोद गुप्ता, अनिल सिंगड़ोदिया, विनोद बजाज, सुरेश सिंगडोदिया, रामसुंदर जयपुरिया राजकुमार लोहिया, दिलीप अग्रवाल, शिव कुमार जालान, अनिल शर्मा, राजेन्द्र सिंह व बलवंत सिंह उपस्थित हुए।

# श्री पंचदेव मंदिर स्वर्ण जयंती समारोह का दो दिवसीय धार्मिक आयोजन 16 और 17 अप्रेल को

## विश्व विख्यात भजन सम्राट अनूप जलोटा विशेष कार्यक्रम प्रस्तुत करने आएंगे, हजारों प्रवासी भक्त होंगे शामिल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** श्री बाबा गंगाराम धाम श्री पंचदेव मंदिर के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में दो दिवसीय स्वर्ण जयंती समारोह के अंतर्गत विभिन्न सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम श्रद्धा और भक्ति से आयोजित किए जाएंगे। झुंझुनूं की धरती गरिमामय प्रस्तुतियों से गुंजायमान होगी। समारोह में शामिल होने देश विदेश के कोने कोने से हजारों प्रवासी भक्त आएंगे। जिनके लिए समुचित प्रबंध किया जा रहा है। अर्द्धशताब्दी वर्ष के इस ऐतिहासिक अवसर को चिरस्थायी बनाने के लिए 16 और 17 अप्रेल को श्री पंचदेव मंदिर के प्रांगण में सांस्कृतिक परंपराओं को बनाये रखते हुए शोभायात्रा सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम रखे गए हैं। जिसमें अंतराष्ट्रीय स्तर के कलाकारों को आमंत्रित किया जा रहा है। इस अवसर पर भजन सम्राट अनूप जलोटा को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। विश्व के अनेक देशों में भजन प्रस्तुत कर चुके अनूप जलोटा की भजन गायन की एक विशिष्ट विधा है। वे भारत सरकार द्वारा पद्मश्री सम्मान से भी अलंकृत हो चुके है। उनके गाए अनेक भजन घर घर में सुने जाते है और वे लोगों के दिलों में गहराई तक बस गए। जो उनकी लोकप्रियता को दर्शाता है. दो दिवसीय स्वर्ण जयंती समारोह में वे 17 अप्रेल बृहस्पतिवार को सायंकाल 'एक शाम बाबा गंगाराम के नाम' से भजन संध्या प्रस्तुत करेंगे। इसके अलावा अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त एवं इंडियाज गोट टैलेंट फेम सैंड आर्टिस्ट नीतिश भारती द्वारा पहली बार बाबा की सम्पूर्ण लीला



की अविस्मरणीय लाइव प्रस्तुति सैंड आर्ट के माध्यम से 'बाबा गंगाराम की कहानी सैंड आर्ट ने बखानी' की प्रस्तुति दी जाएगी। जो लोगों को हमारी संस्कृति और कला की एक अलग ही पहचान कराएगी। इस मौके को चिरस्थायी बनाने की हर संभव कोशिश हो रही है। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगे पुष्पों और झिलमिलाती रोशनी से भव्य रूप देने चंदन नगर पश्चिम बंगाल के कारीगरों को बुलाया गया है। इस आयोजन का शुभारंभ 16 अप्रेल बुधवार को विशाल शोभा यात्रा से होगा। जो मंदिर परिसर से नगर परिभ्रमण करेगी। जिसमें विशेष रूप से श्री विग्रहों के रथ सहित भक्तों द्वारा ध्वज एवं कलश यात्रा निकाली जाएगी। इस शोभा यात्रा को भव्य स्वरूप प्रदान करने नासिक महाराष्ट्र से सुप्रसिद्ध पथक ढोल बुलाया गया है। जिसमें 75 कलाकार अपने वाद्य यंत्रों से लोगों को मोहित करेंगे। इसके अलावा अनेकों रंग बिरंगी सांस्कृतिक झांकियों का समावेश होगा। जो आकर्षण का केंद्र होगी। जिसमें मुख्य है केरल की विश्व विख्यात देव दर्शन झांकियां, जयपुर का सुप्रसिद्ध लवाजमा, 21 फीट ऊंची स्वचालित नृत्य करती हुई भगवान शिव की झांकी इत्यादि। इस अवसर पर लोकप्रिय भजन गायक कोलकाता के सौरभ मधुकर, नवीन जोशी, श्याम अग्रवाल, मुंबई के संजीव कोहली एवं कोलकता से राधेश्री सहित अनेक कलाकार अपना कार्यक्रम देंगे। कोलकाता के सौरभ केशव मधुकर के निर्देशन में भावपूर्ण नृत्य नाटिका 'गाथा बाबा गंगाराम की' प्रस्तुत की जाएगी। वहीं 17 अप्रेल प्रातः श्री बाबा गंगाराम, भक्त शिरोमणि श्री देवकीनंदन एवं माता गायत्री देवी का मनोकामना पूर्ति चरण पादुका भक्तिमय अभिषेक किया जाएगा। इसके पश्चात श्री बाबा गंगाराम अमृतवाणी का सामूहिक संगीतमय पाठ होगा। जिसे कोलकाता के नवीन जोशी प्रस्तुत करेंगे। इस अवसर पर श्री पंचदेव मंदिर के उद्घाटन समारोह (सन 1975) के दुर्लभ चलचित्र का प्रदर्शन होगा। जो भक्त शिरोमणि श्री देवकीनंदन एवं माता गायत्री देवी के त्याग, तपस्या और भक्ति को इस कलियुग में दर्शाएगा। कोलकाता के श्री इवेंट ग्रुप द्वारा सायंकाल पश्चिम बंगाल का पारम्परिक धुनुची नृत्य ढाक के धुन पर एंव बैंड द्वारा भजनों की प्रस्तुति श्याम अग्रवाल के निर्देशन में की जाएगी। इस दो दिवसीय सतरंगी और भक्ति से ओतप्रोत भव्य कार्यक्रम का समापन बनारस के पंडितों द्वारा भक्ति भावपूर्ण गंगा आरती से होगा।

## शिक्षक संघ राष्ट्रीय के शिक्षकों ने मनाया होली स्नेह मिलन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** रविवार को राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उप शाखा झुंझुनूं की मासिक बैठक तथा होली स्नेह मिलन कार्यक्रम स्थानीय केशव आदर्श विद्या मंदिर परिसर में उप शाखा अध्यक्ष अजय सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक की जानकारी देते हुए उप शाखा अध्यक्ष ने बताया कि बैठक में नव संवत्सर कार्यक्रम तथा समरसता दिवस अंबेडकर जयंती के आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई। नव संवत्सर कार्यक्रम के अंतर्गत पूर्व संध्या पर कलेक्ट्रेट के सामने दीप प्रज्वलन किया जाएगा तथा 30 मार्च को प्रसाद वितरण एवं तिलक लगाकर नव संवत्सर तथा 14 अप्रेल को समरसता दिवस मनाने का निर्णय लिया। वरिष्ठ कार्यकर्ता जितेंद्र गौड़ ने समरसता दिवस के बारे में विस्तार से बताया। बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग कार्यवाह पवन दाधीच तथा जिला कार्यवाह विजेन्द्र सिंह का विभिन्न सामाजिक सरोकारों से संबंधित मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

## न्यूज़ ब्रीफ

### पारीक समाज ने होली स्नेह मिलन मनाया



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** नया शहर के ब्रह्मपुरी स्थित पारीक भवन में रविवार को होली स्नेह मिलन का आयोजन किया गया। समाज के लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में शिव प्रसाद पारीक ने होली के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि समाज में प्रेम और स्नेह की भावना जरूरी है। कृष्णा पारीक ने महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया। मनोज जोशी ने समाज में एकता बनाए रखने के लिए नियमित रूप से प्रतियोगी कार्यक्रम आयोजित करने का सुझाव दिया। समाज के अध्यक्ष चंपालाल पारीक ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष शंकर लाल व्यास, कमल पुरोहित, तेजपाल पारीक, डॉ. राधामोहन पारीक और एडवोकेट ओमप्रकाश पारीक समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए। पुरुषोत्तम पारीक, सावरमल पारीक, पुखराज पारीक, सुशील पारीक, बनवारी लाल पारीक, सोहन पारीक, महेश पारीक, पवन पारीक, मुकेश जोशी, गिरिश जोशी, विजय पारीक, कृष्ण व्यास, मालचन्द जोशी, कमल जोशी, सूरज जोशी पारीक बंधु मौजूद रहे।

### समाजसेवी श्रीनिवास रेड्डू की 16वीं पुण्यतिथि मनाई

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**सादुलपुर।** राजगढ़ तहसील के गांव मीठी रेड्डू के निवासी एवं प्रमुख समाजसेवी रहे श्रीनिवास रेड्डू की 16वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। रेड्डू की धर्मपत्नी अंजू रेड्डू, पुत्र निशान्त तथा भाई चरण सिंह की उपस्थिति में श्री सेवा संस्थान की ओर से आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। युवा सेवाभावी वेद प्रकाश रेड्डू ने श्रीनिवास रेड्डू के जीवन चरित्र का विवरण दिया। इस अवसर पर विजेंद्र कालीरावणा, ओम प्रकाश शर्मा, सुभाष धींरग, नरेश वर्मा सहित रेड्डू परिवार के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर राजगढ़ के बिमला देवी आश्रम में मंदबुद्धि असहाय जनों को भोजन भी करवाया गया। प्रमुख समाजसेवी वेदप्रकाश रेड्डू ने बताया कि इस अवसर पर श्री सेवा संस्थान की ओर से विमला देवी सेवा समिति राजगढ़ में मंदबुद्धि वयस्कों को दोपहर का भोजन करवाया गया।

### हेलमेट का वितरण



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** लॉयंस क्लब झुंझुनूं एवं श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को राजधानी क्राफ्ट एंड डॉटर्स के सौजन्य से सड़क सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान के अंतर्गत मोटर वाहन चालकों को निशुल्क हेलमेट का वितरण गांधी चौक झुंझुनूं में मुख्य अतिथि ट्रैफिक इंचार्ज हरफूल सिंह मीणा के सानिध्य में किया गया तथा कार्यक्रम संयोजक लायन शिवकुमार जांगिड़ की ओर से सड़क सुरक्षा जागरूकता के पंपलेट वितरण किए गए। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष लॉयन डॉ. बबिता कुमावत, क्लब सचिव गोपालकृष्ण गुप्ता, क्लब कोषाध्यक्ष लॉयन किशनलाल जांगिड़, एमजेफ लॉयन डॉ. डीएन तुलस्यान, कार्यक्रम संयोजक लॉयन शिवकुमार जांगिड़, लॉयन विनिता शर्मा, लॉयन शकुंतला पुरोहित, लॉयन भागीरथप्रसाद जांगिड़, एमजेएफ लॉयन योगेश खंडेलिया, एमजेएफ लॉयन उमर कुरैशी, लॉयन ओमप्रकाश जांगिड़, लॉयन डॉ. देवेंद्रसिंह शेखावत एवं लॉयन रतनलाल शर्मा सहित अन्यजन उपस्थित रहे।

### शिक्षक संघ राष्ट्रीय की बैठक हुई



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चिड़ावा।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उप शाखा चिड़ावा की बैठक उप शाखा अध्यक्ष डॉ. आनंदकुमार झाझड़िया की अध्यक्षता में राजकीय अड़किया उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित की गई। बैठक में जिला शाखा झुंझुनूं से पर्यवेक्षक के तौर पर प्रदेश महिला संगठन मंत्री संगीता रानी एवं वरिष्ठ शारीरिक शिक्षा महेश कुमार मान का पाथेय प्राप्त हुआ। बैठक में प्रत्येक पीईईओ वार संकुल रचना बनाने, 30 मार्च को वर्ष प्रतिपदा पर चिड़ावा में विवेकानंद चौक पर मनाने, आगामी सत्र की सदस्यता अभियान चलाने एवं शिक्षा में शिक्षकों का योगदान एवं शिक्षक समस्याओं पर चर्चा की। कार्यक्रम में उपशाखा चिड़ावा द्वारा जिला सभाध्यक्ष संस्था प्रधान प्रदीप मोदी एवं व्याख्याता नरेंद्र प्रताप सिंह का शाला प्रेरक एवं शिक्षाश्री सम्मान मिलने पर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में उपशाखा सभा अध्यक्ष श्यामलाल चेजारा, सुनिल कुमार भारद्वाज, उप शाखा मंत्री सज्जन सिंह पचार, ब्लॉक साक्षरता अधिकारी सुनिता, अंकित कटेवा, जगदीश कुमार, विजेंद्र सिंह बलौदा आदि उपस्थित रहे।

### इंदौरिया को शिक्षाश्री सम्मान से नवाजा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** जिला स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह में नीमड़ा वाली ढाणी बुडाना के भामाशाह भंवरलाल इंदौरिया का शिक्षा के लिए बेहतर सहयोग करने पर विभाग की ओर से सम्मान किया गया। इंदौरिया को जिला कलेक्टर रामावतार मीणा, पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, एसडीएम हवाई सिंह यादव, सीडीईओ अनुसुईया सिंह, डीईओ मनोज कुमार ढाका, महिला अधिकारिता विभाग झुंझुनूं उप निदेशक विप्लव न्योला, एडीईओ प्रमोद आबूसरिया, समाजसेवी कृष्ण गावड़िया और सीए डॉ. रोहित चौधरी ने शिक्षा श्री सम्मान से नवाजा।

# पुष्करणा समाज सेवा समिति द्वारा होली मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नोहर।** रविवार की शाम को पुष्करणा समाज सेवा समिति नोहर के तत्वावधान में होली मिलन समारोह कार्यक्रम रखा गया। जिसमें पुष्करणा ब्राह्मण समाज के सभी प्रबुद्ध नागरिकों ने अपने विचार रखें, भविष्य में समाज के सभी कार्यक्रमों में महिलाओं एवं बच्चों की भागीदारी भी होनी चाहिए समाज में प्रतिभा सम्मान समारोह समाज के विकास हेतु कार्यक्रम किया। समाज के उत्थान के लिए ज्यादा से ज्यादा प्रयास करें। शिक्षा की जागृति फैलाएं सामाजिक कुरीतियों अंधविश्वास को मिटाएं। हम सब मिलकर प्रेम भाव से एक दूसरे का हाथ थामकर समाज को सुदृढ़ बनाने हेतु प्रयास करते रहें। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष पुष्करणा ब्राह्मण समाजसेवी मांगीलाल व्यास, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार पुरोहित, मंत्री लाभूराम जोशी, नोहर रेल विकास संघ के अध्यक्ष राजकुमार जोशी, पटवर्धन जोशी,महावीर जोशी, सेठ सुरेश कुमार व्यास, युवा पत्रकार अश्विनी व्यास, गणेश कुमार व्यास, रामदेव जोशी, सनी जोशी, नोहर नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष श्रीराम व्यास, बुद्धि प्रकाश जोशी आदि उपस्थित थे पुष्करणा समाजसेवी मांगीलाल व्यास ने सभी का आभार व्यक्त किया भविष्य में समाज के विकास हेतु अनेक कार्य करने की सभी से अपील की। हम सब मिलकर समाज को नई दिशा देने का प्रयास करेंगे।

# पुलिस द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं होने पर गौभक्तों द्वारा अनिश्चितकालीन धरना

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** शहर में गौवंश पर अमानवीयता की घटना के विरोध में रविवार से सर्व समाज ने कुचामन पुलिस थाने के बाहर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि गौवंश पर तेजाब डालने की गंभीर घटना के बावजूद अब तक पुलिस ने आरोपियों को ढूंढने के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। इस घटना के खिलाफ 15 मार्च को राज्य मंत्री विजय सिंह चौधरी को ज्ञापन सौंपा गया था, जिसमें जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की गई थी। लेकिन प्रशासन की निष्क्रियता के चलते आज सर्व समाज के लोग और गौ रक्षक दल के सदस्य पुलिस थाने के बाहर धरने पर बैठ गए हैं। धरने की अगुवाई गौभक्त रवि भार्गव, अंकित शर्मा और गौ रक्षक दल के सदस्यों ने की, जिसमें सर्व समाज एकता फाउंडेशन के राष्ट्रीय सलाहकार सावर मित्तल डीडवाना और गोरक्षा दल परबतसर भी मौजूद रहे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने जय गौ माता के नारों के साथ आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो यह आंदोलन और तेज होगा।



**यह है मामला :** 12 मार्च 2025 की रात करीब 10 से 15 निराश्रित गौवंश पर तेजाब डाला गया, जिससे उनकी त्वचा बुरी तरह झुलस गई। यह आत्मा को झकझोर देने वाला दृश्य देख स्थानीय लोग आक्रोशित हैं और प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। कुचामन में पिछले कुछ महीनों से ऐसी घटनाएं लगातार हो रही हैं, लेकिन अब तक किसी पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इससे पहले भी 2012 में ऐसी घटना हुई थी। जिसमे समुदाय विशेष के एक आदमी को गिरफ्तार किया गया था। जिसको सजा भी हुई थी। लेकिन अब फिर से तेजाब हमले जैसी बर्बरता ने समाज में आक्रोश पैदा कर दिया है।

# 100 प्रभुजनों को करवाया निशुल्क भोजन



**झुंझुनूं।** लॉयंस क्लब झुंझुनूं के तत्वावधान में रविवार को संयोजक लॉयन शिवकुमार जांगिड़ के संयोजन में अजरपुर्णा रसोई नगर परिषद में एमजेएफ लॉयन डॉ. डीएन तुलस्यान के सहयोग से 100 प्रभुजनों को निशुल्क भोजन करवाया गया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष लॉयन डॉ. बबिता कुमावत, क्लब सचिव लॉयन गोपालकृष्ण गुप्ता, एमजेएफ लॉयन नरेंद्र व्यास, लॉयन शकुंतला पुरोहित, लॉयन शिवकुमार जांगिड़, लॉयन सीए पवन केडिया, एमजेएफ लॉयन डॉ. देवेंद्र सिंह शेखावत, लॉयन ओमप्रकाश जांगिड़, एमजेएफ लॉयन डॉ. डीएन तुलस्यान, मास्टर विहान तुलस्यान, बेबी प्रिशा तुलस्यान सहित अन्यजन उपस्थित रहे।

# जीवेम क्रिकेट एकेडमी खिलाड़ी अंकित जांगिड़ का इंडियन डैफ क्रिकेट टीम में चयन

## ऑस्ट्रेलिया व दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ऑल राउंडर प्रदर्शन से जीता सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का खिताब

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** झुंझुनूं एकेडमी सीबीएसई स्कूल में संचालित एवं जिला क्रिकेट एसोसिएशन से मान्यता प्राप्त जीवम क्रिकेट एकेडमी के खिलाड़ी अंकित जांगिड़ का चयन इंडियन डैफ क्रिकेट टीम में हुआ है। जानकारी देते हुए क्रिकेट कोच अजय कुमार ने बताया कि नई दिल्ली में दो से आठ मार्च तक आयोजित त्रिकोणीय श्रृंखला में अंकित जांगिड़ ने बतौर ऑल राउंडर के रूप में शानदार प्रदर्शन किया है तथा इस संपूर्ण सीरीज में सर्वाधिक विकेट लेकर सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का खिताब भी अपने नाम किया है। इसके साथ ही 10 से 12 मार्च तक आयोजित एक दिवसीय सीरीज में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी बेहतर प्रदर्शन किया है। इस सीरीज में भारतीय डैफ क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 3-0 से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। इससे पहले अंकित जांगिड़ दो बार राजस्थान टीम को, एक बार वेस्ट जॉन को तथा दो बार डैफ प्रीमियर लीग को व एक बार राजस्थान टी-20 बुक टीम को विनर बनाने में अपना अहम योगदान दे चुका है। जीवम क्रिकेट एकेडमी संस्थापक डॉ. दिलीप मोदी ने बताया कि जीवम क्रिकेट एकेडमी में खिलाड़ी दिन-रात कड़ा अभ्यास कर रहे हैं एवं प्रशिक्षित कोच लगातार खिलाड़ियों के हुनर को तराश कर विभिन्न खेलों के शानदार खिलाड़ी तैयार कर रहे हैं। अंकित जांगिड़ पिछले तीन वर्ष से जीवम क्रिकेट एकेडमी में निरंतर अभ्यास कर रहा है। अपने कड़े अभ्यास और कोच के मार्गदर्शन से आज यह खिलाड़ी इतने बड़े मुकाम तक पहुंचा है। उन्होंने इस शानदार उपलब्धि के लिए अंकित जांगिड़ को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मैनेजिंग डायरेक्टर नीरजा मोदी, झुंझुनूं एकेडमी स्कूल डायरेक्टर आकाश मोदी, गरिमा मोदी, झुंझुनूं एकेडमी प्राचार्य डॉ. रविशंकर शर्मा, छात्रावास निदेशक कुरड़ाराम धींवा, स्कूल उप प्राचार्य सरोज सिंह, हैडमिस्ट्रेस उमा शर्मा, एडमिशन डायरेक्टर श्यामसुंदर शर्मा, प्रशासक कमलेश कुलहरि एवं सभी स्टाफ मेंबर्स ने खिलाड़ी अंकित जांगिड़ एवं उसके माता-पिता तथा कोच अजय कुमार को बधाइयां एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

## वकील से मारपीट और अभद्रता का मामला

# बार एसोसिएशन और समाज के विरोध के बाद मारोठ थानाधिकारी और 2 कांस्टेबल लाइन हाजिर

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** नावां के समीप मारोठ थाने में वकील से मारपीट और अभद्रता के मामले में बार एसोसिएशन और राजपूत समाज के विरोध प्रदर्शन के बाद मारोठ थानाधिकारी और 2 कांस्टेबल को लाइन हाजिर कर दिया गया है। वार्ता के बाद एसपी ने कार्रवाई करते हुए मारोठ थानाधिकारी शंकरलाल सहित दो कांस्टेबलों को लाइन हाजिर कर दिया। इस फैसले के बाद समाज के लोगों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि जब तक दोषियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं होती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

**यह है मामला :** दरअसल मारोठ रघुनाथ जी मंदिर के भूमि का विवाद पिछले कई सालों से चल रहा है। जिसको लेकर राजपूत समाज लामबंद हुआ है। पुलिस द्वारा एक अधिवक्ता के साथ गाली-गलौज, मारपीट और अमानवीय व्यवहार करने का मामला सामने आया है। इस घटना से अधिवक्ताओं और समाज में भारी आक्रोश फैल गया है। नावां बार एसोसिएशन ने वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश और



अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को लिखित शिकायत देकर आरोपी थानाधिकारी और पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की मांग की थी। दरअसल, नावां बार एसोसिएशन के सदस्य और वार्ड नंबर 1 के पार्षद गोपाल सिंह राठौड़ पुत्र पूरण सिंह निवासी नावां 14 मार्च को मारोठ गांव स्थित भगवान रघुनाथ मंदिर की भूमि से जुड़े कानूनी मामले में पैरवी करने गए थे। इस दौरान जब वे मारोठ थाने पहुंचे, तो वहां तैनात पुलिसकर्मियों ने उनके साथ नशे की हालत में दुर्व्यवहार किया। शिकायत के अनुसार, थानाधिकारी शंकर कड़वा, सिपाही सुखराम जाट, डीओ मदनलाल, सिपाही रोहितास सहित थाने के सभी स्टाफ ने शराब पी रखी थी। जैसे ही अधिवक्ता ने अपने मामले की जानकारी दी, थानाधिकारी कड़वा ने गालियां देना शुरू कर दिया। जब अधिवक्ता ने विरोध किया और अपना परिचय देते हुए बताया कि वे नावां कोर्ट में अधिवक्ता हैं, तो पुलिसकर्मियों ने और ज्यादा अभद्र भाषा का प्रयोग किया। जब अधिवक्ता गोपाल सिंह ने शांतिपूर्वक बातचीत करने की कहा तो थानाधिकारी ने उनकी कॉलर पकड़ ली। इसी दौरान सिपाही सुखराम जाट ने उनके साथ जबरदस्ती की उनके कपड़े खुलवाए और उन्हें पूरी रात थाने की बेरक में बंद रखा।

**मारोठ ग्रामीणों ने पुलिस के समर्थन में दिया ज्ञापन :** वहीं, दूसरी ओर मारोठ थाना क्षेत्र के कुछ लोगों ने पुलिस प्रशासन का समर्थन करते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इसमें बताया गया कि 14 मार्च को पुलिस ने रघुनाथ मंदिर की जमीन से जुड़े विवाद में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए उचित कार्रवाई की थी और अपने कर्तव्य का निर्वहन पूरी ईमानदारी से किया।

## राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम की बैठक में शिक्षक भवन बनाने का लिया निर्णय

**झुंझुनूं।** राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम जिला शाखा झुंझुनूं की बैठक व होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन सिटी स्कूल झुंझुनूं में किया गया। जिसमें प्रदेश कार्यकारिणी, जिला कार्यकारिणी एवं ब्लॉक कार्यकारिणी के सक्रिय सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर संघ द्वारा सभी शिक्षकों को होली की शुभकामनाएं प्रेषित की गई तथा विभिन्न शिक्षक हितों के मुद्दों पर विचार-विमर्श कर प्रस्ताव पारित किए गए। इस अनुसार संगठन की सदस्यता के लिए सत्र 2025-26 की रसीद बुक वितरित की गई। जनवरी माह में जिले में आयोजित हुए प्रदेश सम्मेलन की सफलता पर जिले के समस्त शिक्षकों का आभार व्यक्त किया गया तथा आयोजन में हुए आय एवं व्यय का विवरण कमेटी के सामने रखा गया। कमेटी में मुख्य रूप से प्रताप नगर बालूराम स्मारक झुंझुनूं के पास स्थित संगठन की भूमि पर भवन बनाने का निर्णय लिया गया एवं जल्द ही भूमि पूजन कर शिक्षक भवन की नींव रखी जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### अलवर में चूल्हे की आग से झुलसी युवती

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** अलवर के रामगढ़ थाना क्षेत्र के गांव सरेटा में 17 वर्षीय युवती चूल्हे की आग से गंभीर रूप से झुलस गई। जिसका अलवर जिला अस्पताल में इलाज जारी है। रामगढ़ थाना क्षेत्र के सरेटा गांव निवासी सुब्बा खान की 17 वर्षीय बेटी मिस्कीना पशुओं को खिलाया जाने वाला भोजन बना रही थी। जैसे ही पतीला हटाया चूल्हे के आग चुन्नी तक लगी। उसके बाद तुरंत कपड़ों में आग लगी। जिससे वह झुलस गई। उसके चिल्लाने की आवाज सुनकर परिवार के लोगों ने आकर आग को बुझाया। मिस्किना का जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में इलाज जारी है।

### ओलावृष्टि से फसलों को 50 प्रतिशत नुकसान

**अलवर।** नारायणपुर में 13 मार्च को हुई ओलावृष्टि से किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। चतरपुरा और नीमूचाना सहित आसपास के इलाकों में करीब 20 मिनट तक हुई ओलावृष्टि से फसलों में 50 प्रतिशत से अधिक का नुकसान हुआ है। तहसीलदार अनिल कुमार ने राजस्व विभाग की टीम के साथ प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने खेतों में जाकर फसलों के नुकसान का जायजा लिया। टीम ने नुकसान की रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेज दी है। किसानों के अनुसार, सरसों और जौ की फसल पककर तैयार थी। अधिकांश इलाकों में फसल की कटाई चल रही थी। इस दौरान हुई ओलावृष्टि से कटी हुई फसल को भी नुकसान पहुंचा है। पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राजेन्द्र यादव ने इस बात की पुष्टि की है। प्रभावित किसानों ने प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है।

**श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन रथ यात्रा का स्वागत**

## 'सनातन धर्म की धरोहरों का संरक्षण हर सनातनी का कर्तव्य'

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**झुंझुनूं।** श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन को लेकर श्री कृष्ण रथ यात्रा जो संयुक्त भारतीय धर्म संसद के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य राजेश्वर महाराज, पंडित नंदकिशोर शर्मा, रामसिंह राजोरिया, प्रकाश गौड़, डॉ. लता शर्मा, लड्डू गोपाल महाराज के सानिध्य में गुजरात द्वारका से निकाली जा रही है। रविवार को यात्रा के झुंझुनूं में आगमन पर राणी सती रोड स्थित रामलीला मैदान में सर्व समाज के लोगों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। जिसके बाद रथ में विराजमान श्री कृष्णा प्रतिमा की पंडित ओमप्रकाश कौशिक आचार्यत्व में विधि विधान से पूजा व अर्चना की गई तथा संगीतमय भगवान श्री कृष्ण की स्तुति की गई। कार्यक्रम संयोजक उमाशंकर महमिया ने बताया कि इस अवसर पर पधारे हुए साधु संतों का शॉल, माला, दुपट्टा, पहनाकर भगवान श्री कृष्णा चित्र भेंट किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए राजेश्वर महाराज ने सभी सनातनियों का आह्वान किया कि सनातन धर्म की धरोहरों को बचाना हर सनातनी का परम कर्तव्य होना चाहिए। रामलला सदियों तक तिरपाल में विराजमान रहे। लेकिन ज्यों ही केंद्र में सनातन धर्म की सरकार का गठन हुआ। अयोध्या में सनातनी के आराध्य देव मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का भव्य मंदिर का निर्माण होकर रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हुई। जिस तरह से आततायियों ने सनातन धर्म की धरोहर को नष्ट किया। उनको वापिस पुनर्जिवित करने का समय आ गया है। इसी को लेकर श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन के तहत यह रथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिससे श्री कृष्ण जन्मभूमि अयोध्या में राममंदिर की तर्ज पर मुक्त करवाया जा सके। झुंझुनूं के धर्मालंबियों का अपार जन समूह से इस श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन को नई उर्जा प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगी। इस अवसर पर पवन देरवाला, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष शर्मा चिड़ावा, डॉ. डीएन तुलस्यान, विनोद सिंघानिया, राजकुमार मोरवाल, प्रदीप शर्मा अलसीसर, शिवचरण पुरोहित, महेश बसावतिया, सुरेंद्र शर्मा, रघुनाथ पोद्दार, कैलाश सिंघानिया, मुरारी सैनी, संजय मोरवाल, चंद्रप्रकाश धूपिया, चंद्रप्रकाश शुक्ला, रवि गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र शर्मा झेरलीवाला, संजय पारीक, विनोद जांगिड़, पवन सैनी, राकेश सहल, पंकज टेलर, सौरभ सोनी, ख्यालीराम कुमावत, रामेश्वर गोसाई, पवन पुजारी, अशोक तुलस्यान, अनिल मिश्रा, एडवोकेट नीरज शर्मा, मोहनलाल बायला, ओमप्रकाश ढंढ आदि मौजूद रहे।

## सतरंगी ध्वज की स्थापना के साथ ऐतिहासिक श्रीबारहभाई मेला शुरू

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़ी।** धौलपुर जिले में बाड़ी उपखंड पर शहर के ऐतिहासिक 167 वर्ष पुराने श्रीबारहभाई मेले का रविवार को विधिवत आगाज हो गया। सात दिन तक चलने वाले इस मेले में आज मेला कार्यालय पुराना बाजार पर एक बैठक हुई,जहां मेले के सतरंगी ध्वज की विधि विधान और पूजा अर्चना के बाद मेला कार्यालय पर स्थापना की गई। इसके साथ ही यह मेला शुरू हो गया है,जो करीब सात दिन चलेगा। मेले में 20 मार्च को जहां पुराना बाजार स्थित मेला कार्यालय पर मेला बैठक कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें भगवान श्रीराम के लंका विजय के बाद अयोध्या लौटने पर उनका स्वागत सत्कार किया जाएगा। वहीं 21 मार्च को शहर में राम जानकी शोभायात्रा का आयोजन होगा। श्रीबारहभाई मेला कमेटी के अध्यक्ष रामवीर पोसवाल ने बताया कि पुरखों की यह धरोहर है। सन् 1859 से यह मेला अनवरत आयोजित हो रहा है। सन 1857 में आजादी के लिए जब क्रांति हुई और अंग्रेजों ने दमनकारी नीति अपनाई तो लोगों को एकजुट करने के लिए ऐसा आयोजन कस्बे के बारह भाइयों ने किया।मेले को लेकर एक किवदंती भी प्रचलित है,कि पास के कस्बे जगनेर में आयोजित एक कार्यक्रम में कस्बे के बारह लोगों को जाति-पाती नही मानने पर जब एक ही पात्र से जल ग्रहण करने के लिए कहा गया तो उन्होंने एक साथ जल पिया। इसके बाद बाड़ी आकर उन्होंने यह मेला शुरू किया। समिति के महामंत्री पवन चंसौरिया ने बताया कि आज 16 मार्च से मेले की विधिवत शुरुआत हो गई है और 20 मार्च को मेला बैठक होगी तथा 21 मार्च को नगर में भगवान श्रीराम उनके सभी भाई,माता जानकी, भोले-पार्वती सहित विभिन्न स्वरूप और झांकियां नगर भ्रमण करेंगे।

## पेज 1 से जारी....पीएम मोदी का तीन घंटे का इंटरव्यू...

**अंतरराष्ट्रीय राजनीति पर संयुक्त राष्ट्र जैसे संगठन विफलः** मोदी बोले कोविड ने हर देश की सीमाओं को उजागर किया है। इससे सीखने के बजाय दुनिया और अधिक विखंडित हो गई है। वैश्विक नियमों को लागू करने में संयुक्त राष्ट्र जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठन विफल रहे। स्थिरता बनाए रखने के लिए बनाई गई संस्थाएं प्रासंगिकता खो रही हैं। जो लोग कानूनों की अनदेखी करते हैं, उन्हें कोई परिणाम नहीं भुगतना पड़ता।

**गुजरात दंगों परः अब राज्य में स्थायी शांति बनी है**

24 फरवरी 2002 को मैं पहली बार निर्वाचित प्रतिनिधि बने और 27 फरवरी, 2002 को गोधरा कांड हुआ, जिसने प्रदेश में हिंसा भड़का दी। गुजरात में 2002 से पहले भी 250 से अधिक दंगे हो चुके थे। 1969 का दंगा छह महीने तक चला था। 2002 के दंगे दुखद थे, लेकिन उसके बाद राज्य में स्थायी शांति बनी। सरकार के खिलाफ कई आरोप लगाए गए, लेकिन न्यायपालिका ने दो बार जांच के बाद उन्हें निर्दोष करार दिया।

**पाकिस्तान के लोग आतंक में रहने से थक गए होंगे**

2014 में मैं जब पहली बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने वाला था तो पाकिस्तान के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को विशेष रूप से आमंत्रित किया था। उम्मीद थी कि दोनों देश एक नया अध्याय शुरू करेंगे। हालांकि शांति का हर नेक प्रयास का सामना दुश्मनी और विश्वासघात से हुआ। पाकिस्तान के लोग शांति चाहते हैं। वे भी संघर्ष, अशांति और निरंतर आतंक में रहने से थक गए होंगे।

**भारत-चीन को प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए, टकराव नहीं**

राष्ट्रपति शी के साथ मेरी बैठक के बाद हमने सीमा पर सामान्य स्थिति की वापसी देखी है। हम 2020 से पहले के स्तर पर स्थितियों को बहाल करने के लिए काम कर रहे हैं। विश्वास में समय लगेगा, लेकिन हम बातचीत के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने संघर्ष के बजाय स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की आवश्यकता पर भी जोर दिया। 21वीं सदी एशिया की सदी है। भारत और चीन को स्वाभाविक रूप से प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए, टकराव नहीं।

**बापू सिर्फ 20वीं सदी नहीं हर सदी के महान नेता हैं**

महात्मा गांधी सिर्फ 20वीं सदी नहीं हर सदी के महान नेता हैं। जहां तक मोदी का सवाल है मेरे पास एक दायित्व है। लेकिन दायित्व इतना बड़ा नहीं है जितना देश बड़ा है। मेरी ताकत मोदी नहीं, 140 करोड़ देशवासी हैं। मैं जहां भी जाता हूं, वहां मोदी नहीं जाता वहां 140 करोड़ लोगों का विश्वास जाता है। इसलिए मैं दुनिया के किसी नेता से हाथ मिलाता हूं तो मोदी हाथ नहीं मिलाता है। 140 करोड़ लोगों का हाथ होता है। ये सामर्थ्य मोदी का नहीं भारत का है।

**ट्रम्प साहसी, वो अपने फैसले खुद लेते हैं**

ह्यूस्टन में एक प्रोग्राम था हाउडी मोदी। मैं और राष्ट्रपति ट्रम्प दोनों वहां थे और स्टेडियम पूरा भरा हुआ था। अमेरिका में इतनी बड़ी भीड़ का इकट्ठा होना ही एक बहुत बड़ा मौका था। मैं भाषण दे रहा था। ट्रम्प नीचे बैठकर सुन रहे थे। यह उनका बड़प्पन है। अमेरिका का राष्ट्रपति स्टेडियम में भीड़ के बीच नीचे बैठकर सुन रहा है। मैं भाषण दे रहा हूं। मैं भाषण देने के बाद ट्र्म्प के पास गया और ऐसे ही उनसे कहा कि क्यों न हम दोनों एकसाथ इस स्टेडियम का एक चक्क र लगाएं। बहुत सारे लोग हैं यहां चलते हैं और उन्हें धन्यवाद देते हैं। अमेरिकी जीवन में ये बात आपके लिए असंभव सी है कि राष्ट्रपति हजारों की भीड़ में चले। लेकिन ट्रम्प बिना एक पल भी इंतजार किए मेरे साथ चल पड़े। ट्रम्प के पास साहस है और वो अपने फैसले खुद लेते हैं।

**भारत-पाक मैच रिजल्ट ने बताया कौन बेहतर**

अगर आप खेल की तकनीक के बारे में कहेंगे तो मैं कोई विशेषज्ञ नहीं हूं। ये बात वही बता सकते हैं जो तकनीक के बारे में जानते हैं। वही बता सकते हैं कि किस प्लेयर की तकनीक अच्छी है और किसकी खराब। लेकिन कई बार परिणाम उस खिलाड़ी के बारे में बोलते हैं। कुछ दिन पहले भारत और पाकिस्तान के बीच एक मैच हुआ था। नतीजे इस बात को बता देते हैं कि कौन सी टीम बेहतर है। इससे हमें पता चलता है कौन बेहतर है।

**मध्यप्रदेश के शहडोल में मिनी ब्राजील**

मध्य प्रदेश का शहडोल आदिवासी जिला है। मैं वहां गया तो करीब 80 से 100 युवाओं ने स्पोर्ट्स यूनिफॉर्म पहनी थी। इनमें कुछ बूढ़े थे। मैं उनके पास गया और पूछा कि आप लोग कहां से हैं तो उन्होंने मुझसे कहा कि हम मिनी ब्राजील से हैं। मैं आश्चर्यचकित रह गया। मैंने उनसे पूछा कि ये मिनी ब्राजील क्या है। उन्होंने बताया कि हम अपने गांव को मिनी ब्राजील कहते हैं। हमारे गांव में चार-पांच पीढ़ियों से लोग फुटबॉल खेलते हैं। करीब 80 नेशनल प्लेयर्स हमारे गांव से निकले हैं। हमारा पूरा गांव फुटबॉल को समर्पित है। जब हमारे यहां राष्ट्रीय फुटबॉल समारोह होता है तो आसपास के गांव से करीब 20-25 हजार लोग मैच देखने आते हैं।

**नकारात्मकता मेरे सॉफ्टवेयर में नहीं**

मैं स्वभाव से ही बहुत आशावादी व्यक्ति हूं। निराशावाद और नकारात्मकता मेरे सॉफ्टवेयर में नहीं है। बचपन में मेरे घर में कोई खिड़की भी नहीं थी। हमने कभी गरीबी का बोझ फील नहीं किया। मेरे मामा ने मुझे कैनवास के जूते खरीदकर दिए थे। उस पर दाग लग जाते थे। स्कूल से चॉक के टुकड़े लाकर उन्हें घोलकर सफेद जूतों पर पॉलिश कर लेता था। मुझे कपड़े वगैरह भी ढंग से पहनने की आदत है। हमारे पास प्रेस कराने के लिए कोई व्यवस्था नहीं थी। मैं तांबे के लोटे में गर्म पानी करके उसे चिमटे से पकड़कर कपड़ों में प्रेस कर लेता था।

**सवालः** अपनी आध्यात्मिकता में, अपने शांत पलों में जब आप ईश्वर के साथ होते हैं। तो आपका मन कहां जाता है। जब आप उपवास कर रहे होते हैं जब आप बस अपने आप में अकेले होते हैं?

**जवाबः** ध्यान काफी भारी शब्द बन गया है। मैं लोगों को समझाता हूं कि इसका सीधा मतलब है खुद को व्याकुलता से मुक्त करना। उदाहरण के लिए जब आप क्लास में होते हैं तो आपका मन खेल पर होता है। मतलब आपका ध्यान कहीं और है। इसे सही जगह लाना है। यही मेडिटेशन है। हिमालय में एक संत ने मुझे टेक्नीक सिखाई। हिमालय में झरने बहते हैं, पत्ते की प्लेट का एक टुकड़ा झरने में लगा दिया नीचे बर्तन लगा दिया। पानी टप टप करके गिरने लगा। उन्होंने कहा कि तुम पानी की आवाज पर फोकस करो। धीरे-धीरे मेरा दिमाग ट्रेंड हो गया। मेरा ध्यान लगने लगा। वो मेरा मेडिटेशन बन गया था।

**सवालः** भविष्य के बारे में आपको क्या उम्मीद है, सिर्फ भारत का ही नहीं बल्कि पूरी मानव सभ्यता का?

**जवाबः** मैं स्वभाव से ही बहुत आशावादी व्यक्ति हूं। निराशावाद और नकारात्मकता मेरी सॉफ्टवेयर में नहीं है। अगर हम मानव जाति के इतिहास पर एक पल विचार करें तो कितने बड़े संकटों को पार करते हुए मानव जाति आगे निकली है। समय के साथ कितने बदलाव स्वीकार किए हैं।

**सवालः** आपकी छवि एक फैसला लेने वाले नेता की है। आप फैसले कैसे लेते हैं, उसका क्या प्रोसेस है?

**जवाबः** इसके पीछे बहुत सी बातें हैं। एक शायद हिंदुस्तान में मै ऐसा नेता हूं जो मेरे देश के 90 प्रतिशत जिलों में रात्रि विश्राम कर चुका हूं। यह मैं अपने शुरुआती जीवन की बात कर रहा हूं। उस दौरान मैंने जो पाया, सीखा उसे अमल में लाता हूं। ये किसी से पूछा हुआ, जाना हुआ या सिर्फ किताबों से पाया हुआ ज्ञान नहीं है। शासन की दृष्टि से देखें तो मेरे पास कोई बोझ नहीं है। निर्णय करने में मेरा एक तराजू है कि मेरा देश सबसे पहले। हमारे यहां महात्मा गांधी जी कहते थे कि, अगर आपको कोई निर्णय लेना है तो गरीब का चेहरा याद कर लो। वो निर्णय उसके काम का है या नहीं। मुझे अपनी सरकार में इंफॉर्मेशन मिल जाती है, मेरे पास बहुत सोर्स हैं। सिर्फ अफसरों की नहीं सुनता, उनसे सवाल भी करता हूं। कभी-कभी मैं वकील बनकर उलटे सवाल करने लगता हूं। ऐसा इसलिए ताकि बातचीत से सही फैसला निकले।

**कोरोना के समय कैसे निर्णय लिए।**

बड़े-बड़े अर्थशास्त्री कहते थे कि दुनिया ने ये किया आप भी कर दो। पॉलिटिकल पार्टियां प्रेशर डालती थीं कि पैसे दे दो। मैं कुछ नहीं करता था, मैं सिर्फ सोचता था। फिर मैंने अपने देश की परिस्थिति के हिसाब से निर्णय लिए। मैं गरीब को भूखा नहीं सोने दूंगा। रोजमर्रा की जरूरतों के लिए सामाजिक तनाव पैदा नहीं होने दूंगा। ऐसे विचार मेरे मन में आए। दुनिया लॉकडाउन में पड़ी थी। मैंने एक्सपर्ट की राय सुनी, लेकिन मैंने अपने अनुभवों से एक व्यवस्था खड़ी की। कोविड के बाद दुनिया ने जो मंदी झेली, मेरे देश ने नहीं झेली। मैंने दुनिया भर की थ्योरी को लागू करने के मोह में पड़े बिना, अखबार वालों को अच्छा लगेगा, या बुरा लगेगा, क्या छपेगा। इन सब बातों से ऊपर उठकर मैंने बेसिक फंडामेंटल पर फोकस करते हुए काम किया। मेरी जोखिम लेने की क्षमता बहुत है। मैं ये नहीं सोचता कि मेरा क्या नुकसान होगा। जो मेरे देश के लोगों के लिए सही है, वहां मैं जोखिम लेने को तैयार रहता हूं। अलग कुछ गलत हो जाए तो खुद उसका जिम्मा लेता हूं।

**सवालः** मैंने कई लोगों से सुना है कि जितने लोगों को वे जानते हैं, उनमें आप सबसे ज्यादा मेहनती हैं। आप हर दिन कई घंटे काम करते हैं क्या आप थकते नहीं हैं? आपके धैर्य और ताकत का सोर्स क्या है?

**जवाबः** मैं आसपास के लोगों को देखता हूं तो लगता है ये मेरे से ज्यादा काम करते हैं। किसान को देखता हूं कि दिन-रात खेती में लगे रहते हैं। हमारे देश के जवान बॉर्डर पर, पहाड़ों पर, हर मौसम में सुरक्षा करते हैं। घर की महिलाएं सुबह से शाम तक परिवार की जिम्मेदारी उठाती हैं। मेरी जिम्मेदारी मुझे आगे बढ़ाती है। जो जिम्मेदारी देशवासियों ने मुझे दी है, मुझे हमेशा लगता है कि मैं पद पर मौज मस्ती के लिए नहीं आया हूं। मेरे प्रयास में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। चुनाव के दौरान मैं कहता हूं कि मैं कभी भी परिश्रम करने से पीछे नहीं हटूंगा। अपने लिए कुछ नहीं करूंगा। ये मेरी कसौटियां हैं, इन्हीं पर खुद को तोलता हूं।

**सवालः** आपने इस बारे में बात की है आपके पास दुनिया में शांति स्थापित करने का कौशल है, अनुभव है, जियो पॉलिटिकल दबदबा है। आज दुनिया में कई वॉर चल रही हैं। आप शांति की स्थापना कैसे करेंगे। दो देशों के बीच शांति बनाने के लिए क्या कर सकते हैं, उदाहरण के लिए रूस और यू ेन के बीच चल रहा वॉर?

**जवाबः** मैं उस देश का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं जो भगवान बुद्ध की भूमि है, जो महात्मा गांधी की भूमि है। ये ऐसे महापुरुष हैं जिनके उपदेश, व्यवहार शांति को समर्पित है। ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से हमारा बैकग्राउंड इतना मजबूत है कि जब हम शांति की बात करते हैं तो विश्व हमें सुनता है। हम संघर्ष के पक्ष में नहीं है। हम शांति चाहते हैं। इसमें अगर कोई भूमिका अदा कर सकते हैं तो हम करते हैं। मेरा रूस और यू ेन दोनों के साथ घनिष्ठ संबंध है। मैं राष्ट्रपति पुतिन के सामने बैठकर मीडिया से कह सकता हूं कि ये वॉर का समय नहीं है। मैं जेलेंस्की को भी एक मित्रभाव से उनको कहता हूं कि भाई दुनिया कितनी ही आपके साथ खड़ी क्यों न हो जाए। परिणाम युद्ध भूमि पर नहीं बातचीत से ही निकलने वाला है। युद्ध के चलते पूरी दुनिया को नुकसान हुआ है। मैं न्यूट्रल नहीं हूं, मेरा पक्ष शांति का है।

**सवालः** गांधी 20वीं सदी के सबसे महान नेताओं में से एक थे। आप 21वीं सदी के महान नेताओं में से एक हैं। ये दोनों समय अलग हैं, आप जियो पॉलिटिक्स के खेल में काफी कुशल हैं। आप बड़े देशों के साथ भी अच्छे से बातचीत करके रास्ता निकाल देते हैं। तो बेहतर क्या है लोगों का आपसे प्यार करना या आपसे डरना। आप इसका संतुलन कैसे बनाते हैं?

**जवाबः** देखिए महात्मा गांधी सिर्फ 20वीं सदी नहीं हर सदी के महान नेता हैं। जहां तक मोदी का सवाल है मेरे पास एक दायित्व है। लेकिन दायित्व इतना बड़ा नहीं है जितना देश बड़ा है। मेरी ताकत मोदी नहीं, 140 करोड़ देशवासी हैं। मैं जहां भी जाता हूं, वहां मोदी नहीं जाता वहां 140 करोड़ लोगों का विश्वास जाता है। इसलिए मैं दुनिया के किसी नेता से हाथ मिलाता हूं तो मोदी हाथ नहीं मिलाता है। 140 करोड़ लोगों का हाथ होता है। ये सामर्थ्य मोदी का नहीं भारत का है। 2014 में जब मैं पीएम कैंडीडेट बना तो सवाल उठते थे कि मोदी तो एक राज्य का नेता है। यह विदेश नीति कैसे संभाल पाएगा। तब मैंने एक इंटरव्यू में कहा था कि भारत अब न आंख झुकाकर बात करेगा, न आंख उठाकर बात करेगा। अब हिंदुस्तान आंख में आंख मिलाकर बात करेगा। मेरे लिए मेरा देश सबसे पहले है।

**सवालः** आप 8 साल की उम्र में आरएसएस से जुड़े, जो हिंदू राष्ट्रवाद के विचार का समर्थन करता है। स्स का आप पर क्या प्रभाव पड़ा?

**जवाबः** बचपन में कुछ न कुछ करते रहना मेरा स्वभाव था। मुझे याद है कि मेरे यहां एक माकोसी थे, मुझे नाम ठीक से याद नहीं। वे सेवादल के हुआ करते थे। वे अपने पास एक डफली रखते थे और देशभक्ति के गीत गाते थे। मैं पागल की तरह उनको सुनता था। मुझे मजा आता था, क्यों आता था पता नहीं। ये मेरे मन को छूता था। इसके बाद हम संघ में आ गए। संघ एक बहुत बड़ा संगठन है, दुनिया में इतना बड़ा स्वंयसेवी संगठन कहीं और होगा, मैंने नहीं सुना। करोड़ों लोग इसके साथ जुड़े हैं। संघ को समझना इतना सरल नहीं है। देश ही सबकुछ है, जनसेवा ही प्रभुसेवा है, ये बातें संघ के लोग ही कहते हैं। मेरा सौभाग्य है कि ऐसे पवित्र संगठन से मुझे संस्कार मिले।

**सवालः आप आरएसएस में कैसे शामिल हुए**

**जवाबः** मोदी ने कहा, हमारे गांव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा थी, जहां हम खेलते थे और देशभक्ति के गीत गाते थे। उन गीतों की कुछ बातें मुझे बहुत छू गईं। उन्होंने मेरे अंदर कुछ हलचल पैदा कर दी और इस तरह मैं आखिरकार आरएसएस का हिस्सा बन गया। आरएसएस में हमें जो मूल्य सिखाया गया, उनमें से एक यह था कि आप जो भी करें, उसे उद्देश्यपूर्ण तरीके से करें। यहां तक कि जब आप पढ़ाई करते हैं, तो राष्ट्र के लिए योगदान देने के लिए पर्याप्त सीखने के लक्ष्य के साथ पढ़ाई करें। यहां तक कि जब आप व्यायाम करते हैं, तो राष्ट्र की सेवा करने के लिए अपने शरीर को मजबूत बनाने के उद्देश्य से करें। यही हमें सिखाया गया था। और आज, आरएसएस एक विशाल संगठन है। यह अब अपनी 100वीं वर्षगांठ के करीब है। ऐसा विशाल स्वयंसेवी संगठन शायद ही दुनिया में कहीं और मौजूद हो। लाखों लोग इससे जुड़े हुए हैं, लेकिन आरएसएस को समझना इतना आसान नहीं है। इसके काम की प्रकृति को सही मायने में समझने के लिए प्रयास करना चाहिए। किसी भी चीज से ज्यादा, आरएसएस आपको एक स्पष्ट दिशा प्रदान करता है, जिसे वास्तव में जीवन में उद्देश्य कहा जा सकता है। दूसरा-राष्ट्र ही सब कुछ है, और लोगों की सेवा करना भगवान की सेवा करने के समान है।

**सवालः** 17 साल की उम्र में एक रोमांचक मोड़ आता है, जब आप घर छोड़कर दो साल तक हिमालय में घूमते रहे। आप सच और भगवान की तलाश में थे। आपका जीवन संन्यासी वाला था। उस अनुभव के बारे में बताएं?

**जवाबः** आपने लगता है कि काफी मेहनत की है। मैं इस विषय में ज्यादा बातें नहीं करता हूं, लेकिन कुछ बातें बताता हूं। मुझे वहीं लोगों के बीच में रहना होता था। गांव में लाइब्रेरी थी, वहां किताबों में पढ़ता था कि खुद को कैसे बेहतर बनाएं। मैं भी अपने साथ ऐसे ही कई प्रयोग करता था। दिसंबर में ठंड में, मैं तय करता था कि खुले में सोऊंगा। देखते हैं सर्दी लगती है कि नहीं। मैं बचपन से ही ऐसे प्रयोग कर लेता था। फिर जब हिमालय की तरफ निकला। वहां कई तपस्वी लोगों से मिला। लेकिन मेरा मन स्थिर नहीं था। वहां का मौसम अलग था। बर्फीले पहाड़ों में रहता था। साधना की। लोगों की सेवा की। एक बार वहां प्राकृतिक आपदा आई थी, मैं वहां गांववालों की मदद करने लगा था। मैं एक जगह ज्यादा दिनों तक नहीं रहता था।

**मोदी बोले, संयुक्त राष्ट्र जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठन की विफलता से नियम टूट रहे**

वैश्विक संघर्ष पर मोदी ने यूक्रेन, मध्य पूर्व और अमेरिका-चीन संबंधों में संघर्षों सहित बढ़ते वैश्विक तनावों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा, कोविड ने हर देश की सीमाओं को उजागर किया है। इससे सीखने के बजाय दुनिया और अधिक विखंडित हो गई है। उन्होंने वैश्विक नियमों को लागू करने में संयुक्त राष्ट्र जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों की विफलता की आलोचना करते हुए कहा कि स्थिरता बनाए रखने के लिए बनाई गई संस्थाएं प्रासंगिकता खो रही हैं। जो लोग कानूनों की अनदेखी करते हैं, उन्हें कोई परिणाम नहीं भुगतना पड़ता। विस्तारवाद से सहयोग की ओर बदलाव की वकालत करते हुए मोदी ने दोहराया- दुनिया एक दूसरे पर निर्भर है। कोई भी देश अकेले नहीं खड़ा हो सकता। आगे बढ़ने का एकमात्र रास्ता शांति सहयोग और विकास है।

सवालः हां फुटबॉल एक ऐसा खेल है जो न सिर्फ इंडिया बल्कि पूरी दुनिया को जोड़ता है। ये दिखाता है कि खेल की ताकत क्या होती है। आपने हाल ही में अमेरिका का दौरा किया और ट्रम्प के साथ अपनी दोस्ती को एक बार फिर मजबूत किया। एक दोस्त और एक नेता को तौर पर आपको डोनाल्ड ट्रम्प की क्या बात अच्छी लगती है?

**जवाबः** मैं एक घटना आपके साथ शेयर करना चाहूंगा। शायद आप उसके जरिये यह समझ पाएंगे कि मैं क्या कहना चाह रहा हूं। ह्यूस्टन में एक प्रोग्राम था हाउडी मोदी। मैं और राष्ट्रपति ट्रम्प दोनों वहां थे और स्टेडियम पूरा भरा हुआ था। अमेरिका में इतनी बड़ी भीड़ का इकट्ठा होना ही एक बहुत बड़ा मौका था। खेल कूद में ऐसा होता है लेकिन किसी राजनीतिक रैली में होना बड़ी बात थी। भारतीय प्रवासी बड़ी संख्या में वहां पर मौजूद थे। हम दोनों ही भाषण दे रहे थे और ट्रम्प नीचे बैठकर हमें सुन रहे थे। यह उनका बड़प्पन है। अमेरिका का राष्ट्रपति स्टेडियम में भीड़ के बीच नीचे बैठकर सुन रहा है। मैं भाषण दे रहा हूं और वह वहां सुन रहे हैं। यह वाकई उनका बड़प्पन है। मैं भाषण देकर नीचे गया और सभी जानते हैं कि अमेरिका में सुरक्षा कितनी कड़ी होती है। कितने तरह की जांच होती है। मैं भाषण देने के बाद ट्र्म्प के पास गया और ऐसे ही उनसे कहा कि क्यों न हम दोनों एकसाथ इस स्टेडियम का एक चक्क र लगाएं। बहुत सारे लोग हैं यहां चलते हैं और उन्हें धन्यवाद देते हैं। अमेरिकी जीवन में ये बात आपके लिए असंभव सी है कि राष्ट्रपति हजारों की भीड़ में चले। लेकिन ट्रम्प बिना एक पल भी इंतजार किए मेरे साथ चल पड़े। उनकी सुरक्षा व्यवस्था में जो लगे थे, उनमें खलबली मच गई। मुझे उस पल ने छू लिया। इस पल ने मुझे दिखा दिया कि ट्रम्प के पास साहस है और वो अपने फैसले खुद लेते हैं। दूसरी बात ये कि उन्हें मोदी पर भरोसा है। अगर वो साथ चलने को कह रहे हैं तो चलिए चलते हैं। यह आपसी विश्वास का भाव था, यह बता रहा था कि हम दोनों के बीच मजबूत संबंध है। उस दिन मुझे यह दिखाई दिया। उस दिन मैंने राष्टपति ट्रम्प का जो रूप देखा। अपनी सिक्योरिटी से पूछे बिना हजारों की भीड़ में मेरे साथ चल देना, वह शानदार था। इस चुनाव प्रचार में जब ट्रम्प पर गोली चली तो मुझे वही डोनाल्ड ट्रम्प नजर आए। हिम्मत वाले और दृढ़ निश्चयी ट्रम्प जो उस दिन मेरा हाथ पकड़कर स्टेडियम में चले थे। गोली लगने के बाद भी अमेरिका के लिए जीना, उनकी जिंदगी अमेरिका के लिए है, उनका दृढ़ निश्चय है कि अमेरिका फर्स्ट. यही भावना उनके भीतर है। मेरे लिए भी देश पहले है, इंडिया फर्स्ट है। इसिलए हम दोनों की जोड़ी जम जाती है। हम इतनी अच्छी तरह से घुलमिल जाते हैं। यही वो चीजें है जो मुझे अपील करती है। दुनियाभर में राजनेताओं के बारे में इतना कुछ छपता है। हर आदमी एक-दूसरे को मीडिया के जरिए आंकता है। ज्यादातर लोग एकदूसरे से मिलकर एक दूसरे को नहीं जान पाते और न ही पहचान पाते हैं। दरअसल आपकी तनाव का कारण भी यही है कि जब तीसरा पक्ष दखलंदाजी करता है। जब मैं पहली बार व्हाइट हाउस में उनसे मिलने गया, तब प्रेसिडेंट ट्रम्प के बारे में मीडिया में बहुत कुछ छपता था। तब वे नए-नए आए थे। दुनिया में उनकी अलग ही छवि बनी हुई थी। मुझे भी तरह-तरह की बातें बताई गई थीं। मैं व्हाइट हाउस पहुंचा तो पहले ही मिनट में उन्होंने प्रोटोकॉल की सारी दीवारें तोड़ दीं। इसके बाद वे खुद मुझे पूरा व्हाइट हाउस घुमाने ले गए। जब वे मुझे चीजें बता रहे थे तो मैंने देखा कि उनके हाथ में कोई नोट या कागज नहीं था। उनके साथ कोई व्यक्ति नहीं था। और. वे मुझे बता रहे थे कि अब्राहम लिंकन यहां रहते थे। इस टेबल पर इस राष्टपति ने दस्तखत किए थे. ये कमरा इतना बड़ा क्यों है। मेरे लिए यह बहुत प्रभावशाली था कि वे इस संस्थान का कितना सम्मान करते हैं। वे अमेरिका के इतिहास के साथ कितने सम्मानपूर्ण और गहराई से उनका जुड़ाव है। मैं यह महसूस कर रहा था और वे मुझसे खुलकर बात कर रहे थे। यह मेरी उनसे पहली मुलाकात का अनुभव था। मैंने देखा कि पहले कार्यकाल के बाद जब बाइडेन चुनाव जीत गए और यह चार साल का समय बीत गया। इस बीच हम दोनों को जानने वाला कोई भी उनसे मिलता था तो उन्होंने पचासों बार कहा होगा कि मोदी मेरे दोस्त हैं और उन्हें मेरी शुभकामनाएं देना। आमतौर पर ऐसा कम ही होता है। हम आमने सामने भले ही न मिलें. हमारा डायरेक्ट और इनडायरेक्ट कनेक्शन होता रहता है। हमारे बीच का विश्वास अटूट रहा है।

**सवालः** बचपन में आपका परिवार ज्यादा संपन्न नहीं था। आप एक कमरे के घर में रहते थे। वो भी मिट्टी का घर था। कम सुविधाओं ने कैसे आपके व्यक्ति त्व को बेहतर बनाया?

**जवाबः** मेरा जन्म गुजरात के वडनगर में हुआ। हमारा घर बहुत छोटा था। इस वक्त हम जहां बैठे हैं, वो तब भी बड़ी जगह है। मेरे घर में कोई खिड़की भी नहीं थी। हमने कभी गरीबी का बोझ फील नहीं किया। हमारी मां और पिता बहुत परिश्रम करते थे। पिता जी सुबह 4 बजे घर से निकल जाते थे। वे जो जूते पहनते थे, वो बहुत हार्ड होते थे। उनसे आवाज आती थी लोग आवाज सुनकर घड़ी मिला लेते थे। मैं स्कूल में कभी जूते पहनकर नहीं जाता था। मेरे मामा रास्ते में मिल गए, उन्होंने 12 रुपए के जूते खरीदकर दे दिए। जूते कैनवास के थे। उस पर दाग लग जाते थे। स्कूल से मैं चॉक के टुकड़े घर ले आता था, उन्हें घोलकर अपने सफेद जूतों पर पॉलिश कर लेता था। मेरे लिए वो बहुत बड़ी संपत्ति थी। मुझे कपड़े वगैरह भी ढंग से पहनने की आदत है, अब कैसे है पता नहीं लेकिन बचपन से थी। जो भी हो उसे ठीक से पहनूं।हमारे पास प्रेस कराने के लिए कोई व्यवस्था नहीं थी। मैं तांबे के लोटे में गर्म पानी करके उसे चिमटे से पकड़कर कपड़ों में प्रेस कर लेता था। फिर स्कूल चला जाता था।

**सवालः** मैंने भी वो सीरीज देखी है, द ग्रेटेस्ट राइवलरी इंडिया वर्सेस पाकिस्तान। इसमें बहुत सारे बेहतरीन मैचों और बहुत से बेहतरीन खिलाड़ियों के बारे में बताया गया है। एसी महान टक्क र देखकर अच्छा लगता है। आपने फुटबॉल के बारे में भी बात की, भारत में फुटबॉल बहुत पॉपुलर है। एक और मुश्किल सवाल आपका पसंदीदा फुटबॉल खिलाड़ी कौन है?? हमारे पास मैसी, क्रि श्चियानो रोनाल्डो, मैराडोना, पेले और जिनेदिन जिदान जैसे नाम हैं। आपको आज तक का सबसे महान फुटबॉल खिलाड़ी कौन लगाता है।

**जवाबः** यह बात सच है कि भारत के कई क्षेत्रों में फुटबॉल खेला जाता है। स्ट्रॉन्ग फुटबॉल कल्चर है। हमारी महिला फुटबॉल टीम अच्छा कर रही है। पुरुष टीम भी अच्छी तरक्क ी कर रही है। अगर हम इतिहास की बात करें तो 80 के दशक में मैराडोना का नाम उभरकर सामने आता है। हो सकता है कि उस पीढ़ी के लोग उन्हें एक हीरो के रूप में देखते हों। अगर आज की पीढ़ी की बात करोगे आप तो वो मैसी का नाम लेंगे। आपने पूछा तो मुझे एक दिलचस्प घटना याद आ रही है। हमारे देश में एक क्षेत्र है, जिसे मध्य प्रदेश कहा जाता है। यह भारत के मध्य में है। यहां एक जिला है शहडोल। वह एक आदिवासी जिला है और ज्यादातर आदिवासी आबादी है। मैं वहां महिला स्वसहायता समूह चलाने वाली आदिवासी महिलाओं से बात करता हूं, मुझे यह पसंद है। मैंने उनसे जाकर बात करने का फैसला किया। मैं वहां गया तो एक बात ने मुझे बहुत प्रभावित किया। करीब 80 से 100 युवाओं ने स्पोर्ट्स यूनिफॉर्म पहन रखे थे। कुछ इनमें से युवा थे और कुछ बूढ़े थे। मैं उनके पास गया और पूछा कि आप लोग कहां से हैं तो उन्होंने मुझसे कहा कि हम मिनी ब्राजील से हैं। मैं आश्चर्यचकित रह गया। मैंने उनसे पूछा कि ये मिनी ब्राजील क्या है। उन्होंने बताया कि हम अपने गांव को मिनी ब्राजील कहते हैं। हमारे गांव में चार-पांच पीढ़ियों से लोग फुटबॉल खेलते हैं। करीब 80 नेशनल प्लेयर्स हमारे गांव से निकले हैं। हमारा पूरा गांव फुटबॉल को समर्पित है। जब हमारे यहां राष्ट्रीय फुटबॉल समारोह होता है तो आसपास के गांव से करीब 20-25 हजार लोग मैच देखने आते हैं। मैं आज कल भारत में फुटबॉल का जो क्रेज देख रहा हूं मैं उसे एक शुभ संकेत मानता हूं। क्योंकि ये सिर्फ किसी का पैशन नहीं है, लेकिन ये सच्ची खेल भावना भी पैदा करता है।

**सवालः** भारत या पाकिस्तान में से कौन सी क्रिकेट टीम बेहतर है? दोनों टीमों के पिच पर दुश्मनी के चर्चे सभी ने सुने हैं और दोनों के बीच जियो पॉलिटिकल तनाव भी है। स्पोर्ट्स जैसे क्रिकेट फुटबॉल संबंध बनाने में बेहतर भूमिका कैसे निभाते हैं?

**जवाबः** मुझे लगता है कि खेलों में वह ताकत है कि वे पूरी दुनिया को ऊर्जावान बना सकते हैं। खेल भावना अलग-अलग देशों के लोगों को एकसाथ लाती है। मैं इसीलिए कभी खेलों को बदनाम होते नहीं देखना चाहता हूं। मैं हमेशा से ही खेलों का मानव विकास में बहुत बड़ा रोल मानता हूं। ये खेल लोगों को गहराई से जोड़ते हैं। अब सवाल है कि कौन अच्छा है और कौन बुरा। अगर आप खेल की तकनीक के बारे में कहेंगे तो मैं कोई विशेषज्ञ नहीं हूं। ये बात वही बता सकते हैं जो तकनीक के बारे में जानते हैं। वही बता सकते हैं कि किस प्लेयर की तकनीक अच्छी है और किसकी खराब। लेकिन कई बार परिणाम उस खिलाड़ी के बारे में बोलते हैं। कुछ दिन पहले भारत और पाकिस्तान के बीच एक मैच हुआ था। नतीजे इस बात को बता देते हैं कि कौन सी टीम बेहतर है। इससे हमें पता चलता है कौन बेहतर है।

**सवालः** क्या कभी ऐसा हुआ है कि आप किसी दुनिया के बड़े नेताओं से मिले हों और पूरी तरह उपवास पर रहे हों। उस वक्त उनका क्या रिएक्शन होता है?

**जवाबः** ऐसा है मैं ज्यादातर लोगों को पता नहीं चलने देता हूं। जब मैं सीएम, पीएम बना तब लोगों को पता चला। एक बार पीएम बनने के बाद ओबामा के साथ मेरी मीटिंग थी। उस वक्त डिनर भी रखा था। उन्हें बताया गया कि पीएम कुछ खाएंगे नहीं। जब हम बैठे मेरे लिए गर्म पानी आया। मैंने ओबामा जी से मजाक में कहा देखो मेरा भाई मेरा खाना आ गया। बाद में जब मैं दोबारा गया तो उन्हें याद था, इस बार उपवास नहीं हुआ तो दोगुना खाना पड़ेगा।

**गुजरात दंगों से पहले देश में बड़े आतंकी हमले हुए**

पीएम मोदी ने कहा कि 1999 में कंधार विमान अपहरण, 2000 में लाल किले पर हमला, 9/11 (2001) अमेरिका आतंकी हमला, जम्मू-कश्मीर विधानसभा और भारतीय संसद पर हमले जैसे कई बड़े घटनाक्रम देश को झकझोर चुके थे। इस दौरान गुजरात भी 2001 के विनाशकारी भूकंप से उबर रहा था। गुजरात के मुख्यमंत्री बनने के तीन दिन बाद हुआ गोधरा कांड

मोदी ने बताया कि 7 अक्टूबर, 2001 को जब उन्होंने पहली बार मुख्यमंत्री पद संभाला, तब उन्हें प्रशासन का कोई अनुभव नहीं था। 24 फरवरी, 2002 को वे पहली बार निर्वाचित प्रतिनिधि बने, और 27 फरवरी, 2002 को गोधरा कांड हुआ, जिसने प्रदेश में हिंसा भड़का दी।

**गुजरात में पहले भी होते रहे थे दंगे**

पीएम मोदी ने कहा कि गुजरात में 2002 से पहले भी 250 से अधिक दंगे हो चुके थे। 1969 का दंगा छह महीने तक चला था। उन्होंने कहा कि 2002 के दंगे दुखद थे, लेकिन उसके बाद राज्य में स्थायी शांति बनी।

**न्यायपालिका ने दी क्लीन चिट**

उन्होंने कहा कि उनकी सरकार के खिलाफ कई आरोप लगाए गए, लेकिन न्यायपालिका ने दो बार जांच के बाद उन्हें निर्दोष करार दिया। उन्होंने कहा, जो लोग दोषी थे, उन्हें कानून के तहत सजा दी गई।

**पीएम बोले, महात्मा गांधी की गो-रक्षा की इच्छा थी**

हमारे यहां महात्मा गांधी की गो-रक्षा की इच्छा थी। उसको लेकर आंदोलन चल रहा था। उस समय पूरे देश में एक दिन का व्रत करने का कार्यक्रम था। हम तो बच्चे थे, प्राइमरी स्कूल से निकला था। मुझे भी व्रत रखना था। उस उम्र में मुझे नई एनर्जी मिल रही थी। मुझे लगा कि ये कोई साइंस है। धीरे-धीरे इसके बारे में और समझता गया। मैंने देखा है कि उपवास के दौरान मुझे अगर कहीं अपने विचारों को व्यक्त करना है। तो मैं हैरान हो जाता हूं कि ये विचार कहां से आते हैं। कैसे निकलते हैं।

**सवालः** मैंने पिछले 45 घंटे से व्रत रखा है। खाना नहीं खा रहा, सिर्फ पानी पी रहा। मैंने सुना है आप काफी उपवास रखते हैं, क्या उपवास रखने का कारण बताएंगे?

**पीएम का जवाबः** मेरे लिए आश्चर्य की बात है कि आपने व्रत रखा। भारत में जो धार्मिक परंपराएं हैं। वो दरअसल जीवनशैली हैं और हमारी सुप्रीम कोर्ट ने हिंदू धर्म की बहुत बढ़िया व्याख्या की है। हिंदू धर्म में सिर्फ पूजा करना नहीं है। यह जीवन जीने की कला है। हमारे शास्त्रों में शरीर, मन, आत्मा को ऊंचाई पर ले जाने के रास्ते हैं, परंपराएं हैं। उसमें एक व्रत भी है। मैं सामान्य भाषा में बात करूं तो जीवन को अंदर और बाहर दोनों तरह के अनुशासन में यह काम आता है।

## सुविचार

जो अकले चलते हैं, वे शीघ्रता से बढ़ते हैं।

- अज्ञात

## जागरूक संपादकीय

### भारतीयता की भावना

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के नेता इंद्रेश कुमार ने कहा है कि देश की प्रगति तभी संभव है जब हर कोई खुद को भारतीय महसूस करे यानि भारतीयता की भावना सभी देशवासियों के मन में होनी चाहिए। इससे सांप्रदायिक दंगे और धर्म पर आधारित राजनीति खत्म हो जाएगी। अगर हम सभी को यह एहसास हो कि हम भारतीय हैं, हम भारतीय थे और हम आगे भी रहेंगे तो इससे सांप्रदायिक दंगे और धर्म के आधार पर राजनीति खत्म हो जाएगी और देश तरक्की करेगा। किसी को भी इस देश को बांटने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। आरएसएस नेता ने परोक्ष रूप से विपक्षी दलों पर 'वोट की राजनीति' करने का आरोप लगाया और कहा कि कई दल धर्म और जाति के आधार पर विभाजन पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। वोट की राजनीति के कारण कई पार्टियां इस तथ्य के खिलाफ हैं कि हम सभी भारतीय हैं। इसलिए वे धर्म और जाति के आधार पर विभाजन पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। उनकी प्रतिक्रिया राज्य मंत्रिमंडल द्वारा कर्नाटक सार्वजनिक खरीद पारदर्शिता (केटीपीपी) अधिनियम में संशोधन को मंजूरी देने के बाद आई है। केटीपीपी अधिनियम में संशोधन का उद्देश्य मुस्लिम ठेकेदारों को टेंडर में 4 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करना है। बता दें कि शुक्रवार को कर्नाटक विधानसभा के कैबिनेट हॉल में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया था। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि केटीपीपी अधिनियम को चालू विधानसभा सत्र में पेश किए जाने के बाद संशोधन किया जाएगा। वहीं, इंद्रेश कुमार ने एक इफ्तार पार्टी में कहा कि पाकिस्तान ने भारत के विरोध और तनाव को अपनी नीति बनाया, जिसका परिणाम हमें हालिया घटनाओं में देखने को मिल रहा है। पाकिस्तान की क्रूरता और आतंरिक अस्थिरता के कारण उसकी पहचान की राजनीति ही खतरे में पड़ गई है। शांति और विकास के मार्ग पर चलकर भारत महाशक्ति बन गया, जबकि पाकिस्तान ने विभाजन और आतंकवाद को अपनाया। आज वह अलगाववाद और आंतरिक विद्रोह का सामना कर रहा है। आज पाकिस्तान का मुसलमान भी अपने देश में खुद को सुरक्षित नहीं मानता। आम पाकिस्तानियों को लगता है कि चीन उन पर कब्जा करेगा। यह डर उन्हें परेशान कर रहा है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने टेंडरों में मुस्लिम ठेकेदारों को 4 प्रतिशत आरक्षण देने के कर्नाटक कैबिनेट के फैसले पर कहा कि कांग्रेस पार्टी ने तुष्टीकरण की सभी हदें पार कर दी हैं। संविधान की चर्चा करने वाले लोग डा. बाबा साहेब आंबेडकर का विरोध करके धर्म के आधार पर आरक्षण दे रहे हैं। पहले माना जाता था कि सक्षम ठेकेदार पुल बनाएंगे, लेकिन अब लोगों को उस व्यक्ति को देखना होगा जिसने धर्म के आधार पर पुल बनवाए हैं।

## दावों-प्रतिदावों के बीच

# यूक्रेन में युद्धविराम पर सबकी निगाहें



**डॉ. अनिता राठौर**

पिछले साल 6 अगस्त को यूक्रेन ने पश्चिम रूस के कुर्स्क क्षेत्र, जो उसके सूमी क्षेत्र की सीमा से लगा हुआ है, में जबरदस्त हमला किया था और 1,376 वर्ग किमी व लगभग 100 शहरों-गांवों पर कब्ज़ा कर लिया था। दूसरे विश्व युद्ध के बाद पहली बार किसी देश की फ़ौज रूस की जमीन पर घुसी व काबिज़ हुई थी। हालांकि रूस ने भी यूक्रेन के लगभग पांचवें हिस्से पर कब्ज़ा किया हुआ है,लेकिन यह बात रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन को शर्मसार करने वाली थी, विशेषकर इसलिए कि उन्होंने खुद को उन रूसी शासकों की ऐतिहासिक परंपरा में शामिल किया हुआ है, जो सैन्य तौरपर अत्यधिक सफल हुए थे। बहरहाल, पिछले साल अक्टूबर में रूसी फ़ौज का साथ देने के लिए उत्तर कोरिया की फ़ौज भी कुर्स्क में आ गई और तब से युद्ध में रूस का पलड़ा भारी होता गया कि उसने सुद्ज्हा (कीव के कब्जे में उसका जो सबसे बड़ा क्षेत्र था) सहित अपना लगभग 90 प्रतिशत क्षेत्र वापस ले लिया है। लेकिन 10 प्रतिशत पर अभी भी यूक्रेन का कब्जा है।

इमेज

अब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के बयान से ऐसा प्रतीत होता है कि पश्चिमी कुर्स्क में रूस व उत्तर कोरिया के सैनिकों ने यूक्रेन के सैनिकों को बुरी तरह से घेर लिया है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा, "मैंने राष्ट्रपति पुतिन से सख्ती से आग्रह किया है कि वह उन (हज़ारों यूक्रेन सैनिकों) की ज़िंदगी बख्श दें। यह दूसरे विश्व युद्ध के बाद सबसे अधिक भयावह कत्लेआम होगा।" इस पर पुतिन का जवाब था कि वह अपने पश्चिम कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेन के सैनिकों की जान बख्श देंगे अगर कीव अपने सैनिकों को उन्हें आत्मसमर्पण का आदेश दे तो। दूसरी ओर यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदोमिर ज़ेलेंस्की ने अपने सैनिकों की स्थिति को 'अति कठिन' अवश्य बताया है, लेकिन इस बात से इंकार किया है कि कुर्स्क में उनके सैनिकों को घेर लिया गया है। उन्होंने रूस के दावे को झूठ व मनगढ़ंत बताया है। इस बीच यूक्रेन ने तीन-वर्ष के युद्ध में अब तक का अपना सबसे बड़ा हमला किया, लेकिन उसके 337 ड्रोनों को रूस की एयरफ़ोर्स ने मार गिराया। इसके बाद क्रेमलिन ने अपने पड़ोसी पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण करने का आदेश दिया है। कीव के पास रूस के साथ सौदेबाज़ी करने के जो चंद पहलू हैं उनमें से प्रमुख कुर्स्क पर उसका कब्ज़ा ही है। अगर यूक्रेन कुर्स्क पर अपना नियन्त्रण खो बैठता है तो क्या होगा? यूक्रेन अपने क्षेत्र, मनोबल और सौदेबाज़ी करने की क्षमता को खो बैठेगा। महीनों के भयंकर युद्ध के बाद कुर्स्क से निकलने पर ज़ेलेंस्की अतिरिक्त कमज़ोर हो जाएंगे जबकि 28 फरवरी 2025 को ट्रंप के साथ असफल वार्ता के बाद वह पहले से ही दबाव में हैं। इस पृष्ठभूमि में शांति योजना के उस प्रस्ताव को देखना आवश्यक है, जिसे अमेरिका चाहता है कि क्रेमलिन 'बिना शर्त' के स्वीकार कर ले। गौरतलब है कि 11 मार्च 2025 को जेद्दाह, सऊदी अरब में अमेरिका व यूक्रेन के वार्ताकारों के बीच 8 घंटों से भी अधिक बातचीत हुई। इसके बाद दोनों देशों ने अपने शांति प्रस्ताव के संदर्भ में संयुक्त वक्तव्य जारी किया। अमेरिका का कहना है कि अब इस सिलसिले में गेंद मास्को के पाले में है। प्रस्ताव में कहा गया



है कि यूक्रेन 'तुरंत प्रभाव से 30-दिन के अंतरिम युद्धविराम के लिए तैयार है', जिसे संबंधित पार्टियों की आपसी सहमति से आगे भी बढ़ाया जा सकता है। अमेरिका ने यूक्रेन पर जो सुरक्षा सहयोग व इंटेलिजेंस साझा करने पर रोक लगाई थी, उसे वापस ले लिया गया है। अमेरिका व यूक्रेन इस बात पर सहमत हो गए हैं कि यूक्रेन के खनिज संसाधनों पर समझौता जितनी जल्दी मुमकिन हो सकेगा कर लिया जाएगा। वाइट हाउस में ट्रंप ज़ेलेंस्की की तू-तू मैं-मैं के बाद यह प्रस्तावित समझौता अधर में लटक गया था। लेकिन संयुक्त वक्तव्य में 'सुरक्षा गारंटी' वाक्यांश शामिल नहीं है, जबकि ज़ेलेंस्की की यही प्रमुख मांग थी कि अमेरिका उससे वायदा करे कि अगर रूस युद्धविराम या शांति समझौते का उल्लंघन करता है तो वह उसकी मदद करेगा। पिछले तीन वर्षों से पुतिन यह प्रचारित करते आ रहे हैं कि यूक्रेन युद्ध को कीव व उसके पश्चिमी सहयोगियों ने उकसाया है। इसी को आधार बनाकर उन्होंने 'रूसकीय मीर' (रूसी प्रभाव के यूक्रेन क्षेत्रों) को वापस लेने का राष्ट्रवादी दृष्टिकोण पेश किया। ज़ाहिर है कि यूक्रेन को पराजित किये बिना मास्को का यह प्रोजेक्ट अधूरा रहेगा। इस समय अगर युद्धविराम कर लिया जाता है तो रूस जंग में अपना वेग खो बैठेगा, जबकि इस समय वह बढ़त बनाये हुए है। दूसरी ओर रूस अगर युद्धविराम के प्रस्ताव को एकदम से नकार देता तो यूक्रेन सही साबित हो जाता कि मास्को की शांति में दिलचस्पी नहीं है और रूस-अमेरिका के संबंध सामान्य करने के जो प्रयास जारी हैं, वे प्रयास भी पटरी से उतर जाएंगे। शायद इसलिए पुतिन ने बीच का रास्ता अपनाते हुए कहा कि वह 30-दिन के युद्धविराम को स्वीकार करने के लिए खुले हैं, लेकिन अनेक 'प्रश्नों' का समाधान अभी शेष है। पुतिन मुख्यतः यह जानना चाहते हैं कि कुर्स्क पर जो यूक्रेन सैनिकों का कब्ज़ा है, उसका क्या होगा और क्या 30-दिन के युद्धविराम के दौरान कीव को हथियार दिए जाएंगे? पुतिन का यह भी सवाल है कि शांति योजना की निगरानी कैसे की जाएगी और उसे कैसे लागू किया जाएगा? ट्रंप ने कहा है कि वह पुतिन से टेलीफोन पर बात करेंगे। बहरहाल, पुतिन के बयानों से स्पष्ट होता है कि मास्को शांति स्थापित करने की जल्दी में नहीं है। पुतिन के मुख्य सलाहकार यूरी उषाकोव का कहना है कि रूस अस्थायी युद्धविराम की बजाय दीर्घकालीन शांति समझौते को प्राथमिकता देगा। तो क्या ट्रंप ने पुतिन के ब्लफ को ज़ाहिर कर दिया है? पुतिन या तो अंतरिम युद्धविराम के प्रस्ताव को स्वीकार करें या पूरी दुनिया के समक्ष पुष्टि करें कि रूस का सैन्य आक्रमण हमेशा से साम्राज्य इच्छा से प्रेरित था। ट्रंप ने धमकी भी दी है कि अगर पुतिन 'न' कहते हैं तो वह यूक्रेन का समर्थन जारी रखेंगे। गौरतलब है कि यूक्रेन द्वारा युद्धविराम का प्रस्ताव स्वीकार करने के बाद अमेरिका ने उसे सैन्य सहयोग देना व इंटेलिजेंस साझा करना बहाल कर दिया है। अब पोलैंड ने भी अमेरिका से कहा है कि वह अपने परमाणु हथियार उसकी धरती पर तैनात कर दे। यह मास्को व विश्व शांति के लिए अच्छे संकेत नहीं हैं। रूसी प्रशासन में अधिकतर की राय यह है कि युद्धविराम का प्रस्ताव जाल है और इस समय उसे स्वीकार करने का अर्थ होगा कि यूक्रेन को रिकवर और हथियारों से लैस होने का अवसर प्रदान करना। कुछ लोगों का कहना है कि रूस युद्धविराम को इस शर्त पर स्वीकार करे कि उस पर से पाबंदियां हटाई जाएं या यूक्रेन के चार क्षेत्रों (जो अभी मास्को के पूर्ण नियन्त्रण में नहीं हैं) को क्रीमिया के साथ रूसी क्षेत्रों के तौरपर मान्यता दी जाए। रूस में युद्ध का समर्थन करने वाली आवाज़ों, जो पुतिन का मुख्य राजनीतिक आधार हैं, ने युद्धविराम को सीधे तौरपर ठुकरा दिया है। पुतिन ने स्वयं युद्ध विधवाओं से कहा है कि मास्को का इरादा रुकने का नहीं है।

## पंचांग

सोमवार, 17 मार्च 2025

| | |
|---|---|
| विक्रम संवत् | - 2081 |
| शक संवत् | - 1946 |
| ऋतु | - वसंत |
| माह | - चैत्र |
| पक्ष | - कृष्ण |
| तिथि | - तृतीया 19.34 तक |
| वार | - सोमवार |
| नक्षत्र | - चित्रा 14.47 तक |
| योग | - ध्रुव 15.45 तक |
| करण | - विष्टि 19.34 तक |
| सूर्योदय | - 06.47 (मुंबई) |
| सूर्यास्त | - 06.47 (मुंबई) |
| सूर्योदय | - 06.48 (भीनमाल) |
| सूर्यास्त | - 06.50 (भीनमाल) |
| चंद्र राशि | - तुला |
| अभिजित् मुहूर्त | - 12.23 से 13.11 |
| राहु काल | - 08.16 से 09.46 |
| व्रत, त्यौहार | - छ. शिवाजी जयंती (तिथि प्रमाणे), संकष्ट चतुर्थी, वज्रमूशलयोग 14.47 तक, भद्रा 19.34 तक, सूर्य उभायां 27.13 |
| दिशा शूल | - पूर्व |

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



## धर्म-कर्म

### नीम करोली महाराज का कैंची धाम पवित्र स्थान

नैनीताल के पास स्थित कैंची धाम, बाबा नीम करोली महाराज जी का पवित्र स्थान है, जहां भक्तों को अद्भुत शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव होता है। मान्यता है कि महाराज जी के दर्शन मात्र से ही जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है और भाग्य खुल जाता है। यहां आकर भक्त अपने दिल की सभी बातें महाराज जी के चरणों में रखते हैं और उनकी कृपा से जीवन की सभी परेशानियां दूर हो जाती हैं। लेकिन कई बार लोग जाने अनजाने में कैंची धाम जाकर कुछ ऐसी गलतियां कर देते हैं, जिस कारण उन्हें लाभ की जगह नुकसान हो सकता है। आपको कैंची धाम में विशेष ध्यान रखना चाहिए। अगर कैंची धाम जा रहे हैं, तो सबसे पहले यह समझें कि यह एक आध्यात्मिक स्थान है, न कि कोई पर्यटन स्थल। मंदिर के अंदर फोटो और वीडियो लेना सख्त मना है, इसलिए कृपया अनुशासन का पालन करें, क्योंकि बाबा नीम करोली महाराज जी को अनुशासन बहुत प्रिय है। यहां जाकर अपने मन में राम-राम और सीताराम का जाप करें। मंदिर परिसर में अनुशासन बनाए रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है. मंदिर में शांति बनाए रखें और भक्तों को किसी भी प्रकार की असुविधा न पहुंचाएं। कई बार लोग मंदिर में लाइन में लगे हुए इधर-उधर की बातें करते हैं, जिससे दूसरे लोगों को असुविधा होती है तो ऐसा न करें। कैंची धाम में जाने का मुख्य उद्देश्य आत्मा की शुद्धि और महाराज जी की कृपा प्राप्त करना है, न कि अपने फॉलोअर्स बढ़ाना। इसलिए वहां जाकर सच्चे मन से भक्ति करें और महाराज जी के आशीर्वाद का अनुभव करें। जब भी आप मंदिर जाएं, राम-राम और सीताराम का जाप करते रहें। जब आप मंदिर में जाते हैं, तो अपने दिल की सभी बातें महाराज जी के चरणों में समर्पित करें, क्योंकि महाराज जी सब कुछ जानते हैं और बिना कहे ही आपकी परेशानियां दूर कर देते हैं।



## गीता सार

**ज्ञेयः स नित्यसंन्यासी यो न द्वेष्टि न काङ्क्षति।**
**निर्द्वन्द्वो हि महाबाहो सुखं बन्धात्प्रमुच्यते॥**

**हिंदी अर्थ –**

हे वीर अर्जुन! जो न किसी से द्वेष करता है और न किसी की आकांक्षा करता है, उस कर्मयोगी को सदा संन्यासी ही जानना चाहिए क्योंकि राग-द्वेष आदि द्वंदों से रहित पुरुष सुखपूर्वक संसार-बंधन से मुक्त हो जाता है।

## तारीख विशेष

### साइना नेहवाल

साइना नेहवाल भारत की प्रसिद्ध बैडमिंटन खिलाड़ी हैं। साइना नेहवाल भारत सरकार द्वारा पद्म श्री, पद्म भूषण और भारत का सर्वोच्च खेल पुरस्कार राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित हो चुकी हैं। लंदन ओलंपिक 2012 में साइना नेहवाल ने इतिहास रचते हुए बैडमिंटन की महिला एकल स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया। बैडमिंटन में ऐसा करने वाली साइना नेहवाल भारत की पहली खिलाड़ी हैं। साइना बीजिंग ओलंपिक 2008 में भी क्वार्टर फाइनल तक पहुंची थीं। वह विश्व कनिष्ठ बैडमिंटन चैंपियनशिप जीतने वाली पहली भारतीय हैं। साइना नेहवाल 28 मार्च, 2015 को दुनिया की नंबर वन रैंकिंग हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला बैडमिंटन खिलाड़ी बन गई जब स्पेन की कैरोलिना मारिन यहां इंडिया ओपन सुपर सीरिज सेमीफाइनल में हार गईं। साइना नेहवाल का जन्म 17 मार्च, 1990 को हिसार, हरियाणा में हुआ। माता-पिता दोनों ही बैडमिंटन खिलाड़ी होने के कारण साइना नेहवाल की रुचि बचपन से ही बैडमिंटन में थी। उनके पिता हरवीर सिंह ने बेटी की रुचि को देखते हुए उसे पूरा सहयोग और प्रोत्साहन दिया। 8 वर्ष की आयु में ही बैडमिंटन खेलना शुरू करने वाली साइना नेहवाल को भारत सरकार द्वारा पद्म श्री, पद्म भूषण और राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। साइना का प्रारम्भिक प्रशिक्षण हैदराबाद के 'लाल बहादुर स्टेडियम' में कोच नानी प्रसाद के संरक्षण में हुआ। साइना नेहवाल ने वर्ष 2005 में 'एशियन सेटेलाइट बैडमिंटन जूनियर चेक ओपन' का खिताब जीता। साइना नेहवाल दो बार सीनियर नेशनल चैंपियनशिप में रनर-अप रहीं। 2005 में राष्ट्रमंडल युवा खेलों की स्पर्धा में उन्होंने सात पदक जीतने में सफलता प्राप्त की। साइना नेहवाल ने 2006 में 'एशियन सैटलाइट चैंपियनशिप' जीती। 2006 में मनीला में 'फिलीपिंस ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप' जीत कर इतिहास रच डाला। साइना का नाम विश्व इतिहास में 21 जून, 2009 को लिखा गया, जब उन्होंने 'इंडोनेशियाई ओपन' जीतते हुए 'सुपर सीरिज बैडमिंटन टूर्नामेंट' का खिताब अपने नाम किया।

## बड़ा पर्दा

# अनारकली बीना राय के अनसुने किस्से

**कैलाश सिंह**

अनारकली का नाम आते ही जहन में अब तो मधुबाला का नाम आता है, लेकिन 'मुगले-आज़म' के रिलीज़ होने से सात साल पहले बीना राय ने पर्दे पर अनारकली बनकर अपनी अमिट छाप छोड़ी थी और दर्शक उन्हें 'नशे में नृत्य' करते हुए देखने के लिए बार बार सिनेमाघरों का रुख करते थे। कृष्णा सरीन के रूप में बीना राय का जन्म 13 जुलाई 1931 को लाहौर में हुआ था। देश विभाजन के समय उनका परिवार कानपुर में बस गया। बीना राय ने लखनऊ जाकर आईटी कॉलेज में प्रवेश लिया, कॉलेज के मंचों पर नाटकों में हिस्सा लेने लगीं और इस तरह उनकी अभिनय में दिलचस्पी बढ़ती रही। उनका फिल्मों में प्रवेश करने की दो अलग अलग कहानियां बताई जाती हैं। एक यह कि टैलेंट कांटेस्ट में उन्होंने हिस्सा लिया, उसे जीता, परिवार से बॉम्बे जाने के लिए भूख हड़ताल की, जिद की जिसे आखिरकार मान लिया गया और वह फिल्मों का हिस्सा बन गईं। दूसरा यह कि किशोर साहू ने उन्हें लखनऊ में एक नाटक में काम करते हुए देखा, उनके अभिनय से प्रभावित हुए और उन्हें नया नाम बीना राय देकर फिल्म 'काली घटा' में काम करने का ऑफर दिया।

इमेज

फिल्म 'अभिमान' (1973) का प्लाट यह है कि गायक सुबीर कुमार (अमिताभ बच्चन) अपनी पत्नी उमा (जया भादुड़ी, अब जया बच्चन) को प्रेरित करता है कि वह अपना गायकी का करियर जारी रखे और उसे आगे बढ़ाने का प्रयास करे। लेकिन उनके वैवाहिक जीवन में उस समय कलह व तनाव हो जाता है जब उमा गायन में सुबीर से अधिक सफल हो जाती है। 'अभिमान' की यह कहानी बीना राय और प्रेमनाथ के जीवन पर आधारित है। हालांकि प्रेमनाथ मधुबाला के प्रेम में पागल थे और उनसे शादी करना चाहते थे, लेकिन यह विवाह बीना राय के अनुसार दोनों के धार्मिक अंतर के कारण न हो सका। यह वजह सही प्रतीत नहीं होती क्योंकि धार्मिक अंतर के बावजूद मधुबाला ने आखिरकार किशोर कुमार से तो शादी की। दरअसल, असल कारण यह था कि फिल्म 'तराना' की शूटिंग के दौरान मधुबाला दिलीप कुमार को अपना दिल दे बैठीं थीं। इसे लेकर प्रेमनाथ दिलीप कुमार से नाराज़ भी रहे। यह बात स्वयं प्रेमनाथ ने एक इंटरव्यू में बताई थी। बहरहाल, मधुबाला से अलग होने के बाद प्रेमनाथ जब फिल्म 'औरत' की शूटिंग कर रहे थे तो फिल्म की हीरोइन बीना राय, जो बहुत सुंदर व प्रतिभाशाली कलाकार थीं, से इश्क कर बैठे। दोनों ने जल्द ही शादी कर ली। उन दिनों शादी करने के बाद अधिकतर अभिनेत्रियां फिल्मों से अलग हो जाया करती थीं ताकि पारिवारिक जीवन का निर्वाह कर सकें, लेकिन प्रेमनाथ ने बीना राय को प्रोत्साहित किया कि वह फिल्मों में काम करना जारी रखें। फिर कुछ ऐसा हुआ कि बीना राय कामयाबी की सीढ़ियां चढ़ती रहीं, 'अनारकली', 'घूंघट' व 'ताजमहल' जैसी कालजयी फिल्मों ने उन्हें शुहरत व सफलता की बुलंदी पर पहुंचा दिया, जबकि दूसरी ओर प्रेमनाथ का करियर ग्राफ नीचे की तरफ जाने लगा। उन्हें हीरो के रोल मिलने बंद होने लगे। उन्होंने अपना प्रोडक्शन हाउस खोला, बीना राय को ही अपनी फिल्मों में हीरोइन लिया, लेकिन कोई फिल्म न चली, जबकि प्रदीप कुमार के साथ बीना राय की जोड़ी निरंतर हिट फिल्में दिए जा रही थी। सफलता के इस अंतर से उनके पारिवारिक जीवन में कलह व तनाव रहने लगा। संन्यासी बनने के लिए प्रेमनाथ पहाड़ों की ओर निकल गए। अनेक वर्षों तक वह मायानगरी से दूर रहे। आखिरकार अपने परिवार को बचाने और दो बेटों (प्रेम किशन व कैलाश नाथ) के भविष्य की खातिर बीना राय ने 28 फिल्मों में अभिनय करने के बाद बड़े पर्दे को, 'अपना घर अपनी कहानी' (1968) में काम करने के बाद अलविदा कह दिया, यह अलग बात है कि फिल्म 'घूंघट' के लिए फिल्मफेयर का सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार पाने वाली बीना राय जब 68-वर्ष की विधवा थीं तब भी उन्होंने एक इंटरव्यू में अपनी आयु के अनुरूप फिल्मों में किरदार अदा करने की इच्छा व्यक्त की थी। बीना राय की कुर्बानी के बाद प्रेमनाथ बॉलीवुड में लौट आए और सफलतापूर्वक फिल्मों में चरित्र व खलनायक के किरदार निभाने लगे। अनारकली का नाम आते ही जहन में अब तो मधुबाला का नाम आता है, लेकिन 'मुगले-आज़म' के रिलीज़ होने से सात साल पहले बीना राय ने पर्दे पर अनारकली बनकर अपनी अमिट छाप छोड़ी थी और दर्शक उन्हें 'नशे में नृत्य' करते हुए देखने के लिए बार बार सिनेमाघरों का रुख करते थे। कृष्णा सरीन के रूप में बीना राय का जन्म 13 जुलाई 1931 को लाहौर में हुआ था। देश विभाजन के समय उनका परिवार कानपुर में बस गया। बीना राय ने लखनऊ जाकर आईटी कॉलेज में प्रवेश लिया, कॉलेज के मंचों पर नाटकों में हिस्सा लेने लगीं और इस तरह उनकी अभिनय में दिलचस्पी बढ़ती रही। उनका फिल्मों में प्रवेश करने की दो अलग अलग कहानियां बताई जाती हैं। एक यह कि टैलेंट कांटेस्ट में उन्होंने हिस्सा लिया, उसे जीता, परिवार से बॉम्बे जाने के लिए भूख हड़ताल की, जिद की जिसे आखिरकार मान लिया गया और वह फिल्मों का हिस्सा बन गईं। दूसरा यह कि किशोर साहू ने उन्हें लखनऊ में एक नाटक में काम करते हुए देखा, उनके अभिनय से प्रभावित हुए और उन्हें नया नाम बीना राय देकर फिल्म 'काली घटा' में काम करने का ऑफर दिया। यह फिल्म 1951 में रिलीज़ हुई, बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल न कर सकी, लेकिन बीना राय की सुंदरता व प्रतिभा ने सब को प्रभावित किया। निर्माता उन्हें अपनी फिल्मों में लेने के लिए उतावले हो गए। बीना राय का दिल का दौरा पड़ने से 6 दिसंबर 2009 को मुंबई में निधन हो गया। वह 78-वर्ष की थीं। हालांकि बीना राय ने अपने दौर के लगभग सभी एक्टर्स के साथ काम किया, लेकिन प्रदीप कुमार के साथ 'अनारकली' (1953), 'ताजमहल' (1963) व 'घूंघट' (1960) में उनकी जोड़ी सबसे सफल रही और इन्हीं फिल्मों के लिए उन्हें हमेशा याद किया जाता रहेगा, 'जो वादा किया वो निभाना पड़ेगा', 'पांव छू लेने दो' जैसे कालजयी गीतों के लिए।

## पाठक पाती

### होली पर कई जगह कानून व्यवस्था ध्वस्त

देश भर में होली का त्योहार पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, परंतु इसी बीच झारखंड के गिरीडीह जिले के घोड़थंभा में होली जुलूस के दौरान दो समुदायों में हिंसक झड़प हो गई। विवाद तब शुरू हुआ जब एक समुदाय विशेष के लोगों ने गली में जुलूस के प्रवेश करने पर विरोध जताया। इसी क्रम में उस समुदाय विशेष के लोगों ने जुलूस पर पथराव कर दिया एवं सड़क पर खड़ी गाड़ियों तथा दुकानों में आग भी लगा दिया, जिससे इलाके में तनाव का माहौल पैदा हो गया। हालांकि सूचना पाकर प्रशासन घटनास्थल पर पहुंची एवं मामले को शांत कराया। यह दुःख की बात है कि जब से झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार बनी है, तब से धार्मिक उन्माद बहुत ज्यादा फैल गया है। पिछले साल देवघर जिले के मधुपुर में दुर्गापुजा में मूर्ति विसर्जन के दौरान सड़क पर लोगों को रोक दिया गया था। इस साल खूंटी जिले में सरस्वती पूजा के दौरान हिंसक झड़प हुआ, और अब होली में गिरीडीह में। आखिर हिंदुओं के त्योहारों पर ही हमला क्यों होता है? यह एक यक्ष प्रश्न है। त्योहारों के पूर्व प्रशासन का फ्लैग मार्च, थानों में शांति समिति की बैठक आदि क्रियाकलाप महज एक औपचारिकता लगता है।

-संदीप कुमार, मधुपुर (झारखंड)

**पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।**
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

## बोले तो...



तेलंगाना में 1969 में एक आंदोलन हुआ था, उसमें उस्मानिया यूनिवर्सिटी (ओयू) का बहुत महत्व है। उस समय छात्र एक साथ संघर्ष करते थे। उन्होंने आजादी की लड़ाई लड़ी, वंदे मातरम् का नारा वहीं से आया। ऐसे विश्वविद्यालय में वे विरोध-प्रदर्शनों पर रोक लगा रहे हैं।

-जी किशन रेड्डी



एक दलित महिला के पति को बलात्कारी कहने को उचित ठहराते हैं तो यह इस बात को प्रमाण है कि आप कांग्रेस पार्टी को किस दिशा में ले जा रहे है। अब बस इंतजार करें, बड़ा खुलासा अभी होना बाकी है। आपके वरिष्ठ नेता की आईएसआई और पाकिस्तान के साथ सांठगांठ उजागर हो जाएगी।

-हिमंत बिस्वा



आर्थिक जिहाद, वक्फ बोर्ड और मुस्लिम कल्याण के लिए अनुचित धन आवंटित किया जाता है। वहीं एससी/एसटी के कल्याण को निर्धारित धन को डायवर्ट करके लूटा जा रहा है। यह मुस्लिम तुष्टिकरण की हद है जो कर्नाटक कांग्रेस सरकार संविधान द्वारा निर्धारित लोकतंत्र के सिद्धांतों के खिलाफ कर रही है।

- बी वाई विजयेंद्र

## कुछ अलग | अजब गजब

# इस लड़की ने 23 सालों से नहीं खाया अन्न, फिर भी स्वस्थ, डाक्टर भी हैरान

कहा जाता है कि अगर जन्म से कोई अलौकिक शक्ति के साथ पैदा होता है, तो उसे भगवान का अवतार माना जाता है। कुछ ऐसा ही जीवन अलीगढ़ की एक लड़की जी रही है। यहां अलीगढ़ के सरसौल इलाके में रहने वाली 23 साल की कृष्णा शर्मा ने अपने अनोखे आहार और जीवनशैली से सबको हैरत में डाल दिया है। उनका दावा है कि जन्म से लेकर अब तक उन्होंने कभी अन्न ग्रहण नहीं किया, फिर भी वह पूरी तरह स्वस्थ और सक्रिय है। उनकी यह जीवनशैली चिकित्सा और विज्ञान की दुनिया के लिए एक रहस्य बनी हुई है। कृष्ण शर्मा की ये असाधारण कहानी न केवल उनके परिवार और पड़ोसियों के लिए चौंकाने वाली है, बल्कि चिकित्सा विशेषज्ञों और शोधकर्ताओं को भी सोचने पर मजबूर कर रही है। जहां आम इंसान के लिए अन्न ऊर्जा और पोषण का मुख्य स्रोत माना जाता है, वहीं कृष्णा की जीवनशैली इस धारणा को चुनौती देती है। कृष्णा शर्मा ने बताया कि उन्होंने बचपन से ही अन्न नहीं खाया। वह केवल फल और जूस पर जीवन यापन करती हैं। उनका कहना है कि अगर वह अन्न से बना कुछ भी खाती हैं, तो उनकी तबीयत बिगड़ जाती है। एक बार उनके पिता ने उन्हें रोटी खिलाने की कोशिश की थी, जिससे उनकी तबीयत इतनी खराब हो गई कि उन्हें अस्पताल



में भर्ती होना पड़ा। कृष्णा का मानना है कि उनके इस असाधारण आहार के पीछे भगवान का आशीर्वाद है। वह भगवान में गहरी आस्था रखती हैं और मां वैष्णो देवी की भक्त हैं। उन्होंने कहा, मुझे कभी अन्न खाने की भूख नहीं लगती और ना ही मैंने कभी अन्न खाया है। मुझे कभी कोई कमजोरी या बीमारी महसूस नहीं होती। कृष्णा शर्मा ने अलीगढ़ के विवेकानंद कॉलेज से कंप्यूटर साइंस में बीटेक की डिग्री हासिल की है और अब वह आईएएस की तैयारी कर रही हैं। उनका सपना है कि वह एक दिन कलेक्टर बने। उनके परिवार में छह बहन-भाई हैं और वह दूसरे नंबर पर हैं। उनके पिता धीरेन्द्र शर्मा ट्रांसपोर्ट का छोटा सा बिजनेस करते हैं, जबकि उनकी मां रेखा शर्मा एक घर संभालती हैं। अलीगढ़ के डाक्टर विकास मल्होत्रा ने बताया कि अगर कोई व्यक्ति अपने आहार में केवल फल, मेवा, जूस और नींबू पानी का इस्तेमाल करता है, तो वह बिना अन्न खाए भी जीवित रह सकता है।

# परिहार बने रावणा राजपूत सेवा संस्थान के अध्यक्ष



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** रावणा राजपूत सेवा संस्था नगर का होली स्नेह मिलन व आम बैठक संरक्षक मंडल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में आय-व्यय पर चर्चा की गई। वहीं बैठक की नवीन कार्यकारिणी गठित की गई। बैठक में संगठन के नवीन अध्यक्ष पर चर्चा कर सर्वसमति से नवीन कार्यकारिणी के गठन निर्णय लिया गया। सभी ने सर्वसहमति से सेवा संस्था के अध्यक्ष पद पर अचलसिंह परिहार को मनोनीत किया गया। वहीं महामंत्री पद पर अर्जुनसिंह पंवार व कोषाध्यक्ष के पद पर मनदसिंह गहलोत को मनोनीत किया गया। संरक्षक मण्डल के भंवरसिंह परिहार, हिरसिंह पंवार, शंकरसिंह पंवार, भेरूसिंह सांखला, मंगलसिंह सोलंकी, देवीसिंह भाटी व दीपसिंह परिहार ने नवीन अध्यक्ष महामंत्री व कोषाध्यक्ष को माला पहनाकर स्वागत कर गोपनियता की शपथ दिलाई। साथ ही अध्यक्ष को अपनी नवीन कार्यकारिणी को शीघ्र बनाने के लिए संरक्षक मंडल ने निर्देश दिए। बैठक में सभी ने नवीन अध्यक्ष को अपने कार्यकाल में समाज हित में कार्य करने एवं समाज में शिक्षा जाग्रति, कुरीतियों को मिटाने एवं अन्य कार्य करने की बात कही।

# माली समाज चौहान पट्टी ने मनाया होली व ढूंढ़ोत्सव



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बागोड़ा।** माली समाज चौहान पट्टी बैंगलुरु कमेटी ग्रुप की ओर से होली एंव दूंढोत्सव का आयोजन राम मंदिर ग्राऊण्ड राजाजी नगर में उमंग के साथ मनाया गया। मोरसीम पंचायत के भोपाणियों की ढाणी के केसराराम माली ने बताया कि यहा मारवाड़ के रीति-रिवाज एंव त्योहारों को गत 8-9 साल से मनाते आ रहे हैं और इस वर्ष भी राम मंदिर ग्राउंड राजाजी नगर में माली समाज चौहान पट्टी कमेटी द्वारा होली दहन एंव दूढोत्सव का पर्व उमंग के साथ मनाते हुए युवाओं ने गेर नृत्य तो महिलाओं ने फागोत्सव के गीतों की झड़ी लगाकर मन बहलाया। वही बच्चों के दूंढोत्सव का कार्यक्रम भी किया गया।

इस मौके पर नारणाराम, कालूराम, वगताराम, साकला राम, मसरा राम, डूंगराराम, भलाराम, भूराराम, केसराराम, इराराम, बाबूलाल, गेनाराम, गमडाराम, सतराराम सहित माली समाज के नागरिक एंव महिलाएं मौजूद थीं। इसी प्रकार उपखंड क्षेत्र में होलिका दहन के दुसरे दिन रंगोत्सव एंव दूढोत्सव का आयोजन हुआ। जिसमें बड़े बुजुर्गों व युवाओं ने जमकर डांडिया नृत्य किया। वही एक दूसरे को सूखे रंग लगाएं और दावत का लुत्फ उठाया। कस्बे के पुलिस थाना प्रांगण में सामूहिक गेर नृत्य का आयोजन रखा गया। थानाधिकारी हुकमाराम, सहायक उप निरीक्षक कल्याण सिंह, नरसाराम चौधरी सहित पुलिस स्टाफ ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने एंव इस त्यौहार को सादगीपूर्ण मनाने की शुभकामनाएं दी।

## सोलंकी राजपूत महिला मंडल ने मनाया फाग महोत्सव

**भीनमाल।** श्रीमाल नगर सोलंकियों के रावले में क्षत्राणियों ने पारंपरिक पौशाक और पारंपरिक फाल्गुन के गीतों पर नाच गाकर मनाया। फाल्गुन मास में होली से पूर्व फाग महोत्सव की मची हुई है । फाग महोत्सव के आयोजन में पारंपरिक पोशाक पहन कर पारंपरिक उनके गीतों पर शानदार नृत्य प्रस्तुत किए और एक दूसरे के गुलाल लगाकर होली पर्व मनाया। महिलाओं ने फूलों संग होली भी खेली । त्योहारों की इस परंपरा को जीवंत बनाए रखने के लिए महिलाओं ने लंबे समय बाद इस तरह का आयोजन किया। जिसमें बताया गया है कि प्रेम मित्रता और स्वाद का पर्व होली सभी के मन में उमंग लेकर आता है। रंगों का यह पर्व सभी मिल-जुलकर मनाते हैं।




# रेवतड़ा में भाजपा जिलाध्यक्ष राजपुरोहित का किया स्वागत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सायला।** निकटवर्ती रेवतडा में होली पर्व पर भाजपा के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित का भाजपा कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों की ओर से साफा, माला एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। साथ ही चंग की थाप के संग गुलाल से प्रतीकात्मक होली खेलकर व मुख्यमंत्री की ओर से भेजी गई मिठाई और रंगों भरे गिफ्ट बॉक्स वितरित कर सभी को होली की शुभकामनाएं दी। इसके बाद जिलाध्यक्ष राजपुरोहित ने पूर्व विधायक रामलाल मेघवाल, वरिष्ठ कार्यकर्ता चुन्नीलाल राजपुरोहित एवं पूर्व सरपंच ताराचंद राजपुरोहित के घर जाकर उनकी कुशलक्षेम पूछी। पूर्व प्रधान ढोमीदेवी राजपुरोहित, जिला महामंत्री पुखराज राजपुरोहित, सायला मण्डल अध्यक्ष नैनमल लखारा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष बलवंतसिंह तूरा, सायला पूर्व सरपंच सुरेश राजपुरोहित, महामंत्री मांगीलाल राजपुरोहित, बाबूलाल मेघवाल, खंगारसिंह आसाना,राजेंद्र माहेश्वरी, जेठूसिंह राजपुरोहित, जीतू मोनोणी, गोपालसिंह जोमोनी, नरपतसिंह, बाबूसिंह राजपुरोहित, चौनसिंह, शंकरसिंह सेवड़, नकुलसिंह, मोहनसिंह, भूराराम मेघवाल, रमेशकुमार मेघवाल सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।



# दिव्यांग सहायता शिविर की तैयारियां जारी, निशुल्क उपकरण बांटेंगे

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** जुंजाणी में चार दिवसीय विकलांग सहायता समिति जयपुर, जिला विकलांग कल्याण समिति जालोर,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व हेल्पिंग नेचर फाउंडेशन टीम जुंजाणी के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 18 से 21 मार्च तक आयोजित दिव्यांग सहायता शिविर को लेकर तैयारियां जारी है। जिला परियोजना अधिकारी भंवर कंवर के निर्देशानुसार दिव्यांग चिन्हित कर उपकरण निशुल्क दिए जाएंगे। जिसमें 1 ट्राईसाईकिल, 2 व्हीलचेयर, 3 बैसाखी, 4 कान की मशीन, 5 कैलीपर्स, 6 हाथ, 7 पैर व 8 वॉकर नेत्रहीन के लिए शडी और बुजुर्ग पुरुष व महिलाओं को कान की मशीन कैंप स्थल पर हाथों हाथ वितरण किए जाएंगे। शिविर में जिला अध्यक्ष कीकादेवी मेघवाल, सुरेंद्र पी राठी, निरंजन व्यास एडवोकेट, जयंतीलाल जीनगर, विनोद माली, राजाराम सुथार, जोराराम देवासी, सुमित खत्री, दीपक राजपुरोहित एडवोकेट, डॉ ओकेश बॉस, रेवाराम सेन, गोवर्धन, जेपाराम चौधरी व सुरेशपुरी गोस्वामी के नेतृत्व में पूरी टीम निस्वार्थ भाव से सेवा दे रही हैं। उक्त जानकारी विकलांग कल्याण समिति के जिला महामंत्री घेवरचंद राजपुरोहित ने दी।



# तेलवाड़ा गोगाजी दर्शन के लिए पैदल संघ रवाना

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** निकटवर्ती निम्बावास से तेलवाड़ा गोगाजी महाराज दर्शन के लिए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दसवां पैदल संघ रवाना हुआ। रविवार को निम्बावास गांव के विहत माता मन्दिर धाम से रमेश भोपाजी के सान्निध्य में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए रवाना हुए। इस दौरान और गोगाजी महाराज ओर विहत माताजी के जयकारों के साथ हाथ में धजा लिए हुए बड़ी संख्या में भक्त डीजे पर नाचते नाचते पैदल रवाना हुए। विहत माता के भक्त रमेश देवासी ने बताया कि प्रति वर्ष निम्बावास से पैदल यात्रा संघ निम्बावास से तेलवाड़ा गोगाजी दर्शन के लिए पैदल संघ का आयोजन किया जाता है। जहां गोगाजी की विशेष पूजा अर्चना व आराधना की जाएगी। पैदल संघ का जगह-जगह पर भक्तों द्वारा स्वागत किया गया। इस मोके पर बड़ी संख्या में भक्त मौजूद थे।



# मॉडल स्कूल रानीवाड़ा में प्रवेश की आज अंतिम तिथि

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रानीवाड़ा।** स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल में सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश आवेदन पत्र जमा करवाने की आज अंतिम तिथि है। विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश कुमार पंचाल ने बताया कि मॉडल स्कूल में कक्षा 1 से 9 तक प्रवेश के लिए 8 मार्च को प्रवेश आवेदन पत्र भरना प्रारंभ हो गए थे। प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी अपना भरा हुआ आवेदन पत्र निर्धारित दस्तावेजों के साथ 4 बजे तक जमा करवा सकते हैं। मॉडल स्कूल रानीवाड़ा सांचौर जिले का एकमात्र सीबीएसई बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त राजकीय अंग्रेजी माध्यम का विद्यालय है। प्रवेश आवेदन पत्र विद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं या विद्यालय से निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। कक्षा 1 में शत प्रतिशत सीटों पर व अन्य कक्षाओं में उपलब्ध रिक्त सीटों के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के तहत रविवार को प्रवेश रथ को उपखंड अधिकारी सुनील कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रानीवाड़ा क्षेत्र के आस पास के गांवों में प्रवेश के लिए मॉडल स्कूल द्वारा प्रवेश जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। प्रवेश की विस्तृत जानकारी के लिए प्रवेश प्रभारी बगदाराम सोलंकी, राजूराम व निसार खान से संपर्क कर सकते हैं।



# शरीर और पेट के नियमों को समझे बिना जीवन की कोई भी यात्रा संभव नहीं : खंडेलवाल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** स्थानीय नेहरू पार्क परिसर में सन टू ह्यूमन परिवार की ओर से होली का स्नेहमिलन सैंकड़ों नागरिकों की उपस्थिति में मनाया गया। विशेष बात यह रही कि एक नवाचार करते हुए मिशन के साधकों ने एक दिन पूर्व बिना नुकसान पहुंचाने वाली वस्तुओं से ऑर्गेनिक कलर बनाकर स्नेहमिलन में एक दूसरे पर सूखे रंगों को लगाकर होली खेली।

इस अवसर पर सन टू ह्यूमन के योग प्रशिक्षक एवं निमित्त सेवाधारी कन्हैयालाल खंडेलवाल ने साधकों को संबोधित करते हुए कहा कि भीतर के असली उल्लास के लिए शरीर और मन के नैसर्गिक नियमों को जीवन में उतरना पड़ेगा। उसके बिना संसार या संन्यास की कोई भी यात्रा संभव नहीं है। शरीर की शुद्धता हर यात्रा की पहली सीढ़ी है और वह भोजन को समझ पूर्वक करने से ही संभव हो सकती है। खंडेलवाल ने कहा कि पेट में लिए जाने वाले पदार्थों को हल्के में ले लेना ही बेहोशी भरा कदम है। आज जो बीमारियां और अस्पतालों की संख्या में वृद्धि हो रही है इसका एक मात्र बड़ा कारण हमारा खानपान है। हनुमान शर्मा ने साधकों को योग करवाए। होली के भक्ति गीतों पर झूम उठे प्रतिभागी होली के इस आनंदोत्सव में होली के भक्ति गीतों, विशेषकर कृष्ण राधा और वृंदावन के होली गीतों पर झूमकर साधक आनंद से सराबोर हो उठे।

## ये भी रहे मौजूद

स्नेहमिलन में नगर की महिलाओं ने भी बड़ी संख्या में भागीदारी निभाई। इस अवसर पर परम आकाश के साथ ही जयरूपराम माली,नारायण जांगिड़, जोगाराम चौधरी, कोलचंद सोनी, हनुमान शर्मा, हरिराम विश्नोई, दिनेश भाटी, समित बाहेती, सुरेश कुमार माली, जीवाराम विश्नोई, बाबूलाल सोलंकी, अमित व्यास, मुकेश व्यास, बाबूलाल होंडा, अशोक मेहता, सुनील जैन, सुरेश अग्रवाल, गोपाल बालोत, संदीप देसाई, नवरत्न अग्रवाल, लादूराम गौड़, नवलाराम चौधरी, विनोद जीनगर, रमेश शर्मा , पारस घांची, प्रभुराम पांचाल, हीरालाल सोलंकी, मंछाराम बोराना, किशनाराम विशनोई, कैलाश माहेश्वरी, प्रतिभा शर्मा, हरिकृष्ण द्विवेदी, जेठाराम आचार्य, दौलत मेहता, सहित मुंबई से आए प्रवासी रमेश बाफना व सुरेश हुंडिया सहित बड़ी संख्या में साधकों ने भाग लिया।

## ऑर्गेनिक कलर बनाकर किया नवाचार

पिछले वर्ष की भांति इस बार भी सन टू ह्यूमन ने धुलंडी के इस स्नेहमिलन में बाजार में मिलने वाले तमाम तरह के कलरों से परहेज करते हुए एक दिन पूर्व अपने दैनिक योग प्रयोग के दौरान गुलाब की पंखुड़ियों, फूलों ,आरारोड , मीठे खाने के कलर और अन्य कुछ वस्तुओं का मिश्रण करते हुए पांच छह तरह के अलग अलग जैविक कलर तैयार किए और उससे होली खेलकर एक दूसरे को शुभकामनाएं दी।



## गेरियों ने मचाई धमचक

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नाडोल।** कस्बे में आई माता वडेर प्रांगण में गेरियों की ओर से हाथों में डांडिया खनखनाते एवं पैरों में बंधे घुंघुरूओं की झणकार के बीच गेर नृत्य कर सभी को भाव विभोर कर दिया गया। किसान नवयुवक मंडल, राठौड़ी गैर मंडल नाडोल की ओर से मनमोहक अंदाज में गेर नृत्य की प्रस्तुति दी गई। अस्थल चारभुजा परिसर में चंग व ढोल की रिदम के बीच नृत्य किया गया। महिलाओं द्वारा लुर राजस्थानी कला और संस्कृति की पारम्परिक प्रस्तुति दी गई।



# संगठन के आयामों को मजबूत बनाने पर दिया जोर

**विश्व हिन्दू परिषद की जिला बैठक आयोजित**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**फालना।** आदर्श विद्या मंदिर खुडाला में शनिवार को विश्व हिंदू परिषद की जिला बैठक विहिप के प्रांत सहमंत्री सतीशसिंह राव, प्रांत सह प्रसार प्रमुख नरेश बोहरा, विभाग मंत्री शैतानसिंह बिरोलिया के मार्ग दर्शन व जिला संरक्षक खेताराम सुथार, जिलाध्यक्ष वनाराम चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

विहिप के विभाग मंत्री बिरोलिया ने प्रथम सत्र में संगठन के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए छह माह का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने धर्म रक्षा निधि, संत प्रवास योजना, प्रखंड बैठक व आगामी प्रशिक्षण वर्ग की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दुर्गा वाहिनी शौर्य प्रशिक्षण वर्ग 19 मई से 26 मई बाली में, बजरंगदल प्रशिक्षण वर्ग 20 मई से 27 मई तक गंगानगर में, परिषद शिक्षा वर्ग 7 जून से 17 जून तक बालोतरा में आयोजित किया जाएगा।

सभी प्रखंडों की प्रखंड बैठक 27 मार्च को तय की गई है। जिला पदाधिकारी को प्रवास के दौरान ध्यान रखने योग्य बातों पर चर्चा की गई। जिला आयाम पालक व प्रखंड पालक की घोषणा की गई। जिसमें सुमेरपुर के वनाराम चौधरी, बेड़ा के शैतानसिंह बिरोलिया, देसूरी के रतनपुरी, रानी के खेताराम सुथार, बाली के लखमाराम परमार को शामिल किया गया। प्रांत के सह प्रसार प्रमुख नरेश बोहरा ने संगठन के आयामों को मजबूत करने को लेकर मार्गदर्शन दिया।कार्य का विभाजन कर संगठन कार्य विभाग का विस्तार बजरंग दल, मातृशक्ति, दुर्गा वाहिनी, सत्संग, विशेष संपर्क व विधि के माध्यम से करने को कहा गया। उन्होंने बताया कि सभी आयाम मिलाकर विश्व हिंदू परिषद है जो संपूर्ण विश्व के हिंदुओं को संगठित व सुरक्षित करने के उद्देश्य से हिंदू समाज के बीच कार्य कर रहा है। प्रांत के सह मंत्री सतीशसिंह राव ने द्वितीय सत्र में क्रमशः संगठन में होने वाले वार्षिक कार्य मों पर चर्चा की। जिसमें जिला समिति, प्रखंड समिति को पूर्ण करना, खंड एवं गांव की रचना करना, जिले में आयामों का कार्य बड़े स्तर पर खड़ा करना, रामनवमी एवं हनुमान जन्मोत्सव को हर्षोल्लास से मनाने, प्रखंड पालकों की भूमिका पर चर्चा, संगठन के मूल दायित्व, आयाम के दायित्व पर चिंतन करना व कार्यकर्ता को दायित्व बोध करवाना, शौर्य प्रशिक्षण वर्ग की जानकारी दी। संगठन विस्तार को लेकर जिला मंत्री रतनपुरी श्रीसेला ने दायित्वों की घोषणा की। जिसमें हर्षवर्धनसिंह मालारी को देसूरी प्रखंड सह सामाजिक समरसता प्रमुख, बिजोवा खंड अध्यक्ष पुखराज वैष्णव, उपाध्यक्ष जयराज सेन, नारलाई बजरंगदल संयोजक मुकेश माली को जिम्मेदारी सौंपी। बैठक का संचालन जिला मंत्री रतनपुरी ने किया।




## यह भी रहे मौजूद

बैठक में जिला उपाध्यक्ष लखमाराम परमार, बजरंग दल जिला संयोजक श्रीपालसिंह देवड़ा, जिला संगठन मंत्री विक्रांतसिंह राजपुरोहित, जिला सत्संग प्रमुख श्रवण कुमार, जिला गोसेवा प्रमुख अर्जुनसिंह राजपुरोहित, जिला सेवा प्रमुख प्रकाश गहलोत, जिला सह सत्संग प्रमुख सुरेश मेवाड़ा, जिला धर्माचार्य संपर्क प्रमुख नरेंद्रकुमार मेवाड़ा, मातृशक्ति देसूरी प्रखंड संयोजिका संतोष वैष्णव, बाली प्रखंड अध्यक्ष कांतिलाल सुथार, मंत्री लक्ष्मण पालीवाल, बेड़ा प्रखंड मंत्री भारत भूषण भाटूंद, देसूरी प्रखंड संयोजक गजेन्द्र वैष्णव, रानी प्रखंड संयोजक जितेंद्र जोशी, बाली उपाध्यक्ष शैतान पुरी, मुंडारा उपाध्यक्ष भारत परिहार, कुलदीप आचार्य नगर संयोजक सुमेरपुर, तरुणसिंह, खुशवंत भाटी, महेंद्र शर्मा फालना, साहिल मेवाड़ा देसूरी, महिपाल जानी, कैलाश माली नाडोल, वरदाराम नारलाई एवं लालाराम सीरवी आदि मौजूद थे।

## होली स्नेह मिलन समारोह में दिखा उत्साह

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नाडोल।** काकर नाडा मामाजी धाम मुंडारा रोड चामुंडा केटर्स एंड सर्विस बामणिया के राणाराम देवासी के तत्वावधान में गोडवाड केटस केटरिंग के बेनर तले होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। देवासी ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि बाली विधायक पुष्पेन्द्रसिंह राणावत रहे। राणावत ने कहा कि बाली क्षेत्र के विकास में किसी तरह की कमी नहीं आएगी। गोडवाड़ केटर्स एवं केटरिंग के अध्यक्ष शंकरलाल, उज्जैन वीर मामाधणी उपासक अमराराम, कोटवाल पीराराम, हरीश देवासी, किशन देवासी, नारायण देवासी, केसाराम देवासी, उपाध्यक्ष नारायणलाल माली, मांगीलाल देवासी बामणिया, रतन चौधरी, राजूसिंह मादा आदि मौजूद थे।



# शिविर में किया 65 लोगों ने रक्तदान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** कोट बालियान में वैष्णोदेवी माता मंडल मुंबई कोट और मारवाड़ एकता परिषद मुंबई राजस्थान के संयुक्त तत्वावधान में प्रजापत समाज धर्मशाला में उत्साह के साथ रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। आयोजक नरेन्द्र परमार के अनुसार यह मंडल का 117वां शिविर था। उन्होंने बताया कि वर्ष 2008 से 2025 तक हर वर्ष बाली क्षेत्र और पाली जिले के छोटे-छोटे गांवों में नियमित रूप से शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का शुभारंभ महामंडलेश्वर संतोषदास महाराज, जैनाचार्य रत्नसेनविजय एवं मेघवाल समाज के धर्मगुरु संत बालकनाथ की उपस्थिति में हुआ। मंडल संरक्षक महावीरसिंह देवड़ा और पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष चुन्नीलाल चौधरी भी मौजूद रहे। शिविर में 3 महिलाओं समेत 65 लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में भगवान महावीर ब्लड बैंक और बांगड़ हॉस्पिटल पाली ब्लड बैंक की टीम ने सेवाएं प्रदान की। शिविर को सफल बनाने में नेतिराम जनवा, छगन प्रजापत, क्षेत्रपालसिंह राजपुरोहित, हनवंतसिंह चौहान, हरीश जनवा, कन्हैयालाल माली समेत कई कार्यकर्ताओं का योगदान रहा।



# तेज रफ्तार कार से बाइक सवार डिलीवरी बॉय को मारी टक्कर

**जोधपुर।** प्रॉपर्टी डीलर के बेटे ने तेज रफ्तार कार से बाइक सवार डिलीवरी बॉय को टक्कर मार दी। इससे नाबालिग बाइक सवार उछलकर सड़क किनारे गिर पड़ा। हादसे के बाद ड्राइवर ने कार भगा दी। कार के नीचे आई डिलीवरी बॉय की बाइक को डेढ़ किलोमीटर तक घसीटता हुआ ले गया। इस दौरान सड़क पर चिंगारियां निकलती रहीं। मौके पर मौजूद लोगों ने कार का पीछा करना शुरू किया और वीडियो बना लिया। मामला जोधपुर के शास्त्री नगर थाना इलाके का शनिवार रात 11 बजे का है। पुलिस ने रात को ही कार ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया। घायल डिलीवरी बॉय के परिजन की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज किया है। शास्त्री नगर थाना के एसआई शैतान राम ने बताया- घटना में प्रॉपर्टी डीलर के बेटे भावेश साधनानी (19) निवासी चौपासनी हाउसिंग बोर्ड सेक्टर-11 को गिरफ्तार किया है।



### इस कार के गुजरात में भी दो चालान कट चुके

एसआई शैतान राम ने बताया- कार के नंबरों के आधार पर ड्राइवर की तलाश की। कार वर्षा के नाम से रजिस्टर्ड थी। इसके बाद चौपासनी हाउसिंग बोर्ड पहुंच कर भावेश को शांति भंग में गिरफ्तार किया गया। उसका मेडिकल करवाया गया। भावेश जोधपुर पॉलिटेक्निक कॉलेज में फर्स्ट ईयर का स्टूडेंट है। पुलिस की पड़ताल में सामने आया कि रफ ड्राइविंग को लेकर इस कार के गुजरात में भी दो चालान कट चुके हैं। भावेश के पिता जितेंद्र साधनानी का प्रॉपर्टी का बिजनेस है। वर्षा, भावेश की मौसी है, जिसके नाम पर कार रजिस्टर्ड है।

### दवा सप्लाई करने जा रहा था बाइक सवार

एसआई शैतान राम ने बताया- शनिवार रात 11 बजे भावेश हाउसिंग बोर्ड इलाके से दो नाबालिग दोस्तों के साथ सरदारपुरा बी रोड पर फास्ट फूड खाने के लिए जा रहा था। इस दौरान महावीर सर्किल के पास पहुंचने पर उसकी कार से अर्जुन पटेल की बाइक की टक्कर हो गई। अर्जुन मेडिकल की दुकान से दवाई सप्लाई करने जा रहा था। टक्कर लगते ही अर्जुन उछलकर सड़क किनारे गिर गया। हादसे के बाद भावेश ने डर के कारण कार भगा दी। इस दौरान कार के नीचे अर्जुन की बाइक भी घिसटती रही। एक अन्य कार ड्राइवर ने उसे (भावेश) रोकने के लिए पीछा करना शुरू कर दिया। मौके पर गुस्साए लोगों की पिटाई के डर से उसने कार नहीं रोकी।

## चार साल के मासूम की हत्या करने वाली मां गिरफ्तार

**उदयपुर।** उदयपुर के डबोक थाना क्षेत्र में मां ने ही अपने चार साल के बेटे को कुएं में फेंक कर मारा डाला था। पुलिस का कहना है कि महिला मानसिक परेशान थी और बेटे के साथ सुसाइड करने वाली थी। बच्चे को कुएं में फेंकने के बाद किसी ग्रामीण ने आवाज लगाई तो वह भाग गई। फिर बेटे के गुम होने की झूठी कहानी फैला दी। तब तक इस घटना के बारे में किसी को पता नहीं था। घटना आठ मार्च की है तब पूरे दिन महिला के साथ ग्रामीण बच्चे की तलाश करते रहे। दूसरे दिन बच्चे का शव कुएं में मिला। पुलिस को प्रारंभिक जांच कुएं में बच्चे मौत की कहानी समझ नहीं आई। फिर पुलिस जांच करते हुए आरोपी महिला को बीती देर शाम गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जांच करते हुए गहराई तक पहुंची तो मामले का खुलासा हुआ। थानाधिकारी हुकम सिंह ने बताया- दरोली, वल्लभनगर निवासी मोहनलाल ने रिपोर्ट दी थी। पुलिस ने शनिवार देर शाम को आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया।

# जोधपुर में हाइटेंशन लाइन से बिजली चोरी का मामला

▸▸ पुलिस ने तीन आरोपियों को पकड़ा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट के वेस्ट जिले की पुलिस ने हाईटेंशन बिजली की लाइन के तार चोरी करने के मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस पूरी कार्रवाई को झंवर और लूणी थाने की पुलिस ने मिलकर अंजाम दिया। बता दें कि एक फरवरी को केईसी इंटरनेशनल लिमिटेड कंपनी के सीनियर अधिकारी नारायण महतो ने झंवर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। रिपोर्ट में बताया कि उनकी कंपनी की ओर से फतेहगढ़ से ब्यावर तृतीय ट्रांसमिशन लाइन के टावर से 26 और 29 जनवरी की रात को अज्ञात चोरों ने विद्युत लाइन के तार काटकर चोरी कर दिए। इस मामले में कार्रवाई करते हुए टीम ने तकनीकी सहायता से फरार आरोपियों की तलाश के लिए जोधपुर, पाली, सुमेरपुर, जालौर, भीनमाल, बाड़मेर, अजमेर और जयपुर में तलाश करते हुए आरोपियों को पकड़ा।




### कॉन्स्टेबल नभसिंह और पांचाराम की रही विशेष भूमिका

डीसीपी वेस्ट राजर्षि राज ने बताया पुलिस ने इस मामले में मोहम्मद हुसैन (50) निवासी रामनगर पुलिस थाना पचपड़वा जिला बलरामपुर उत्तर प्रदेश, शमी मोहम्मद (20) निवासी मधुबनिया चौराहा हयात नगर जिला सिद्धार्थ नगर उत्तर प्रदेश व सुरेश वैष्णव (50) निवासी राजेंद्र नगर पुलिस थाना औद्योगिक क्षेत्र पाली मूल निवासी अकोदिया को गिरफ्तार किया। पुलिस कार्रवाई में झंवर थाना अधिकारी बंशीलाल लूणी थाना अधिकारी हनुमत सिंह, एएसआई महेंद्र सिंह, हैड कॉन्स्टेबल ओमसिंह, साइबर सेल के प्रेम कुमार, गणपत राम, गोपालसिंह, पदम सिंह, महेश शामिल रहे। इसमें कॉन्स्टेबल नभसिंह और पांचाराम की विशेष भूमिका रही।

## जोधपुर की हैंडीक्राफ्ट-फैक्ट्री में केमिकल के फटे ड्रम, लगी आग



▸▸ दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची, आग बुझाने का प्रयास जारी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** जोधपुर के सालावास गांव के निकट तनावड़ा औद्योगिक क्षेत्र के पेट्रोल पंप के पास एक हैंडीक्राफ्ट फैक्ट्री में रविवार शाम अचानक से आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलने के बाद बासनी फायर ब्रिगेड से गाड़ियों को रवाना किया गया। फिलहाल फायर ब्रिगेड के कर्मचारी आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे हैं। फायर ब्रिगेड टीम के प्रशांत चौहान ने बताया कि शाम 5:30 बजे के करीब फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिली थी। इस पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची। जिस फैक्ट्री में आग लगी वहां पर केमिकल के ड्रम रखे हुए थे। इनमें से कुछ ड्रम फट गए। इसकी वजह से आग पूरी फैक्ट्री में फैल गई। फिलहाल आग पर काबू पाने के प्रयास किया जा रहे हैं। मौके पर बासनी फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी पहुंची है।

## बाड़मेर में बादलों की आवाजाही, तापमान में आई गिरावट

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** पश्चिमी विक्षोभ का असर बाड़मेर जिले में देखने को मिल रहा है। राजस्थान के कई जिलों में बारिश और ओलावृष्टि हुई। इधर बाड़मेर में तीसरे दिन भी आसमान में बादलों की आवाजाही चल रही है। वहीं दोपहर के समय हवा चलने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। सुबह के समय ठंडी हवा चलने से गर्मी का असर कम हुआ। नौ बजे के बाद तेज धूप से गर्मी बढ़ी है। लेकिन दोपहर के समय आसमान में बादल छा जाने के बाद धूप-छांव के बीच लुकाछुपी का दौर चला। दरअसल, मार्च माह शुरू होने के साथ गर्मी के तेवर तेज हो गए। दिन-रात में ठंड गायब हो गई। तापमान भी लगातार बढ़ता जा रहा है। लेकिन बीते दो-तीन दिनों से तापमान में उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 25.2 डिग्री पहुंच गया। लेकिन पड़ोसी जिले में हुई बारिश और बादलों की वजह से शनिवार को अधिकतम तापमान दो डिग्री गिरकर 35.3 डिग्री और न्यूनतम तापमान चार डिग्री गिरकर 21.2 डिग्री दर्ज किया गया। रविवार को सुबह ठंडी हवा चलने से गर्मी का असर कम रहा। लेकिन धूप निकलने के साथ गर्मी बढ़ी। लेकिन दोपहर के समय आसमान में बादलों की आवाजाही शुरू हो गई। इससे सूरज व बादलों के बीच आंख मिचौली का खेल शुरू हो गया। कभी धूप तो कभी छांव रही। रविवार को न्यूनतम तापमान में मामूली गिरावट आकर 21.0 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटे तक मौसम स्थिर रहने की संभावना जताई है। इसके बाद तापमान बढ़ने के साथ गर्मी का असर भी तेज होगा। आगामी दिनों में धूलभरी आंधी चलने की संभावना है।

## मामा के घर आए भांजे ने की आत्महत्या

**बाड़मेर।** मामा के घर पर आए भांजे ने खेजड़ी के पेड़ से फांसी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। घटना बाड़मेर जिले के ग्रामीण थाना इलाके बादल नाथ मंदिर के पास आटी गांव के पास की है। पुलिस ने परिजनों की रिपोर्ट पर मृग दर्ज कर ली है। मेडिकल करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि युवक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और शराब का सेवन करता था। पुलिस के अनुसार- गेहूं विदासर निवासी भगाराम पुत्र चिमाराम ने रविवार को पुलिस को रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि मेरा भांजा सावलाराम पुत्र लालाराम शनिवार रात को अपने मामा के घर आटी आया हुआ था। रात में बादलनाथ मंदिर के पास आटी गांव में खेजड़ी के पेड़ पर फंदा लगाकर उसने जान दे दी। सुबह जब मंदिर के पास से ग्रामीण गुजर रहे थे। तो घटना की जानकारी सामने आई।



- मंदिर के पास खेजड़ी के पेड़ पर फंदा लगाया
- परिजन बोले- उसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं था

पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में शिफ्ट करवाया गया। बाड़मेर ग्रामीण थाना पुलिस के हेड कॉन्स्टेबल गोरधनराम ने बताया कि परिजनों की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया है। परिजनों ने बताया कि हमें किसी पर कोई संदेह नहीं है। मृतक का मानसिक संतुलन बीते कुछ समय से ठीक नहीं था।

## बालोतरा में जीनगर समाज का बड़ा कार्यक्रम

**बालोतरा।** बालोतरा में जीनगर समाज विकास समिति ने तीर्थ यात्रियों के स्वागत का भव्य समारोह आयोजित किया। समाज के प्रमुख व्यक्तियों और श्रद्धालुओं ने यात्रियों का अभिनंदन किया। विधायक अरुण चौधरी ने कार्यक्रम में बालोतरा क्षेत्र के समग्र विकास का आश्वासन दिया। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे और जनकल्याण कार्यों को प्राथमिकता देने की बात कही। विधायक ने मौके पर लाइब्रेरी का निरीक्षण भी किया। पूर्व सभापति सुमित्रा जैन ने लाइब्रेरी की सुविधाओं का जायजा लिया। समाज के वरिष्ठ जनों ने विधायक चौधरी का आभार व्यक्त किया। विकास समिति अध्यक्ष सुरेश चितारा ने कहा कि समाज की एकता से ही विकास संभव है।



## जैसलमेर : गोडावण के अंडे से निकला नन्हा मेहमान

जागरूक टाइम्स संवाददाता





**जैसलमेर।** जैसलमेर के सुदासरी स्थित गोडावण ब्रीडिंग सेंटर से एक खुशखबरी आई है। यहां एक अंडे से नन्हा चूजा बाहर आया है और विशेषज्ञों की देखरेख में स्वस्थ है। ग्रेट इंडियन बस्टर्ड (गोडावण) संरक्षण परियोजना के तहत चार वर्षीय मादा गोडावण पक्षी 'रीवा' के अंडे से चूजा बाहर आया है। मादा के अंडे से प्रोजेक्ट GIB टीम की तरफ से कृत्रिम रूप से चूजे को सुरक्षित निकाला गया। अब गोडावण ब्रीडिंग सेंटर में गोडावण की संख्या में इजाफा हुआ है। अब कुल 45 गोडावण सुदासरी और रामदेवरा में मौजूद है। गोडावण के अंडे से सुरक्षित चूजा बाहर आने से पर्यावरण प्रेमियों और पक्षी प्रेमियों में काफी खुशी है।

### ▸▸ ये पक्षी भारत में विलुप्ति के कगार पर

डेजर्ट नेशनल पार्क के डीएफओ बृजमोहन गुप्ता ने बताया- ग्रेट इंडियन बस्टर्ड का ये अंडा जैसलमेर के सम सेंटर में नर पक्षी 'लियो' और मादा 'रीवा' की मेटिंग के बाद दिया गया। इस महत्वपूर्ण जैविक प्रक्रिया को वैज्ञानिकों और वन्यजीव विशेषज्ञों ने अत्यंत सावधानीपूर्वक अंजाम दिया। GIB टीम ने तकनीकी कुशलता का परिचय देते हुए अंडे को सुरक्षित निकाला और अनुकूल वातावरण में संरक्षित किया, ताकि इसके सफल निषेचन और हेचिंग की संभावनाएं बढ़ाई जा सके। गौरतलब है कि ग्रेट इंडियन बस्टर्ड (गोडावण) राजस्थान का राज्य पक्षी है। ये पक्षी भारत में विलुप्ति के कगार पर है।

### जैसलमेर में 173 गोडावण

डीएफओ गुप्ता ने बताया कि जैसलमेर में गोडावण की संख्या 173 है। जिसमें से 128 गोडावण तो फील्ड में घूम रहे हैं। वहीं 45 गोडावण ब्रीडिंग सेंटर में हैं। इनमें से एक मादा गोडावण की हाल ही में मौत हुई। जिससे इनकी संख्या घटकर 44 हो गई थी। लेकिन अब एक नन्हा मेहमान आने से इनकी संख्या दुबारा 45 हो गई है।

# व्यापार जगत

▸▸ ट्रंप के कदम से 1,300 स्टाफ की नौकरी खतरे में

## हमेशा के लिए खामोश हो गया 'वॉइस ऑफ अमेरिका'

**नई दिल्ली।** अमेरिका के दूसरी बार राष्ट्रपति बने डोनाल्ड ट्रंप ताबड़तोड़ कई फैसले ले रहे हैं। उन्होंने रेडियो चैनल वॉइस ऑफ अमेरिका (VOA) की पेरेंट कंपनी USAGM का कॉन्ट्रैक्ट कैंसल कर दिया है। इससे वॉइस ऑफ अमेरिका पर भी खतरा मंडराने लगा है। इस रेडियो चैनल के डायरेक्टर माइकल अब्रामोविट्ज ने शनिवार को फेसबुक पर बताया कि उन्हें और उनके लगभग 1300 कर्मचारियों को छुट्टी पर भेज दिया गया है। VOA के कुछ स्थानीय रेडियो स्टेशनों ने समाचार प्रसारण बंद कर दिए हैं और उनमें संगीत के कार्यक्रम चल रहे हैं। सीएनएन की एक रिपोर्ट के मुताबिक सूत्रों ने बताया कि VOA के वरिष्ठ संपादकों को भी काम रोकने का आदेश दिया गया है। कर्मचारियों का कहना है कि VOA की दुनिया भर में न्यूज ब्रॉडकास्टिंग रोक दी जाएगी। एक पुराने संवाददाता ने कहा कि वॉइस ऑफ अमेरिका फिलहाल खामोश हो गया है। यह यूएस एजेंसी फॉर ग्लोबल मीडिया (USAGM) का हिस्सा है। US-AGM रेडियो फ्री यूरोप, रेडियो फ्री एशिया और मिडिल ईस्ट ब्रॉडकास्टिंग नेटवर्क जैसे अन्य नेटवर्क भी चलाता है। इन नेटवर्क्स के ऑपरेटर्स के साथ कॉन्ट्रैक्ट खत्म कर दिए गए हैं। ट्रंप के समर्थकों का तर्क है कि ये ब्रॉडकास्टर फालतू हैं और पुराने हो चुके हैं। इसलिए इन पर पैसा खर्च करने का कोई तुक नहीं है। हालांकि वॉइस ऑफ अमेरिका के समर्थकों का कहना है कि इन नेटवर्क्स को बंद कर अमेरिका ने चीन और अन्य देशों को रेडियो तरंगों पर कब्जा करने का मौका दे दिया है। इससे अमेरिका के विदेशी हितों को नुकसान होगा। अमेरिका कई साल से दुनियाभर के दर्शकों के लिए इंटरनेशनल न्यूज और करंट अफेयर्स कवरेज को फंड करता रहा है। एलन मस्क की फरवरी में कहा था कि सरकार से फंड लेने वाले अंतरराष्ट्रीय प्रसारकों को पूरी तरह से बंद कर दिया जाना चाहिए। मस्क ने X पर पोस्ट किया, 'अब कोई उनकी नहीं सुनता। ये सिर्फ कट्टरपंथी वामपंथी पागल लोग हैं जो हर साल अमेरिकी टैक्सपेयर्स के एक अरब डॉलर फूंक देते हैं।' यह स्पष्ट नहीं है कि USAGM के विभिन्न प्लेटफार्म्स का आगे क्या होगा। VOA के लिए काम कर रहे कुछ ठेकेदारों को भी अपने बैज जमा करने के लिए कहा गया है।



## रूस ने निकाल लिया अमेरिका का तोड़

▸▸ भारत और चीन के साथ क्रिप्टोकरेंसी में हो रहा तेल का व्यापार

**नई दिल्ली।** रूस ने अमेरिका के बैन का तोड़ निकाल लिया है। अमेरिका और पश्चिमी देशों के बैन से बचने के लिए रूस तेल व्यापार में क्रिप्टोकरेंसी का इस्तेमाल कर रहा है। रॉयटर्स ने यह जानकारी सूत्रों के हवाले से दी है। रिपोर्ट के मुताबिक रूस ने सार्वजनिक रूप से क्रिप्टो के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया है। पिछली गर्मियों में उसने अंतरराष्ट्रीय व्यापार में डिजिटल करेंसी से पेमेंट की अनुमति देने वाला कानून भी पारित किया था। लेकिन तेल व्यापार में इसके इस्तेमाल की खबर पहले कभी नहीं आई थी। कुछ रूसी तेल कंपनियां चीनी युआन और भारतीय रुपए को रूसी रूबल में बदलने के लिए बिटकॉइन, ईथर और टीथर जैसी स्टेबलकॉइन्स का इस्तेमाल कर रही हैं। सूत्रों का कहना है कि रूस के कुल तेल व्यापार में क्रिप्टो का इस्तेमाल अभी कम है, लेकिन यह बढ़ रहा है।




### कई देशों को मिल रही मदद

क्रिप्टोकरेंसी पहले ही अमेरिकी प्रतिबंधों वाले देशों जैसे ईरान और वेनेजुएला को अपनी अर्थव्यवस्थाएं चलाने में मदद कर रही हैं। डॉलर के इस्तेमाल से बचने में भी क्रिप्टोकरेंसी मददगार साबित हो रही है। ग्लोबल ऑयल मार्केट में लेन-देन के लिए डॉलर को प्राथमिकता दी जाती है। अमेरिका की ओर से लगे बैन को फिर से लागू करने के बाद वेनेजुएला ने कच्चे तेल और ईंधन के निर्यात में डिजिटल करेंसी के इस्तेमाल को तेज कर दिया है। रूस भी इसी राह पर चल पड़ा है।

## करोड़पति बनाने वाली स्कीम को किसकी लगी नजर?

**मुंबई।** म्यूचुअल फंड में एसआईपी के जरिए निवेश करना एक बढ़िया तरीका माना जाता है। काफी निवेशकों ने इस तरह से बड़ा फंड भी बनाया है। एसआईपी के जरिए हर महीने एक तय रकम निवेश करने पर करोड़पति बनना काफी आसान होता है। लेकिन लगता है कि इस स्कीम को किसी की नजर लग गई है। शेयर बाजार में पिछले कई महीने से भारी गिरावट देखी जा रही है। बाजार में बिकवाली (बिक्री) की आंधी का असर म्यूचुअल फंड निवेशकों पर भी पड़ रहा है। फरवरी में म्यूचुअल फंड में निवेश काफी गिर गया है। बाजार में उतार-चढ़ाव चलते रहते हैं। ऐसे में एसआईपी यानी सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान फायदेमंद माना जाता है। एसआईपी के जरिए आप हर महीने एक निश्चित रकम निवेश करते हैं। बाजार ऊपर हो या नीचे, आपका निवेश चलता रहता है। इससे आपको औसतन कम कीमत पर ज्यादा यूनिट्स मिलती हैं। लंबे समय में इससे अच्छा रिटर्न मिलने की संभावना बढ़ जाती है। लेकिन पिछले कुछ समय से तस्वीर कुछ बदल रही है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया के आंकड़ों के मुताबिक, फरवरी में स्मॉलकैप और मिडकैप योजनाओं में निवेश घटने से इक्विटी म्यूचुअल फंड निवेश में 26%गिरकर 29,303 करोड़ रुपए रह गया। जबकि जनवरी में यह आंकड़ा 39,687 करोड़ रुपए था।

▸▸ एसआईपी से दूर क्यों जा रहे निवेशक

## मुकेश अंबानी के आलोक इंडस्ट्रीज के शेयर में बड़ी गिरावट

**मुंबई।** शेयर बाजार की बिकवाली के बीच मुकेश अंबानी की कंपनी- आलोक इंडस्ट्रीज के शेयर में भी बड़ी गिरावट देखी जा रही है। बीते तीन मार्च को शेयर 14 रुपए के निचले स्तर तक आ गया था। यह शेयर के 52 हफ्ते का लो भी है। हालांकि, आखिरी कारोबारी दिन गुरुवार को यह शेयर 15.94 रुपए पर बंद हुआ। एक दिन पहले के मुकाबले शेयर 1.60% टूटकर बंद हुआ। बता दें कि आलोक इंडस्ट्रीज मुकेश अंबानी की उन कंपनियों में शामिल है जिसके शेयर की कीमत 100 रुपए से भी कम है। इसके अलावा डेन नेटवर्क्स समेत कई और शेयर हैं जो 100 रुपए से कम पर कारोबार कर रहे हैं। आलोक इंडस्ट्रीज टेक्सटाइल कंपनी है। कंपनी के शेयरहोल्डिंग पैटर्न की बात करें तो प्रमोटर की 75 फीसदी, पब्लिक शेयरहोल्डर्स की 25 फीसदी हिस्सेदारी है। इस कंपनी में रिलायंस इंडस्ट्रीज और जेएम फाइनेंशियल एसेट रिकंस्ट्रक्शन की संयुक्त हिस्सेदारी है। इसमें रिलायंस की 40.01 प्रतिशत और जेएम फाइनेंशियल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी की 34.99 प्रतिशत का दांव है। कंपनी के तिमाही नतीजे की बात करें तो दिसंबर तिमाही में 273 करोड़ का घाटा दर्ज किया, जबकि पिछले साल की समान तिमाही में 229.92 करोड़ का घाटा हुआ था। परिचालन से राजस्व 31.06 प्रतिशत घटकर 863.86 करोड़ हो गया। कंपनी कब आई वजूद में जिवराजका बंधुओं द्वारा साल 1986 में एक निजी लिमिटेड कंपनी के रूप में स्थापित आलोक इंडस्ट्रीज का कारोबार आज काफी बढ़ चुका है। कंपनी ने साल 1989 में पहले पॉलिएस्टर टेक्सचराइजिंग प्लांट की शुरुआत की। 1993 तक एक पब्लिक लिमिटेड कंपनी में बदल गई। कंपनी ने बुनाई, बुनाई, प्रोसेसिंग, घरेलू वस्त्र और परिधानों में विविधता लाई। बाजार का हाल शुक्रवार को होली की वजह से बाजार बंद था। वहीं, शेयर बाजार में गुरुवार को गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 201 अंक लुढ़क गया। रियल्टी, आईटी तथा वाहन शेयरों में बिकवाली के कारण सेंसेक्स में लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में गिरावट रही। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में 22 नुकसान में जबकि आठ लाभ में रहे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 73.30 अंक यानी 0.33 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,397.20 अंक पर बंद हुआ।



## आप का राशिफल 17 मार्च

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है।धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। शुभांक-4-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। यात्रा का योग हैं। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-5-7-9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-7-8-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। शुभांक-4-6-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़े अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-4-5-6

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-7-8-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बने रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-3-5-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। शुभांक-3-6-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-3-6-7

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। स्वविवेक से कार्य करें। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। पूजा-पाठ आदि धार्मिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-2-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रखें। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म में रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-7-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभांक-5-7-8

# भाजपा के होली स्नेह मिलन समारोह में जमकर उड़ा अबीर गुलाल

## कार्यक्रम में राज्यमंत्री देवासी, सांसद चौधरी, जिलाध्यक्ष डॉ.भंडारी की रही उपस्थिति

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** रंगोत्सव होली पर शनिवार को भाजपा का जिलास्तरीय होली स्नेह मिलन समारोह पणिहारी गार्डन में आयोजित किया गया। जिसमें जिले के पार्टी पदाधिकारियों, वरिष्ठजनों, जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को रंग लगाकर शुभकामनाएं दी। यहां सभी कार्यकर्ताओं ने आपसी स्नेह सौहार्द के साथ एकजुटता का संकल्प दोहराकर होली पर्व की खुशियां मनाते हुए सामाजिक समरसता का संदेश दिया। राज्य मंत्री ओटाराम देवासी, सांसद लुंबाराम चौधरी, जिलाध्यक्ष रक्षा भंडारी, विधायक समाराम गरासिया, पूर्व विधायक जगसीराम कोली, वरिष्ठ भाजपा नेत्री तारा भंडारी की उपस्थिति तथा महंत तीर्थगिरी, संत राजूगिरी भजनाराम का सानिध्य रहा। राज्यमंत्री देवासी व सांसद चौधरी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर गले मिले। साथ ही उन्होंने होली पर्व पर कार्यकर्ताओं को संदेश दिया कि यह पर्व सभी के जीवन में नया उत्साह ऊर्जा भरे और एकता के रंग को ओर गहरा करें। हर्ष और उल्लास से भरा होली पर्व जीवन में नई उमंग और ऊर्जा का संचार करने के साथ ही एकता के रंग को और प्रगाढ करें। जिलाध्यक्ष डॉ भंडारी ने बताया कि आपसी स्नेह एकता बढ़ाने वाली होली का पर्व रंगों के साथ-साथ भाईचारा और सामूहिक उत्सव का प्रतीक है। सभी को अपने मतभेद बुलाकर दूरियां खत्म करके इस पर्व को मनाना चाहिए। भाजपा जिला प्रवक्ता रोहित खत्री ने बताया कि सांसद लुम्बाराम चौधरी ने पारंपरिक गेर नृत्य कर कार्यकर्ताओं में जोश भर दिया। कार्यकर्ता भी सांसद के साथ गेर नृत्य में झूम उठे। कार्यकर्ताओं ने इस मौके पर एक दूसरे के साथ उत्सव के जोश में अपनापन महसूस किया। इस मौके पर भाजपा की सजीवता और उत्साही भावना का प्रदर्शन देखने को मिला। स्नेह मिलन में भाजपा संस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष गायक कलाकार कांतिलाल कोली और भजन गीत गायक राजेश बारबर और उनकी म्यूजिकल ऑर्केस्ट्रा टीम ने कार्यक्रम में चार चांद लगाकर होली के रसिया गीतों व फाग से समां बांध दिया। आयोजन के दौरान कार्यकर्ताओं ने पारंपरिक ढोल थाली की धुनों पर नृत्य में जमकर थिरकतेब हुए खुशी का इजहार किया। कार्यक्रम की व्यवस्था का देख रेख लोकेश खंडेलवाल ने किया। होली स्नेह मिलन में भाजपा के जनप्रतिनिधि पूर्व जनप्रतिनिधि, प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, पूर्व जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, पूर्व मंडल अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारी, पूर्व मंडल पदाधिकारी, मोर्चा के जिला अध्यक्ष, पदाधिकारी, प्रकोष्ठों के जिला संयोजक, पदाधिकारी व जिले भर से आए भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।





# न्यूज ब्रीफ

## मारपीट का मामला दर्ज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** रीको थाने में शनिवार को मारपीट का मामला दर्ज किया गया। पुलिस के अनुसार सियावा के मालियावास निवासी भाणाराम पुत्र कानाराम गरासिया ने रिपोर्ट देकर बताया कि वह यूएसबी कॉलेज के पास पहुंचा था। उसी दौरान मालियावास निवासी गुना पुत्र पना गरासिया ने उसके हाथापाई कर गालिया देने लगा। इसके बाद वह बड़ी मुश्किल से अपनी जान छुड़ाकर वहां से भाग गया। लेकिन, वह दो दिन में उसकी हत्या करने की धमकी दे रहा है।

## निकाय तथा पंचायत की सीमा वृद्धि को बैठक आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जिला कलक्टर अल्पा चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को आयोजित होने वाली बैठक में जिले की नगर परिषद, पालिका की सीमा वृद्धि एवं पंचायती राज संस्थाओं में सीमा में परिवर्तन के संबंध में की गई तैयारियों की वीसी के माध्यम से समीक्षा की जाएगी।

## रोजा इफ्तार का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मंडार।** कस्बे में शक्रवार शाम मस्जिद को सामूहिक रूप से रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। मस्जिद के मौलाना सदीक अकबरी ने बताया कि पीर मुर्शिद हजरत सैयद अकबर शाह जिलानी के उर्स के मौके पर सभी रोजेदारों को रोजा इफ्तार करवाया गया। मस्जिद परिसर में सामूहिक रूप से रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। जिसमें रोजेदार शामिल हुए। इस मौके मस्जिद के मौलाना सदीक अकबरी ने बताया कि जिस तरह रोजा रखने से जो सवाब मिलता है। उसी तरह से किसी रोजेदार को इफ्तार करवाने पर उससे भी बड़ा सवाब मिलता है।

# काशीराम की मनाई जयंती

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** मूलनिवासी बहुजन समाज जोड़ो यात्रा के तहत रविवार को कांशीराम की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के अध्यक्ष बामसेफ के राष्ट्रीय प्रचारक विशाल राय ने कहा कि काशीराम के अधूरे सपने को पूरा करने के लिए बहुजन समाज को इकट्ठा करना होगा। अंबेडकर रेवेन्यू एम्पलाइज फेडरेशन के प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल डांगी ने कहा कि काशीराम के जीवन चरित्र को समाज में लागू करना चाहिए। बामसेफ के प्रदेश महासचिव तोलाराम फाचरिया ने संकल्प लिया कि हर माह एक दिन समाज के लिए पे बेक टू सोसायटी के तहत कार्य के साथ राशि स्वयं खर्च करने का निर्णय लिया। एडवोकेट सुंदरलाल मोसलपुरिया ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। बामसेफ जिलाध्यक्ष संजय कुमार नारोलिया कार्यक्रम का संचालन किया। मदनलाल चौहान, पोपटलाल राठौड़, नगाराम परमार,चुन्नीलाल कड़ेला, घीसूलाल मोहल, मांगीलाल, नरेश कुमार, डॉ सीपी मकवाना, कलावती, त्रिजा देवी, मंजूलता मोसलपुरिया,मिस्त्री देवी, अमन, अमृतलाल जीनगर एवं डॅा विजय कुमार मौजूद रहे।



# 'समाज और देश की तरक्की के लिए शिक्षित होना जरूरी'

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**तलहटी।** तलहटी स्थित मुखरीमाता मंदिर परिसर में रविवार को राजपूत युवा संगठन आबूरोड के अध्यक्ष राजेन्द्रसिंह गोहिल के नेतृत्व में हुआ। समारोह में युवाओं का उत्साह बनता दिखा। अध्यक्ष सिंह ने युवाओं से आह्वान किया कि समाज के हर तबके को साथ साथ लेकर चलना होगा, तभी समाज और देश तरक्की करेगा। इसके अलावा युवाओं पर शिक्षा पर भी जोर देने का आह्वान किया। स्नेह मिलन में अरविन्दसिंह मेवाड के असामयिक निधन पर मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। ईश्वरसिंह देवड़ा, नारायणसिंह देवड़ा, राजनसिंह, लक्ष्मणसिंह चम्पावत, हरिसिंह इन्दा, धर्मवीरसिंह, लक्ष्मणसिंह, बलवंतसिंह, नारायणसिंह सोलंकी, मंगलसिंह, रणजीतसिंह, प्रतापसिंह, गणपतसिंह राणावत, सरससिंह, छत्तरसिंह देवड़ा, हरेन्द्रसिंह, देवराजसिंह, नरपतसिंह, चन्दनसिंह, आरएस राजपूत, नरेन्द्रसिंह कच्छावा, हिम्मतसिंह, विजयसिंह, विक्रमसिंह, सुमेरसिंह, हितेन्द्रसिंह, सोनू, किशनसिंह, जब्बरसिंह, किशोरसिंह, सुरेन्द्रसिंह कच्छावा आदि मौजूद थे।




## प्रभारी देवल का किया स्वागत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मंडार।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं सोजत प्रभारी हिमपालसिंह देवल के निजी आवास रेवदर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पूर्व अध्यक्ष देवेंद्रसिंह व लाखाराम चौधरी के नेतृत्व में स्वागत किया। देवल ने कहा कि संगठन द्वारा दिए गए दायित्व को इमानदारी एवं निष्ठा से निभाऊंगा। मंडल अध्यक्ष दलपतसिंह, भरतसिंह, लक्ष्मणसिंह, ओबीसी प्रकोष्ठ के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष भैराराम प्रजापत, ब्लॉक कोषाध्यक्ष पुनमचंद पुरोहित, शैलेंद्रसिंह भाटी मौजूद थे।

# सांसद से की छात्रावास के परकोटा निर्माण की मांग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कालन्द्री।** सरगरा समाज विकास समिति ने अध्यक्ष लक्ष्मणराम चौहान के नेतृत्व एवं समाज बंधुओं की उपस्थिति में सांसद लुम्बाराम चौधरी को ज्ञापन देकर छात्रावास भूमि के परकोटा बनाने की मांग की। समाज के लोगों ने सांसद चौधरी का सम्मान भी किया। सांसद ने भी परकोटा निर्माण व स्वीकृति के लिए आश्वासन दिया। गोमाराम परिहार, खीमाराम, हंसाराम, घीसुलाल, मफाराम, गणेश, लक्ष्मणराम, शैतान कुमार, शिव कुमार, दिनेश कुमार, हिराराम, हरिश कुमार, गोपाल मकवाना, कमलेश, भबूतराम, बाबूलाल, अर्जुन एवं अश्विन आदि मौजूद थे ।



# अंबाजी मंदिर में चोरी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** आकराभट्टा स्थित अंबाजी मंदिर में बीती रात चोरों ने सेंध मार दी। मंदिर का ताला तोड़कर दान पेटी में रखी नगदी व मंदिर में लगी घंटी लेकर फरार हो गए। बीते कुछ दिनों से शहर में चोरियों की वारदात में लगातार इजाफा होता जा रहा है। सूने पड़े आशियानों के साथ अब मंदिर भी चोरों के निशाने पर आ गए हैं। इसी की बानगी की आकराभट्टा में देखने को मिली। जहां अंबाजी मंदिर में शनिवार रात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। दान पेटी में रखे 2 हजार व मंदिर में लगी घंटी लेकर फरार हो गए।



## दास बने आबूराज परगना अध्यक्ष



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** गुलाबगंज में शनिवार को वैष्णव समाज के आबूराज परगना की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सर्व सम्मति से लक्ष्मणदास सिरोड़ी को आबूराज परगना का अध्यक्ष मनोनीत किया। बैठक में पुरसोत्तम, अर्जुनदास, अरविन्द, दलपत, सीताराम, अमृत, नारायणलालख हिरदास, किशोर, राधिकदास, जोगिदास,सुरेश, रमेश, योगेश, भावेश, नटवर, भंवर, विनोद, चेतन, भुपेश आदि मौजूद थे।

# धारदार हथियारों से युवक को उतारा मौत के घाट

## करीब आधा दर्जन लोगों ने दिया वारदात को अंजाम

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** आवल के चापाफली में हथियारों से लेस लोगों ने युवक पर हमला कर धारदार हथियारों व बियर की बोतलों से जमकर मारपीट की। युवक ने भाग कर जान बचाने का प्रयास किया। लेकिन, हमलावरों ने उसका पीछा कर उसे मौत के घाट उतार दिया। इस वारदात से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर सदर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के अनुसार चापावली में रविवार को युवक की हत्या की सूचना मिली। मामले को लेकर पुलिस दल घटना पर पहुंचा तथा लोगों ने बताया कि धारदार हथियारों से लेस करीब आधा दर्जन हमलावरों ने युवक को घेर लिया। सभी ने युवक पर दनादन वार करना शुरू कर दिया। जिसके चलते युवक सड़क किनारे स्थित कृषि कुएं में बने आवास में घुस गया। लेकिन, आवास में दरवाजे नहीं होने के चलते सभी आरोपी मौके पर पहुंच गए और बोतलों व धारदार हथियारों से हमला कर ने आंदलिया निवासी शंकर गरासिया को मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की गई। समाचार लिखे जाने तक गांव में पुलिस जाब्ता मौजूद रहा।

## अटल जन सेवा शिविर आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जिले में आमजन की परिवेदनाओं के निस्तारण के संबंध में त्रिस्तरीय जनसुनवाई अटल जन सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. दिनेश राय सापेला ने बताया कि मार्च माह के द्वितीय गुरुवार को राजकीय अवकाश होने के कारण सोमवार आयोजित की जाएगी।

# दिलदार भाटी बने देसूरी पत्रकार संघ के अध्यक्ष



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** देसूरी उपखंड पत्रकार संघ की नई कार्यकारिणी का गठन हरीओम आश्रम प्रांगण में आयोजित पत्रकारों की बैठक में किया गया। निवर्तमान अध्यक्ष प्रमोदपाल सिंह मेघवाल और चुनाव अधिकारी बीडी रामावत के सान्निध्य व मार्गदर्शन में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से नए पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। दिलदार भाटी को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसी तरह खेताराम जाट को उपाध्यक्ष, भरत श्रीमाली को कोषाध्यक्ष और हिंगलाजदान चारण को सचिव मनोनीत किया गया। नए पदाधिकारियों का साफा और माला पहनाकर स्वागत किया गया। साथ ही निवर्तमान अध्यक्ष प्रमोदपाल सिंह मेघवाल का भी सम्मान किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष दिलदार भाटी ने कहा कि संगठन का पंजीयन और कार्यालय के लिए भूखंड आवंटन उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने सकारात्मक सोच के साथ संघ को मजबूत बनाने की अपील की। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। संघ का कार्यकाल दो वर्ष निर्धारित किया गया। प्रति वर्ष 16 से 31 मार्च तक सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। हर तीन माह में संघ की बैठक आयोजित की जाएगी। देसूरी उपखंड मुख्यालय पर जल्द ही कार्यालय शुरू करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में दिनेश आदिवाल, रमजान खान, प्रहलादसिंह चारण, भारतसिंह राव, ललित कंडारा, जयसिंह राठौड़, हितेश सोनी, अल्लारख खां पठान, मिसरू खान पठान आदि मौजूद थे।

# उन्नड़ी में गेर नृत्य के दौरान युवक के साथ मारपीट

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सायला।** थानाक्षेत्र के उन्नड़ी गांव में गेर नृत्य के दौरान बदमाशों ने एक युवक के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार लाखसिंह पुत्र भूरसिंह निवासी उन्नडी ने रिपोर्ट पेशकर बताया कि 14 मार्च की शाम को ग्राम उन्नडी के चौहटे पर होली महोत्सव पर गेर नृत्य का कार्यक्रम चल रहा था। जिसमें उसका भतीज भवानीसिंह पुत्र पहाड़सिंह भी गेर नृत्य कर रहा था। शाम 6 बजे के लगभग अशोक कुमार, रमेश कुमार पुत्र भलाराम माली निवासी उन्नड़ी दोनो शराब पीकर एवं हाथों मे लाठी धारिया लेकर आए और गेर नृत्य करते भवानीसिंह को खींचकर बाहर निकाला व गाली गलौज कर मारपीट करने लगे। तब लाखसिंह, हड़मतसिंह, नगसिंह ने बीच बचाव कर छुड़ाया। मारपीट में भवानीसिंह के गंभीर चोट लगने पर निजी वाहन से राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सायला लेकर आएं, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर आगे रेफर कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर तफ्तीश हैड कांस्टेबल रुपाराम के हवाले की गई।

## गेर नृत्य का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पोसालिया।** कस्बे के मीणा समाज धर्मशाला जय अम्बे माता मन्दिर चौक में गेर नृत्य का आयोजन किया गया। शाम को शुरु हुए गेर नृत्य में युवकों ने उमंदा प्रस्तुतियां दी। समारोह में ढ़ोल पर युवक ने नृत्य किया। गेर नृत्य देखने के लिए सभी वर्ग के लोगों की भीड़ उमड़ी। इस दौरान मीणा समाज के पंच पटेल भी मौजूद रहे।

# राइजिंग राजस्थान में एमओयू वाले उद्योगों को प्रत्यक्ष पद्धति से होगा भूखंड का आवंटन

RISING RAJASTHAN

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट.2024 के दौरान एमओयू करने वाले उद्यमियों के लिए अच्छी खबर है। रीको प्रबंधन चयनित औद्योगिक क्षेत्रों में उद्यमियों को प्रत्यक्ष आवंटन पद्धति से भूखंड आवंटित करेगा। जिससे बिना विलंब के उद्योगों की स्थापना की जा सके। राज्य सरकार की मंशा के अनुसार रीको ने प्रत्यक्ष आवंटन पद्धति का प्रारूप जारी कर दिया। जिसमें ऐसे उद्यमी जिन्होंने इस पॉलिसी के लागू होने की तिथि तक राज्य सरकार के साथ निवेश हेतु मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) निष्पादित किया गया है। वे इस योजना में आवेदन कर सकते हैं। इस योजना में 98 औद्योगिक क्षेत्रों में लगभग 6 हजार 936 औद्योगिक भूखण्ड आवंटन के लिए उपलब्ध हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 28 है तथा ई-लॉटरी 3 अप्रैल को है।

## राजस्व अधिकारी ग्रेड द्वितीय एवं अधिशाषी अधिकारी वर्ग की बैठक 23 को

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर द्धारा आयोजित राजस्व अधिकारी ग्रेड द्वितीय एवं अधिशाषी अधिकारी वर्ग चतुर्थ पुन 23 मार्च को दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक एक सत्र में जिला मुख्यालय सिरोही एवं उपखंड मुख्यालय शिवगंज स्थित परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। एडीएम डॉ. दिनेश राय सापेला ने जिला एवं ब्लाक स्तरीय अधिकारियों मय अधीनस्थ कार्मिकों को निर्देश दिए कि वे 21 से 23 मार्च तक बिना अनुमति के मुख्यालय का परित्याग नहीं करेंगे। यह आदेश सभी शिक्षण संस्थाओं पर भी लागू होगा। बिना अनुमति के मुख्यालय का परित्याग करने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# मुंबई इंडियंस ने जीती 12वीं ट्रॉफी



### ▶▶ क्रिकेट इतिहास की सबसे सफल फ्रैंचाइजी बनी

**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस ने टी20 क्रिकेट में अपनी बादशाहत को एक बार फिर साबित किया है। हाल ही में महिला प्रीमियर लीग का खिताब जीतने के साथ ही इस फ्रैंचाइजी ने अपनी ट्रॉफी कैबिनेट में एक और सुनहरा अध्याय जोड़ दिया है। मुंबई इंडियंस टी20 क्रिकेट के इतिहास में सबसे सफल फ्रैंचाइजी बन गई है, जिसने विभिन्न लीग्स में अब तक कुल 12 खिताब अपने नाम किए हैं। मुंबई इंडियंस ने 2008 में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के साथ अपने सफर की शुरुआत की थी।

## ऐसा रहा मैच

- मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेले गए मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स महिला को आठ रन से हार झेलनी पड़ी। यह मुंबई इंडियंस का दूसरा खिताब है। इससे पहले 2023 का शुरूआती सीजन भी उन्होंने जीता था। खास बात यह है कि तीनों सीजन में दिल्ली कैपिटल्स फाइनल में पहुंची लेकिन खिताब नहीं जीत पाई। शनिवार को फाइनल में हरमनप्रीत कौर ने 66 तो नेट साइवर ब्रंट ने 30 रन बनाकर स्कोर 149 तक पहुंचाया। जवाब में खेलने उतरी दिल्ली 141 रन ही बना सकी। मेरिजाना केप और निकी प्रसाद ने जरूर अंत में रन बनाकर धड़कनें बढ़ाई लेकिन वह फाइनल जीत नहीं पाई।

## एमआई के ट्रॉफी जीतने वाले कप्तान

- 2011 सीएलटी20 (हरभजन सिंह)
- 2013 आईपीएल (रोहित शर्मा)
- 2013 सीएलटी20 (रोहित शर्मा)
- 2015 आईपीएल (रोहित शर्मा)
- 2017 आईपीएल (रोहित शर्मा)
- 2019 आईपीएल (रोहित शर्मा)
- 2020 आईपीएल (रोहित शर्मा)
- 2023 महिला प्रीमियर लीग (हरमनप्रीत कौर)
- 2023 मेजर क्रिकेट लीग (निकोलस पूरन)
- 2024 अंतर्राष्ट्रीय लीग टी20 (निकोलस पूरन)
- 2025 SA20 (राशिद खान)
- 2025 महिला प्रीमियर लीग (हरमनप्रीत कौर)

## मुंबई इंडियंस के खिताबों का शानदार सफर

- इंडियन प्रीमियर लीगः 2013, 2015, 2017, 2019, 2020 (कुल पांच खिताब) मुंबई इंडियंस ने आईपीएल में सबसे ज्यादा पांच खिताब जीतकर इस लीग में अपनी सर्वोच्चता साबित की है। रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम ने लगातार शानदार प्रदर्शन किया, विशेष रूप से 2019 और 2020 में लगातार खिताब जीतकर इतिहास रचा। चैंपियंस लीग ट्वंटी20ः 2011, 2013 (कुल दो खिताब) इस अब बंद हो चुकी अंतरराष्ट्रीय टी20 लीग में मुंबई इंडियंस ने दो बार खिताब अपने नाम किया। 2011 में हरभजन सिंह और 2013 में रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। महिला प्रीमियर लीगः 2023, 2025 (कुल दो खिताब) मुंबई इंडियंस ने 2023 में शुरू हुई डब्ल्यूपीएल के पहले संस्करण में खिताब जीतकर इतिहास रचा। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में टीम ने 2025 में भी अपना दबदबा कायम रखा। मेजर क्रिकेट लीग (एमएलसी)ः 2023 (एक खिताब) अमेरिका में शुरू हुई इस टी20 लीग में मुंबई इंडियंस ने अपने पहले ही सीजन में खिताब अपने नाम किया। अंतर्राष्ट्रीय लीग टी20ः 2024 (एक खिताब) संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित इस लीग में मुंबई इंडियंस ने 2024 में अपना पहला खिताब जीता। साऊथ अफ्रीका 20ः 2025 (एक खिताब) हाल ही में संपन्न हुए SA20 2025 में मुंबई इंडियंस की सहयोगी टीम, MI केप टाउन ने खिताब जीतकर फ्रैंचाइजी की वैश्विक पहुंच और सफलता को एक नया आयाम दिया।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 में पाकिस्तान 91 रन पर ऑलआउट

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान का खराब प्रदर्शन चैंपियंस ट्रॉफी के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में भी जारी रहा। न्यूजीलैंड ने पहले टी20 मैच में पाकिस्तान को 18.4 ओवर में 91 रन पर ऑलआउट कर दिया जो उसका कीवियों के खिलाफ इस प्रारूप में न्यूनतम स्कोर है। जवाब में कीवी टीम ने 10.1 ओवर में एक विकेट पर 92 रन बनाकर नौ विकेट से मैच जीत लिया और पांच मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली।



▶▶ कीवी टीम नौ विकेट से जीती

## न्यूजीलैंड ने आसानी से प्राप्त किया लक्ष्य

क्राइस्टचर्च में खेले गए पहले मैच में तेज गेंदबाज जैकब डफी और काइल जैमिसन की शानदार गेंदबाजी के आगे पाकिस्तान के बल्लेबाजों की एक नहीं चली। गेंदबाजों के बाद बल्लेबाजों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। अबरार अहमद ने हालांकि सलामी बल्लेबाज टिम सीफर्ट को अर्धशतक लगाने से रोका जो 29 गेंदों पर सात चौकों और एक छक्के की मदद से 44 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद फिन एलन और टिम रॉबिंसन ने टीम को जीत दिलाई। एलन 17 गेंदों पर दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 29 रन और रॉबिंसन 15 गेंदों पर एक छक्के के सहारे 18 रन बनाकर नाबाद रहे।

## पाकिस्तान की खराब बल्लेबाजी

- न्यूजीलैंड के कप्तान माइकल ब्रेसवेल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। पाकिस्तान ने मोहम्मद हारिस और हसन नवाज के विकेट खाता खोले बिना ही गंवा दिए थे। पाकिस्तान की शुरुआत इतनी खराब रही कि उसने चार विकेट 11 रन के अंदर गंवाए। पाकिस्तान का कोई बल्लेबाज बड़ी साझेदारी नहीं कर सका। यहां तक कि उसके छह बल्लेबाज दहाई अंक में भी नहीं पहुंच सके और दो बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल पाए। पाकिस्तान के लिए खुशदिल शाह ने 30 गेंदों पर तीन छक्कों की मदद से सर्वाधिक 32 रन बनाए। वहीं, कप्तान सलमान आघा ने 18 और जहांदाद खान ने 17 रनों का योगदान दिया। न्यूजीलैंड की ओर से डफी ने 3.4 ओवर में 14 रन देकर चार विकेट, जबकि जैमिसन ने चार ओवर में आठ रन देकर तीन विकेट लिए जिसमें एक मेडन ओवर भी शामिल था। इनके अलावा ईश सोढ़ी को दो और जकारी फोक्स को एक विकेट मिला।

# हरमनप्रीत और सविता ने जीता सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का अवॉर्ड

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को हॉकी इंडिया सातवें सालाना पुरस्कार में वर्ष 2024 के सर्वश्रेष्ठ पुरूष खिलाड़ी और दिग्गज गोलकीपर सविता को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार मिला। 50 वर्ष पहले 15 मार्च को ही कुआलालम्पुर में भारत को एकमात्र विश्व कप जिताने वाली अजितपाल सिंह की कप्तानी वाली भारतीय टीम को ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार प्रदान किया गया। पिछले साल पेरिस ओलंपिक में दस गोल करके भारत को लगातार दूसरा ओलंपिक कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि पुरस्कार काफी मायने रखते हैं और युवाओं को इससे प्रेरणा मिलती है। मैं उन्हें इतना ही कहूंगा कि नतीजे का दबाव लिये बिना कड़ी मेहनत करते रहें। वहीं, तीसरी बार पुरस्कार जीतने वाली पूर्व कप्तान सविता ने वीडियो संदेश में कहा कि इस पुरस्कार से मुझे आगे और मेहनत करने की प्रेरणा मिलेगी। यह मेरे साथी खिलाड़ियों को समर्पित है। वहीं, वर्ष के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का बलजीत सिंह पुरस्कार भी सविता को मिला।

### ▶▶ 1975 विश्व कप विजेता हॉकी टीम भी सम्मानित

# एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम घोषित



**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) का निलंबन हटने के बाद दिल्ली के आईजी खेल परिसर में सीनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप के लिए चयन ट्रायल कराए जाने के बाद भारतीय टीम घोषित कर दी गई है। 25 से 30 मार्च तक जॉर्डन के अम्मान में होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए 30 सदस्यीय टीम में विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता दीपक पूनिया और अंतिम पंघाल को शामिल किया गया है। चयन ट्रायल के दौरान पुरुष फ्रीस्टाइल और ग्रीको-रोमन के साथ-साथ महिला वर्ग में 10-10 पहलवानों का चयन किया गया। 2019 विश्व चैंपियनशिप में रजत और 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण जीतने वाले पूनिया हालांकि अब 86 किग्रा से 92 किग्रा में आ गए हैं, जबकि विशाल कालीरमन भी 65 किग्रा से 70 किग्रा में खेलने लगे हैं। पंघाल (53 किग्रा) और रीतिका (86 किग्रा) ने उम्मीद के मुताबिक अपने ट्रायल जीते। चयन ट्रायल की देखरेख डब्ल्यूएफआई की चयन समिति ने की जिसमें अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, उपाध्यक्ष जय प्रकाश, कोषाध्यक्ष एसपी देशवाल और ओलंपिक पदक विजेता योगेश्वर दत्त शामिल थे।

## एशियाई चैंपियनशिप के लिए चुने हुए पहलवानः

- पुरुष फ्रीस्टाइलः चिराग (57 किग्रा), उदित (61 किग्रा), सुजीत (65 किग्रा), विशाल कालीरमन (70 किग्रा), जयदीप (74 किग्रा), चंद्रमोहन (79 किग्रा), मुकुल दहिया (86 किग्रा), दीपक पूनिया (92 किग्रा), जॉइंटी कुमार (97 किग्रा) और दिनेश (125 किग्रा)।
- पुरुष ग्रीको-रोमनः नितिन (55 किग्रा), सुमित (60 किग्रा), उमेश (63 किग्रा), नीरज (67 किग्रा), कुलदीप मलिक (72 किग्रा), सागर (77 किग्रा), राहुल (82 किग्रा), सुनील कुमार (87 किग्रा), नितेश (97 किग्रा) और प्रेम (130 किग्रा)।
- महिला कुश्तीः अंकुश (50 किग्रा), अंतिम (53 किग्रा), नीशू (55 किग्रा), नेहा शर्मा (57 किग्रा), मुस्कान (59 किग्रा), मनीषा (62 किग्रा), मोनिका (65 किग्रा), मानसी लाठर (68 किग्रा), ज्योति बेरवाल (72 किग्रा) और रीतिका (76 किग्रा)।

# विश्व रैपिड और ब्लिट्ज टीम शतरंज चैंपियनशिप 10 जून से लंदन में



**लंदन।** विश्व रैपिड और ब्लिट्ज टीम शतरंज चैंपियनशिप एक बार फिर से लौट रही है और इस बार यह और बड़ी पुरुस्कार राशि पांच लाख यूरो (करीब 4.5 करोड़) के साथ आयोजित होगी । रैपिड के लिए 3,10,000 यूरो और ब्लिट्ज के लिए 1,90,000 यूरो की राशि रखी गई है। ड्यूसेल्डॉर्फ 2023 और अस्ताना 2024 के रोचक आयोजित संस्करणों के बाद यह नया संस्करण लंदन में 10 जून से 16 जून तक होगा। नये नॉकआउट स्टेज में पहले दिन राउंड रॉबिन आधार पर पूल के आधार पर मुक़ाबले होंगे प्रणाली, उसके बाद 16 टीम प्ले ऑफ में प्रवेश करेंगी। इस बार भी टीम में कम से कम छह और अधिकतम नौ खिलाड़ी हो सकते है। एक महिला खिलाड़ी और एक 2000 से कम रेटिंग के खिलाड़ी को भी टीम में शामिल करना होगा । विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैगनस कार्लसन की टीम डबल्यूआर चैस और अर्जुन एरिगासी के नेत्तृत्व वाली भारत की एमजीडी1 पर इस बार भी सबकी नजरे रहेंगी।

# मनोरंजन

# 'पठान 2' में सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की एंट्री



पांच साल से बड़े पर्दे से गायब शाह रुख खान ने जब 2023 में सिद्धार्थ आनंद निर्देशित स्पाई थ्रिलर पठान से कमबैक किया तो सिनेमाघरों में तूफान आ गया। इस फिल्म ने शाह रुख के स्टारडम का स्तर और बढ़ा दिया। पठान की जबरदस्त सफलता के बीच अब सीक्वल को लेकर चर्चा तेज हो गई है। 'पठान' का सीक्वल 'पठान 2' पर मुहर लग गई है। यश राज फिल्म्स के बैनर तले बनने फिल्म को लेकर मेकर्स ने तैयारी शुरू कर दी है। फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है और 2026 तक इसकी शूटिंग शुरू होने की चर्चा है। इस बीच खबर है कि सीक्वल में साउथ स्टार खलनायक बनने वाला है। 'पठान' में शाह रुख खान के अपोजिट लीड रोल में जॉन अब्राहम नजर आए थे, जो खलनायक बने थे। हालांकि, सीक्वल से जॉन का पत्ता कट गया है, अब उनकी जगह एक साउथ स्टार की एंट्री हुई है। ये हम नहीं बल्कि सोशल मीडिया फैंस की थ्योरी है। उनका मानना है कि 'पठान 2' में जो साउथ स्टार खलनायक बनेगा वो अल्लू अर्जुन हैं। 1800 करोड़ी फिल्म दे चुके अल्लू अर्जुन को लेकर फैंस कयास लगा रहे हैं कि वह शाह रुख खान के साथ 'पठान 2' में नजर आएंगे। एक यूजर ने कहा, "मजबूत अफवाह- पठान 2 में अल्लू अर्जुन खलनायक बनेंगे।" इस पोस्ट के बाद पूरे इंटरनेट पर पुष्पा स्टार के 'पठान 2' में विलेन बनने की खबर आग की तरह फैल रही है। कुछ समय पहले अल्लू अर्जुन ने हिंदी फिल्में करने पर अपना रिएक्शन शेयर किया था।




# अक्षय की तेलुगू डेब्यू फिल्म 'कन्नप्पा' से फर्स्ट लुक आउट



अक्षय कुमार जल्द अपना तेलुगू फिल्मों में डेब्यू करने वाले हैं। उनकी पहली साउथ फिल्म 'कन्नप्पा' का पोस्टर सामने आ गया है। इस पोस्टर में एक्टर को भगवान शिव के गेटअप में देखा जा सकता है। एक्टर ने खुद इस पोस्टर को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर करते हुए फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान किया है। फिल्म में विष्णु मांचू , प्रभास, काजल अग्रवाल, मोहन बाबू, मधु और मोहनलाल अहम किरदारों में नजर आएंगे। अक्षय कुमार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म का पोस्टर शेयर किया है जिसमें उन्हें भगवान शिव के गेटअप में देखा जा सकता है। कुछ समय पहले फिल्म का टीजर रिलीज किया गया था जिसमें प्रभास को रूद्र के किरदार में दिखाया गया था। अब फिल्म को लेकर फैंस में एक्साइटमेंट बढ़ गई है। 'कन्नप्पा' में अहम किरदार निभा रहे विष्णु मांचू,ने कहा, "यह फिल्म मेरे लिए सिर्फ एक प्रोजेक्ट नहीं है, यह एक पर्सनल जर्नी है। मैं मौजूदा समय में भारत भर के सभी ज्योतिर्लिंगों के दर्शन कर रहा हूं, मैंने कन्नप्पा की कहानी के साथ एक गहरा, आध्यात्मिक बंधन महसूस किया है। यह अटूट आस्था और बलिदान की कहानी है जो आत्मा को छूती है। इस जर्नी में अक्षय कुमार, मोहनलाल और प्रभास जैसे आइकन का हमारे साथ जुड़ना मेरे लिए बहुत गर्व की बात है, क्योंकि हमारा मानना है कि भक्ति और दिव्य शक्ति से भरी यह कहानी दुनिया भर के हर व्यक्ति तक पहुंचनी चाहिए। यह एक ऐसा संदेश है जो सीमाओं से परे है और मानवता के दिल से बात करता है।"

# होली के रंग में रंगे सिद्धू मूसेवाला के छोटे भाई

पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन वो हमेशा ही अपने चाहने वालों के दिलों में जिंदा रहेंगे। सिद्धू की साल 2022 में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उनके निधन की खबर ने पूरे देश में मानों तहलका मच गया था। कोई यकीन ही नहीं कर पा रहा था कि उनका चहेता सिंगर अब इस दुनिया से चला गया। ये सदमा जहां उनके फैंस के लिए काफी तगड़ा था तो उनका परिवार भी बुरी तरह से टूट चुका था। सिद्धू के जाने के बाद पिछले साल उनकी मां ने सरोगेसी के जरिए उनके भाई को जन्म दिया। सिद्धू के भाई शुभदीप की कई वीडियोज और फोटोज वायरल होते रहते हैं। इसी बीच अब शुभदीप की लेटेस्ट तस्वीरें इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रही हैं। फैंस इस पर खूब प्यार लुटा रहे हैं। सिद्धू मूसेवाला के भाई शुभदीप की ये तस्वीरें होली के अवसर की हैं। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि शुभदीप के गालों पर रंग लगा है। उसने सफेद रंग का पठानी सूट पहना है और नील रंग की पगड़ी पहनी है। इस लुक में शुभदीप काफी क्यूट लग रहे हैं। शुभदीप की इन तस्वीरों पर फैंस भर भरकर प्यार लुटाते नजर आ रहे हैं। इस पर लगातार यूजर्स कमेंट कर शुभदीप के लुक पर कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'शुभदीप की तस्वीरें ऐसे पोस्ट मत कीजिए। उसे लाइमलाइट से दूर रखें।' एक दूसरा लिखता है, 'भाई ये साक्षात सिद्धू मूस वाला लग रहा है यार।' एक ने लिखा, 'जूनियर सिद्धू मूसाला वापस आ गया है।' ऐसे कई और कमेंट्स इन तस्वीरों पर आ रहे हैं।



# 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' की नई रिलीज डेट कंफर्म



वरुण धवन और जान्हवी कपूर की फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। दोनों कलाकारों की इस फिल्म को लेकर अब एक बड़ा अपडेट आया है। पहले खबरें थी कि फिल्म 18 अप्रैल को रिलीज होगी। लेकिन अब इसकी नई रिलीज डेट का ऐलान कर दिया गया है। आइए जानते हैं कि बड़े पर्दे पर वरुण और जान्हवी की फिल्म कब दस्तक देने वाली है। वरुण और जान्हवी की फिल्म का इंतजार कर रहे फैंस का इंतजार और भी लंबा होने वाला है। फिल्म की रिलीज डेट पोस्टपोन हो चुकी है। लेकिन साथ ही इसकी नई रिलीज डेट भी आ चुकी है। दर्शक अब इस फिल्म का लुत्फ 12 सितंबर से बड़े पर्दे पर ले पाएंगे। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने सोशल मीडिया पर ये जानकारी शेयर की है। वरुण धवन और जान्हवी कपूर के अलावा फिल्म में सान्या मल्होत्रा, मनीष पॉल और रोहित सराफ भी नजर आने वाले हैं। इस रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा फिल्म का डायरेक्शन 'हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया', 'बद्रीनाथ की दुल्हनिया' और 'धड़क' जैसी फिल्में बनाने वाले शशांक खैतान ने किया है। वहीं इसे अदार पूनावाला, अपूर्व मेहता और करण जौहर ने प्रोड्यूस किया है। जान्हवी और वरुण धवन दूसरी बार साथ काम कर रहे हैं। दोनों कलाकारों ने पहली बार फिल्म 'बवाल' में काम किया था। साल 2023 में फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। इसमें दोनों की केमिस्ट्री को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। एक बार फिर से वरुण और जान्हवी का ऐसा ही अंदाज फैंस को 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' के जरिए देखने को मिलेगा। देखना होगा कि इस बार दोनों स्टार्स अपने फैंस के दिलों पर कैसा जादू चलाते हैं। 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' के अलावा वरुण धवन के पास सनी देओल की फिल्म 'बॉर्डर 2' और 'भेड़िया 2' भी शामिल है। वहीं जान्हवी के वर्कफ्रंट पर नजर डालें तो एक्ट्रेस के पास 'आरसी 16' और 'परम सुंदरी' जैसे प्रोजेक्ट्स हैं। जान्हवी 'आरसी 16' में साउथ सुपरस्टार राम चरण के साथ स्क्रीन शेयर करती हुई नजर आएंगी।

# बर्फीली वादियों के बीच फैमिली संग वेकेशन पर पहुंचीं करीना कपूर



बॉलीवुड के फैशन डीवा करीना कपूर इन दिनों अपनी फैमिली के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड कर रही हैं। एक्ट्रेस हाल ही में बर्फीली वादियों के बीच वेकेशन मनाने पहुंची। जिसकी कुछ तस्वीरें उन्होंने फैंस के साथ भी शेयर की। इन तस्वीरों में बेबो व्हाइट स्नो के बीच पोज देती दिखी।

करीना कपूर खान सोशल मीडिया पर खासी एक्टिव हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट वेकेशन की झलक फैंस के साथ शेयर की है। दरअसल करीना अपने पति सैफ अली खान और दोनों बेटों जेह और तैमूरी अली खान के साथ विदेश में वेकेशन के लिए गई हैं। इसकी झलक एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम की स्टोरी पर कुछ तस्वीरें शेयर कर फैंस को दिखाई। करीना कपूर ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर तीन फोटोज शेयर की हैं। जिसमें से दो में वो अकेली पोज कर रही हैं। वहीं तीसरी में एक्ट्रेस सैफ और दोनों बच्चों के साथ दिखाई दी। तस्वीरों में खान फैमिली बर्फ से ढकी वादियों के बीच एंजॉय कर रहे हैं। करीना का फोटोज में विंटर लुक नजर आया। एक्ट्रेस ने व्हाइट जैकेट और ब्लैक पेंट पहनी है। साथ ही एक स्लिंग बैग भी कैरी किया। एक्ट्रेस की तस्वीरें काफी वायरल भी हो रही हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो करीना कपूर आखिरी बार फिल्म 'सिंघम अगेन' में नजर आई थी। जिसमें वो अजय देवगन, अक्षय कुमार, रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण के साथ दिखाई दी थी। वहीं सैफ अली खान साउथ फिल्म 'देवरा' में नजर आए थे। फिल्म में उनके साथ जूनियर एनटीआर और जाह्नवी कपूर भी थे। बहुत जल्द दोनों कई बड़े प्रोजेक्ट्स में दिखाई देंगे। जिनका फैंस को भी बेसब्री से इंतजार है।

महाराष्ट्र : 'जलयुक्त शिवार योजना-2'

# चंद्रा फाउंडेशन-सरकार के बीच करार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** राज्य में 'जलयुक्त शिवार योजना-2' अंतर्गत 'गादमुक्त तालाब-गादयुक्त खेत' ('गालमुक्त धरण, गालयुक्त शिवार') योजना चलाई जा रही है। इस योजना के माध्यम से तालाबों का जल संग्रहण बढ़ाने के साथ-साथ खेती की सुपीकता बढ़ाने में बडे पैमाने पर मदद हो रही है। इस योजना का सहभाग और प्रभावी क्रियान्वयन के संदर्भ में ए.टी.ई.चंद्रा फाउंडेशन और मृद एवं जलसंधारण विभाग के बीच सामंजस्य करार (एमओयू) किया गया है। 'गादमुक्त तालाब, गादयुक्त खेत' यह मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसमें सामाजिक संस्था काम करने के लिये उत्सुक है। ए.टी.ई. चंद्रा फाउंडेशन सक्रिय सहभागी होने से राज्य के पानी की उपलब्धता बढ़ाने के साथ-साथ भूमि की सुपीकता बढाकर उत्पादन में भी वृद्धि होने में अच्छी मदद होगी। इस योजना के क्रियान्वयन में मृद व जलसंधारण विभाग ने फाउंडेशन को सहयोग करने की सूचना भी मुख्यमंत्री फडणवीस ने इस दौरान विभाग को दी है।



## अमृत सरोवर मॉडल




अमृत सरोवर उपक्रम अधिकतर 'गादमुक्त तालाब, गादयुक्त खेत' इस उपक्रम पर आधारित है। अमृत सरोवर मॉडल भारत सरकार का जलसंधारण और जलाशय पुनरुज्जीवन के लिए उपक्रम है, जो "आजादी का अमृत महोत्सव" अंतर्गत शुरू किया गया। इस मॉडल का उद्देश ग्रामीण परिसर के पारंपरिक जलस्त्रोतों का पुनरुत्थान कर भूजल स्तर बढ़ाना और पर्यावरण में सुधार करना है। इसके लिए स्थानीय प्रशासन, ग्रामपंचायतें और नागरिकों की सक्रिय सहभागिता ली जाती है। मनरेगा और अन्य सरकारी योजनाओं की मदद से जिले में कम से कम 75 अमृत सरोवर विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे जलसंधारण समेत खेती और पशुपालन को भी गति मिलेगी और ग्रामीण क्षेत्र का जल स्वावलंबन भी बढ़ेगा।

## जल संग्रहण और भूमि की उर्वरा शक्ति में वृद्धि

'गादमुक्त तालाब, गादयुक्त खेत' योजना यह राज्य का महत्वाकांक्षी प्रकल्प है और इसमें तालाबों को गादमुक्त कर वह गाद खेत भूमि में डाला जाता है, जिससे जल संग्रहण में वृद्धि होती है और भूमि की सुपिकता भी बढ़ती है। पिछले दो साल में राज्य में डेढ हजार से अधिक जल स्त्रोतों से तकरीबन साढ़े चार करोड़ घनमीटर गाद निकाला गया और चालीस हजार किसानों ने यह गाद खेती में डाला है। राज्य के 34 जिलों में तकरीबन नौ करोड़ घनमीटर गाद निकालने की क्षमता है और 1.8 लाख से अधिक गाद निकाला जाएगा। यह काम अभी तेज गति से शुरू है। 'गादमुक्त तालाब, गादयुक्त खेत' यह एक अभिनव योजना है और फिलॅन्ट्रॉपीक संस्था, सरकारी विभाग और स्थानीय समुदाय को एक साथ लाने का काम करता है और यह एक बड़ा सहभागात्मक उपक्रम है।

सोलापुर में बर्ड फ्लू का कहर

# सौ से ज्यादा कौओं की भयावह मौत

▶▶ 21 दिन तक सार्वजनिक जगहों पर पाबंदी

**सोलापुर।** सोलापुर शहर में बर्ड फ्लू की दस्तक से हर तरफ हड़कंप मच गया है। इस बीच अब यह साफ हो गया है कि पिछले कुछ दिनों में अचानक मरे कौओं की मौत बर्ड फ्लू के कारण हुई है। भोपाल की लैब से मृत कौओं की रिपोर्ट बर्ड फ्लू पॉजिटिव आने पर सोलापुर नगर निगम और पशुपालन विभाग एक्शन मोड में आ गया है। सोलापुर के छत्रपति संभाजी महाराज झील, श्री सिद्धेश्वर महाराज झील, खंदक बाग में पिछले कुछ दिनों में पचास से अधिक कौओं की मौत हो गई है। अब उस क्षेत्र को सेनेटाइज कर दिया गया है जहां मृत कौवे पाए गए थे।

## एहतियात के तौर पर उठाया जाएगा कदम

■ जिस क्षेत्र में मृत कौवे पाए गए वह सार्वजनिक क्षेत्र है और एहतियात के तौर पर इसे 21 दिनों के लिए बंद कर दिया जाएगा। एक किलोमीटर के दायरे में चिकन दुकानों में मौजूद मुर्गों की भी जांच की जाएगी यह भी जानकारी दी गई है कि स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से 1 किमी के क्षेत्र में बीमार नागरिकों की जानकारी भी ली जाएगी। हालांकि, प्रशासन ने अपील की है कि घबराने की जरूरत नहीं है क्योंकि बर्ड फ्लू अभी तक किसी भी तरह से मुर्गियों और इंसानों में प्रवेश नहीं कर पाया है।

# उत्तर मुंबई में नहीं बनने देंगे 'नई झुग्गी बस्ती'

**मुंबई।** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने 15 मार्च को अपने मुंबई उत्तर लोकसभा क्षेत्र में अनधिकृत झुग्गियों और फेरीवालों के मुद्दे पर अधिकारियों को कार्रवाई करने की चेतावनी दी। सरकार की झुग्गी पुनर्वास योजना के तहत लाभार्थियों को आवंटन पत्र वितरित करने के लिए बोरीवली में एक समारोह को संबोधित करते हुए गोयल ने कहा कि उत्तर मुंबई में कोई नई झुग्गी बस्ती नहीं बनने दी जाएगी। अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए। ऐसा नहीं करने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। हरियाली और सार्वजनिक स्थानों को ठीक से बनाए रखें। सार्वजनिक शौचालयों को साफ रखें और सार्वजनिक पार्कों में किसी भी तरह की बदसलूकी को रोकें। साथ ही अधिकृत फेरीवालों के लिए उचित स्थान प्रदान करें और अनधिकृत लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। पात्र झुग्गीवासियों को उसी इलाके में घर मिलने की वकालत की।



■ पीयूष गोयल का अधिकारियों को निर्देश
■ अधिकृत फेरीवालों के लिए उचित स्थान दें

## छात्राओं को प्रति माह 20 सैनिटरी पैड देने का निर्देश

■ केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों को उत्तर मुंबई के नगर निगम के स्कूलों में छात्राओं को प्रति माह 20 सैनिटरी पैड उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वह अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मासिक धर्म और स्वच्छता पर कांदिवली पश्चिम के एक स्कूल में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। बीएमसी के स्कूलों में लगभग 50,000 लड़कियां हैं। गोयल ने कहा कि यह पहल सिर्फ सैनिटरी पैड वितरित करने के बारे में नहीं है, बल्कि जागरूकता फैलाने और आत्मविश्वास पैदा करने के बारे में भी है।

श्री झाब जैन परिषद, मुंबई

# स्नेह मिलन पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित




■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** श्री झाब जैन परिषद ने 16 मार्च (रविवार) को मुंबई के हालाई लोहाणा महाजन वाडी में शपथ विधि,स्नेह मिलन पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया। समारोह के मुख्य अतिथि शांतिलाल गुलेच्छा थे। अध्यक्ष अरविंद मुणोत ने सभी मेहमानों का स्वागत किया। महेन्द्र भंसाली ने मुख्य अतिथि महोदय का परिचय दिया। संस्थापक अध्यक्ष खीमराज जैन ने सभी भूतपूर्व अध्यक्षों की साक्षी में नव निर्वाचित अध्यक्ष अरविंद मुणोत को अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। अरविंद मुणोत ने अपनी कमिटी के सदस्यों को शपथ दिलाई। उन्होंने संस्था को और ऊँचाइयों पर ले जाने का वादा किया। बाबूलाल जैन ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में अपने कार्यकाल के सभी कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला एवं आने वाली टीम को शुभकामनाएं दी। उत्तम गोठी ने इस अवसर पर प्रथम आने वाले कक्षा पहली से उच्चतम कक्षा के सभी विध्यार्थियो को अवार्ड से पुरस्कृत करने का संचालन किया। इस अवसर पर पूरे झाब निवासी उपस्थित रहकर युवाओं का प्रोत्साहन दिया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में वर्तमान परिस्थितियों पर प्रकाश डाला एव नवकार महामंत्र की महिमा समझाई। अंत में सचिव विमल गांधी ने धन्यवाद दिया एवं अध्यक्ष ने समारोह समाप्ति की घोषणा की। कार्यक्रम की सफलता के पीछे संपूर्ण कमिटी का विषय सहयोग हाथ रहा।

**लोहाणा महाजन वाडी में शपथ विधि में शामिल मुख्य अतिथि**

# घांची समाज विकास मंच का होली स्नेह मिलन समारोह संपन्न

सुरेश मालवीय/जागरूक टाइम्स

**मीरा-भायंदर।** घांची समाज विकास मंच का होली स्नेह मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश पूजन एवं श्री चारभुजा महाआरती से किया गया। इस अवसर पर आए हुए अतिथियों का सत्कार मंच के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। कार्यक्रम में श्री शिवम इवेंट ग्रुप-रानी, देवपुरी -जालोर एवं संजूराव पाली द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की जमकर धूम मची। सभी कलाकारों ने एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम का मंच संचालन मांगीलाल डी. भाटी (मुंबई) एवं अशोक परिहार (रानी) द्वारा किया गया। रंगारंग कार्यक्रम में ऐसा समां बांधा कि लोगों को राजस्थान की याद दिला दी। कार्यक्रम के दौरान लगभग ढाई से तीन हजार लोग उपस्थित रहे। ये जानकारी घांची समाज विकास मंच के अध्यक्ष गणेशमल भाटी ने दी। भाटी ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त कार्यकारिणी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्हीं के सहयोग से यह स्नेह मिलन समारोह ऐतिहासिक बन सका।

▶▶ सांस्कृतिक कार्यक्रम ने बांधा समा
▶▶ हजारों की संख्या में समाजबंधु रहे मौजूद

## 110 बच्चों को पारितोषिक

कार्यक्रम के दौरान 110 मेधावी बच्चों को पारितोषिक प्रदान किया गया। इस अवसर पर बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने के साथ ही आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गईं।

## बोली बोलियां, मनाई ढूंढ

इस होली स्नेह मिलन समारोह के दौरान चढ़ावों की बोलियां बोली गईं। इस दौरान समाज बंधुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में लगभग दस बच्चों की ढूंढ मनाई गई।





# बीजेपी ने जारी की तीन उम्मीदवारों की सूची

**मुंबई।** महाराष्ट्र में होने वाले विधान परिषद उपचुनाव के लिए बीजेपी ने तीन उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी है। जिन उम्मीदवारों के नाम घोषित किए गए हैं, उनमें संदीप दिवाकरराव जोशी, संजय किशनराव केनेकर और दादाराव यादवराव केचे शामिल हैं। महाराष्ट्र में विधान परिषद की पांच सीटों पर उपचुनाव होने हैं। 27 मार्च को चुनाव होगा। बीजेपी ने अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं जबकि शिवसेना और एनसीपी में नामों को लेकर मंथन जारी है। महाराष्ट्र विधान परिषद की 5 सीटों के लिए 17 मार्च तक नामांकन दाखिल किए जाएंगे। 18 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख 20 मार्च है। 27 मार्च को मतदान होगा। उसी दिन नतीजे घोषित किए जाएंगे। महाराष्ट्र विधानसभा में इस समय बीजेपी के 132, शिंदे की शिवसेना के 57 और एनसीपी अजित पवार गुट के 41 विधायक हैं।

# विकास पर हो सरकार का फोकस: सुप्रिया सुले

**मुंबई।** औरंगजेब की कब्र को लेकर उपजे विवाद के बीच शरद पवार की बेटी और बारामती से सांसद सुप्रिया सुले का बयान सामने आया है। उनका कहना है कि मैं महाराष्ट्र सरकार से अपील करती हूं कि वह इसमें न पड़ें और विशेषज्ञों को इस पर फैसला लेने दें। सरकार सेवा के लिए होती है। सरकार का फोकस राज्य के विकास पर होना चाहिए। उन्हें भ्रष्टाचार पर फोकस करना चाहिए। न खाऊंगा, न खाने दूंगा उनकी लाइन है, राज्य में भ्रष्टाचार का क्या हुआ? हर चैनल बेरोजगारी के बारे में दिखा रहे हैं। भारी संख्या में क्वालिफाइड युवाओं के पास नौकरी नहीं है। महंगाई, बेरोजगारी, महाराष्ट्र का विकास और भ्रष्टाचार ये सभी मुद्दे पूरी तरह से पीछे हो चुके हैं।



■ औरंगजेब की कब्र हटाने की मांग पर सांसद का बयान
■ यह इतिहास का मामला, इतिहासकारों ही बोलें

## ▶▶ विहिपः बजरंग दल की चेतावनी

विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल ने चेतावनी दी है कि अगर औरंगजेब की कब्र को सरकार ने नहीं हटाया तो हम कारसेवा कर उसको हटा देंगे। इस अल्टीमेटम के बाद लगातार राजनीतिक प्रतिक्रिया सामने आ रही हैं।हिंदू संगठनों की चेतावनी के बाद मुगल शासक के कब्र और उसके नजदीकी क्षेत्रों में पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा कर दिया है।

# शिरसाट-दानवे के बीच जुबानी जंग तेज

▶▶ मुगल शासक औरंगजेब की कब्र बनी मुद्दा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**छत्रपति संभाजीनगर।** महाराष्ट्र में मुगल शासक औरंगजेब की कब्र के मुद्दे पर सत्तारूढ़ शिवसेना और उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाले शिवसेना गुट के नेताओं के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष अंबादास दानवे ने कहा कि कब्र की मौजूदगी इस बात की याद दिलाती है कि मुगल शासक को पराजित कर यहीं दफनाया गया था। कब्र को हटाने का आह्वान इस इतिहास को समाप्त करने की साजिश है। उन्होंने कब्र को हटाने की मांग करने वालों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यदि हिम्मत है तो ऐसा वहां जाकर कर डालो। राज्य सरकार में मंत्री संजय शिरसाट ने पलटवार करते हुए कहा कि छत्रपति संभाजी महाराज को प्रताड़ित करने और उनकी हत्या करने वाले क्रूर शासक की कब्र के लिए महाराष्ट्र में कोई जगह नहीं है। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के नेता और छत्रपति संभाजीनगर जिले के संरक्षक मंत्री शिरसाट ने कहा कि कब्र को हटा दिया जाना चाहिए। जो लोग औरंगजेब और उसकी कब्र से प्यार करते हैं, वे इसके अवशेष अपने घर ले जा सकते हैं। मंत्री ने दानवे पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष पाकिस्तान के झंडे के साथ रैलियां निकालता है। यदि वह इस तरह से सोचते हैं, तो उन्हें वहां जाकर नमाज अदा करनी चाहिए।





टीवी एक्ट्रेस का आरोप

# होली पार्टी में एक्टर ने की छेड़छाड़

**मुंबई।** मुंबई में एक टीवी एक्ट्रेस ने अपने को-वर्कर (सह-कलाकार) पर छेड़छाड़ का गंभीर आरोप लगाया है। एक्ट्रेस ने दावा किया है कि होली पार्टी के दौरान उनके साथ छेड़छाड़ की गई। आरोपी ने कहा कि उनके सह-कलाकार (एक्टर) ने होली के अवसर पर उसे गलत तरीके से छुआ। इस मामले में एक्ट्रेस ने मुंबई के अंबोली पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

एक्ट्रेस ने बताया कि उसका सहकर्मी नशे में धुत था और उसपर जबरन रंग डाल रहा था। आरोपी ने जबरन उसके गालों पर रंग लगाया और कहने लगा, आई लव यू और देखता हूं कि तुम्हें मुझसे कौन बचाता है। यह घटना कंपनी द्वारा आयोजित छत पर की जा रही थी। इस पार्टी में कई लोग शामिल हुए थे। पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस ने टीवी एक्टर के खिलाफ बीएनएस की धारा 75(1) के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी का बयान भी लिया है।

# झील में डूबने से 5 की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले में शनिवार को एक बड़ा हादसा हो गया। यहां पर प्रसिद्ध पर्यटन स्थल घोडाजारी झील में शनिवार को पिकनिक के दौरान पांच लोग डूब गए। बताया जा रहा है कि ये हादसा उस समय हुआ जब, वे गलती से नागभीड़ तहसील में स्थित झील के गहरे हिस्से में चले गए। घटना की जानकारी होते पुलिस मौके पर पहुंची। चंद्रपुर पुलिस ने इस मामले में बताया कि झील में तैरने गए पांच दोस्त गहरे पानी में डूब गए। पांचों मृतक चिमूर तालुका के साठगांव-कोलारी के रहने वाले हैं। इस दुखद घटना से जिले में शोक फैल गया है। इस घटना को लेकर पुलिस ने बताया कि घटना तब प्रकाश में आई जब समूह का एक सदस्य किसी तरह जलाशय से बाहर निकलने में कामयाब रहा और उसने शोर मचाया। पुलिस ने बताया कि व्यापक तलाशी अभियान के बाद जनक किशोर गावंडे (24), उनके भाई यश (23), अनिकेत यशवंत गावंडे (28), तेजस बालाजी गावंडे (24) और तेजस संजय ठाकरे (16) के शव झील से निकाले गए। बताया जा रहा है कि ये झील कृति प्रेमियों, पक्षी प्रेमियों और पिकनिक मनाने वालों के लिए पहली पसंद है।



▶▶ चंद्रपुर का प्रसिद्ध पर्यटन स्थल 'घोडाजारी झील'

# हादसे में 18 यात्री घायल

**मुंबई।** महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) की बस शनिवार दोपहर रायगढ़ जिले में पलट गई, जिसमें 18 यात्री घायल हो गए। एक अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना वरंधा घाट पर हुई, जब बस महाड़ की ओर जा रही थी। बस चालक के बयान का हवाला देते हुए अधिकारी ने कहा कि ब्रेक फेल होने के कारण वह वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। इसके बाद बस पलट गई थी। पुलिस और आपातकालीन टीमों के मौके पर पहुंचने से पहले स्थानीय लोगों ने घायलों की मदद की। घायल यात्रियों को महाड़ के एक ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया।

■ ब्रेक फेल होने के बाद पलटी बस

मुंबई पुलिस को सलाम

# गर्भवती को पहुंचाया अस्पताल

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के मकसद से स्थापित 'निर्भया पथक' ने एक बार फिर सबका दिल जीत लिया। प्रसव पीड़ा से जूझ रही एक महिला की मुंबई पुलिस के निर्भया पथक ने मदद की और उसके एवं उसके नवजात बेटे की जान बचाई। एक अधिकारी ने बताया कि मासूमा ने जेजे अस्पताल एक स्वस्थ बेटे को जन्म दिया है और मां-बेटा दोनों सुरक्षित हैं। हालांकि, महिला का पति शहर से बाहर है, इसलिए वह अपनी दादी के साथ रह रही हैं। दादी नागपाड़ा में घर का काम करती हैं और उन्हें इसकी सूचना दे दी गई है। यह घटना शिवडी पुलिस स्टेशन के अंतर्गत हुई, जब निर्भया पथक के सदस्यों ने एक नागरिक के द्वारा भेजे गए तात्कालिक संदेश पर कार्रवाई की। शनिवार दोपहर 12:54 बजे साउथ कंट्रोल रूम को पता चला कि चांदनी चौक, रे रोड, शिवडी क्षेत्र में एक गर्भवती महिला को तुरंत पुलिस सहायता की जरूरत है। निर्भया पथक की टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची, जहां उन्होंने देखा कि मासूमा शेख नाम की महिला एक बंद पड़ी टैक्सी में गंभीर हालत में थी। महिला खून से लथपथ थी और प्रसव पीड़ा की वजह से कराह रही थी। स्थिति को गंभीरता से लेते हुए निर्भया पथक ने 108 नंबर पर कॉल कर एंबुलेंस के लिए मदद मांगी। पुलिस की सक्रियता से एंबुलेंस फौरन मौके पर पहुंची, जिसमें डॉक्टर सुल्तान भी थीं।



▶▶ जेजे अस्पताल में बेटे को दिया जन्म

केडीएमसी परिवहन उपक्रम ने मनाया महिला दिवस

# शानदार काम के लिए महिलाकर्मी सम्मानित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कल्याण।** कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका के परिवहन उपक्रम द्वारा महिला दिवस के अवसर पर गणेश घाट आगार में उपक्रम की महिला कर्मचारियों का परिवहन प्रबंधक डा. विजय कुमार द्वासे के हाथों उचित सम्मान कर महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर उपक्रम की ठेका महिला वाहक, सुरक्षा रक्षक, सफाई कर्मी, चपरासी, लिपिक आदि संवर्ग की महिला कर्मचारियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस समारोह में परिवहन प्रबंधक डॉ. विजय कुमार द्वासे, लेखाधिकारी जितेंद्र सोनवणे, डिपो प्रबंधक किशोर घाड़ी, कार्यालय अधीक्षक प्रिया निगडे सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। एएसआरटीयू (वाहन परिवहन क्षेत्र की शीर्ष संस्था) द्वारा महिला दिवस के अवसर पर आयोजित महिला वाहक कर्मचारियों के सम्मान समारोह में कल्याण-डोंबिवली मनपा परिवहन उपक्रम की महिला वाहक कर्मचारी सविता आव्हाड को उनकी मार्ग पर आय, वाहक पद पर उत्कृष्ट सेवा आदि मानकों के आधार पर नई दिल्ली में सम्मान चिह्न देकर सम्मानित किया गया है। परिवहन उपक्रम में आयोजित महिला दिवस समारोह में भी सविता आव्हाड का सम्मान किया गया। इस समारोह में उपस्थित महिलाओं ने अपने विचार व्यक्त किए और पहली बार इस प्रकार के महिला सम्मान समारोह के आयोजन पर हर्ष व्यक्त करते हुए परिवहन प्रबंधक का हृदय से आभार व्यक्त किया। परिवहन प्रबंधक डॉ. विजय कुमार द्वासे ने अपने संबोधन में कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर सकारात्मक रुख रहेगा तथा उचित मांगों पर निश्चित रूप से विचार किया जाएगा। उन्होंने कर्मचारी वर्ग को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।



राज्य स्तरीय टेनिक्वाइट प्रतियोगिता बारामती में संपन्न

# समिधा लीलाधर लोहरे ने जीता सिॅल्वर मेडल

**बारामती।** बारामती में हाल ही में संपन्न हुई राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिता के टेनिक्वाइट खेल में समिधा लीलाधर लोहरे ने रजत पदक जीता है। उन्होंने पिछले चार वर्षों से लगातार नागपुर परिमंडल की विजय बरकरार रखी है। इस सफलता के लिए विद्युत कंपनियों के अधिकारियों और खेल प्रेमियों द्वारा उनकी सराहना की जा रही है। समिधा लोहरे एक कुशल टेनिक्वाइट खिलाड़ी होने के साथ-साथ, नाटकों में विभिन्न भूमिकाएं निभाने वाली बहुमुखी अभिनेत्री भी हैं। हाल ही में आयोजित महावितरण बारामती परिमंडल 2024-25 राज्यस्तरीय टेनिक्वाइट प्रतियोगिता में उन्होंने सिल्वर मेडल जीतकर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस सफलता पर संपूर्ण महावितरण परिवार और खेल प्रेमियों की ओर से उनका अभिनंदन किया गया। राज्यस्तरीय टेनिक्वाइट स्पर्धा के टीम इवेंट में समिधा लीलाधर लोहरे को मनीषा चौकसे और नेहा हेमने का महत्वपूर्ण सहयोग मिला। वहीं, उन्हें दोडके सर, विटणकर सर और लहाने सर का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उनके पति लीलाधर लोहरे महापारेषण कंपनी में कार्यकारी अभियंता के पद पर कार्यरत हैं। वर्ष 2024 में कुरुक्षेत्र में आयोजित 'अंतरराज्यीय प्रतियोगिता' में समिधा लोहरे ने महावितरण कंपनी के लिए रजत पदक जीतकर प्रतिष्ठा बढ़ाई थी।



## शोक संदेश



**स्व. श्री भूराजी**
(स्वर्गवास : 12-03-2025)
निवास : भीनमाल (जालोर)

शोकाकुल :
राजपुरोहित परिवार

## विशेष सूचना

जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशानार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- 9930850102 पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।

# मोडकनाथजी की ढाणी में आठ भील परिवारों के घर जल्द होंगे रोशन

## जागरूक फाउंडेशन ने बिजली डिमांड राशि भरने को सौंपे पांच-पांच हजार के चेक

## फाउंडेशन के संरक्षक नारायण पुरोहित के हाथों चेक पाकर खिले सभी के चेहरे

**जीरावल (रेवदर)। एक कहावत है नर सेवा-नारायण सेवा। अर्थात पीड़ित, जरूरतमंद लोगों की आवश्यकता अनुसार मदद करना भगवान की सेवा/भक्ति के समान ही है। जागरूक फाउंडेशन, सिरोही की ओर से इसी अनुरूप कार्य कर जरूरतमंद लोगों की सेवा की जा रही है। ऐसे ही कार्यों की श्रेणी में फाउंडेशन की ओर से जीरावल के मोडका स्थित मोडकनाथजी की ढाणी निवासरत भील समाज के आठ परिवारों के नाम फाइल जमा करवाने के बाद प्राप्त डिमांड राशि जमा करवाने का जि मा भी उठाया गया। फाउंडेशन के सचिव मुकेश पुरोहित के अनुसार फाउंडेशन के संरक्षक नारायण पुरोहित के सान्निध्य में इन सभी आठ परिवारों को पांच-पांच हजार के डिमांड जमा करवाने के लिए फाउंडेशन की ओर से चेक प्रदान किए गए। इन लोगों ने जैसे ही चेक प्राप्त किए, इनकी आंखों में अनोखी चमक व चेहरे पर खुशी के भाव झलक पड़े।**



### पिता के सेवाभाव को आगे बढ़ाने का प्रयास : पुरोहित

इस मौके संरक्षक नारायण पुरोहित ने कहा कि जरूरतमंद व पीड़ित परिवारों की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। वे अपने भाई गोविंद पुरोहित, अर्जुन पुरोहित व समस्त परिवार के साथ अपने पिता जीरावल के पूर्व सरपंच छोगारामजी पुरोहित के सेवा भाव को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे है। मानव मात्र की सेवा एवं जीवदया के साथ गोवंश की सेवा से जो आत्मिक सुकुन मिलता है, वो शायद ही किसी अन्य सेवा कार्य में मिलता हो। इस दौरान मंछाराम सुथार, मुकेश पुत्र लाखाराम, नरसाराम पुत्र वालाराम, विनोदकुमार पुत्र कानाराम भील, कसनाराम पुत्र लाखाराम, लक्ष्मणराम पुत्र ईश्वरराम, जगसीराम पुत्र वेलाराम, रमेशकुमार पुत्र दलाराम, दलाराम पुत्र छोगाराम आदि मौजूद थे।



### इन्हें किया लाभान्वित

कानाराम पुत्र देवाराम भील, कांतीलाल पुत्र नरसाराम भील, वेलाराम पुत्र वजाराम भील, धोखाराम पुत्र वनाराम भील, तेजाराम पुत्र छोगाराम भील, ईश्वरलाल पुत्र दलाराम, लाखाराम पुत्र दलाराम, बाबराराम पुत्र छोगाराम को विद्युत डिमांड राशि के चेक प्रदान कर लाभान्वित किया गया।

### सुलभ करवाएंगे घर बनाने की संपूर्ण सामग्री

संरक्षक पुरोहित ने इस मौके पर मोडकनाथजी की ढाणी के इन सभी आठ परिवारों के घर बनाने के लिए संपूर्ण सामग्री निःशुल्क उपलब्ध करवाने की भी घोषणा की। इस कार्य में श्रमदान लाभार्थी परिवार करेंगे। इस घोषणा के सुनते ही लाभार्थी परिवार के लोगों की आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े। लाभार्थी परिवारों ने संरक्षक पुरोहित एवं फाउंडेशन से जुड़े सभी सदस्यों का आभार जताया।

# नंदीशाला के सहयोगार्थ सौंपा दो लाख का चेक



**जीरावल (रेवदर)। कस्बे में स्थित 1008 फतेहगर दादा नंदीशाला, जीरावल को जीवदया के समर्पण भाव के साथ श्री जीरावल पार्श्वनाथ जैन तीर्थ-जीरावल के अध्यक्ष रमणभाई जैन (मोंटेक्स ग्रुप) की अनुशंषा पर दो लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया। नंदीशाला की ओर से सरपंच कांतीलाल कोली ने यह चेक ग्रहण किया।**

# बेटे की मौत, अस्पताल की दूसरी मंजिल से कूदी मां



रेखा



योगेश

**अजमेर।** अजमेर में बेटे की मौत की खबर सुनते ही मां अस्पताल की दूसरी मंजिल से नीचे कूद गई। महिला के हाथ-पैर और सिर में गंभीर चोट आई है। गंभीर हालत में महिला का आईसीयू में इलाज चल रहा है। घटना जेएलएन हॉस्पिटल में रविवार दोपहर 1 बजे हुई। जेएलएन चौकी के हेड कॉन्स्टेबल अनिल ने बताया कि लुहार बस्ती सराधना निवासी रेखा लुहार (40) पत्नी राकेश दोपहर करीब 1 बजे अस्पताल की दूसरी मंजिल से कूद गई। वहां मौजूद कर्मचारियों और लोगों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। हेड कॉन्स्टेबल ने बताया कि पूछताछ में मालूम चला कि रेखा के बेटे योगेश (18) ने 13 मार्च को जहर खा लिया था। इसके बाद उसे जेएलएन अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। रविवार को योगेश की मौत हो गई। योगेश की मौत की खबर सुनकर मां रेखा बदहवास हो गई और अस्पताल की छत से छलांग लगा दी। युवक के नाना राजू लोहार ने बताया कि योगेश की तबीयत खराब थी। ऐसे में, उसने दवा समझकर विषाक्त पी लिया था। इसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती करवाया जहां उसका 4 दिन से इलाज चल रहा था। योगेश के पिता राकेश ड्राइवर और मां रेखा गृहणी है।

# राज्यपाल बागडे से मुख्यमंत्री शर्मा ने की मुलाकात

## राज्य के विकास से जुड़े मुद्दों पर की चर्चा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को राजभवन पहुंचकर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से मुलाकात की।

मुख्यमंत्री ने इस दौरान राज्य के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर राज्यपाल से चर्चा की। राज्यपाल बागडे से मुख्यमंत्री शर्मा की यह शिष्टाचार भेंट थी।

# पेड़ पर रस्सी के फंदे से लटके मिले लड़का-लड़की

**चित्तौड़गढ़।** चित्तौड़गढ़ के मंडफिया थाना क्षेत्र के सेगवा गांव में युवक-युवती के शव पेड़ पर रस्सी से फंदे से लटके मिले। माना जा रहा है कि प्रेम प्रसंग में दोनों ने सुसाइड कर लिया। लड़के की पहचान उसके आधार कार्ड से हुई। युवक मध्यप्रदेश के मंदसौर का निवासी है। मंडफिया थानाधिकारी गोकुल डांगी ने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को उतरवाया और मंडफिया हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया। युवक के परिजन के आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**राह से गुजर रहे लोगों की नजर पड़ीः-** पुलिस के मुताबिक भदेसर उपखंड के पोटला ग्राम पंचायत के सेगवा गांव में आवरी माता सांवलियाजी की मुख्य रोड से 50 मीटर अंदर पेड़ पर दोनों फंदे से लटके थे। वहां से गुजर रहे लोगों की नजर पड़ी तो इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर थानाधिकारी गोकुल डांगी सहित जाब्ता पहुंचा। ग्रामीणों की मदद से दोनों की लाशों को नीचे उतारा गया। दोनों ने दुपट्टे से फंदा बनाया हुआ था।

## असम में एबीएसयू का 57वां वार्षिक सम्मेलन

# कांग्रेस ने उड़ाया बोडो समझौते का मजाकः अमित शाह

## बोडोलैंड के विकास को दिए 1500 करोड़ रुपए



**गोवाहाटी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इस समय नॉर्थ-ईस्ट के दौरे पर हैं। रविवार को वो असम के कोकराझार में ऑल बोडो स्टूडेंट्स यूनियन (एबीएसयू) के 57वें वार्षिक सम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने बोडो समझौते पर हस्ताक्षर करने पर हमारा मजाक उड़ाया, लेकिन इस समझौते से बोडोलैंड में शांति और विकास आया। केंद्र सरकार ने 35 लाख की आबादी वाले बोडोलैंड के विकास के लिए 1500 करोड़ रुपए दिए हैं। बोडो युवाओं से उन्होंने कहा कि 2036 के ओलंपिक की तैयारी शुरू कर देनी चाहिए, जिसका आयोजन अहमदाबाद में होना प्रस्तावित है।

### » सौ प्रतिशत शर्तें लागू करेगी केंद्र

केंद्रीय गृह मंत्री ने आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार क्षेत्र में शांति स्थापित करने के लिए समझौते की 100 प्रतिशत शर्तों को लागू करेगी। समझौते की करीब 82 प्रतिशत शर्तों को लागू किया है। यह आयोजन बोडोलैंड में स्थापित शांति का संदेश है। शाह ने कहा 'मुझे अभी भी याद है कि 27 जनवरी 2020 को जब बीटीआर (बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र) शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे, तो कांग्रेस पार्टी मेरा मजाक उड़ाती थी कि बोडोलैंड में कभी शांति नहीं होगी और यह समझौता एक मजाक बन जाएगा। समझौते के प्रावधानों के तहत 1 अप्रैल, 2022 को पूरे बोडोलैंड क्षेत्र से सशस्त्र बल (विशेष शक्ति यां) अधिनियम (अफस्पा अधिनियम) को हटा दिया गया है।

### » 2020 में हुआ था समझौता

असम सरकार और बोडो समुदाय के बीच जनवरी 2020 में बोडो समझौता हुआ था। उस समझौते का मकसद आंतरिक संघर्ष पर विराम लगाना था। बोडो जनजाति के लोग दशकों से ब्रह्मपुत्र नदी के तट के ऊपरी क्षेत्र को एक अलग बोडोलैंड राज्य बनाने की मांग कर रहे थे। बोडो समुदाय का मानना था कि अन्य समुदायों की मौजूदगी से इस समुदाय की पहचान और संस्कृति को खतरा है। बोडो समुदाय और इसके कई संगठनों ने कई बार अपनी बात को मनवाने के लिए हिंसा का रास्ता भी अपनाया। हालांकि जनवरी 2020 में हुए बोडो समझौते से इस हिंसा पर रोक लग गई थी।

### मिजोरम के वंडर किड को शाह ने किया सम्मानित

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मिजोरम की सात वर्षीय प्रतिभाशाली लड़की एस्तेर लालदुहावमी हंमटे को एक गिटार उपहार दिया। शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि भारत के प्रति प्रेम हम सभी को एक करता है। मिजोरम की अद्भुत बच्ची एस्तेर लालदुहावमी हनामते को आज आइजोल में वंदे मातरम गाते हुए सुनकर मैं बहुत प्रभावित हुआ। सात वर्षीय बच्ची का भारत माता के प्रति प्रेम उसके गीत में झलक रहा था, जिससे उसे सुनना एक अद्भुत अनुभव बन गया। मिजोरम की युवा गायिका एस्तेर लालदुहावमी हंमटे साल 2020 में सुर्खियों में आई थीं। उस समय उनके मां तुझे सलाम गाने का वीडियो काफी वायरल हुआ था। उनकी आवाज और देश भक्ति के जज्बे ने उनको एक अलग पहचान दिलाई। मिजोरम सरकार से कई पुरस्कार मिल चुके हैं। एस्तेर लालदुहावमी हंमटे को राज्यपाल की ओर से विशेष प्रशंसा भी मिली है।

# जयपुर में युवक को किडनैप कर लूटने वाले तीन गिरफ्तार

**जयपुर।** जयपुर पुलिस ने अपहरण, मारपीट और रंगदारी मांगने वाली गैंग का खुलासा किया है। एक महिला सहित तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों के पास से वारदात में शामिल एक कार, पिस्टल, जिंदा कारतूस और 2 लाख रुपए बरामद किए गए हैं। डीसीपी वेस्ट अमित कुमार ने बताया कि 11 मार्च को एक पीड़ित दौलतपुरा थाने पहुंचा था। अपहरण और फिरौती मांगने वाले बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में बताया- 9 मार्च को 4-5 लोग प्लॉट देखने के लिए बालाजी विहार दौलतपुरा आए थे। वह साइट प्लान के बारे में बता रहा था। इस दौरान बदमाशों ने उसे गाड़ी में डालकर मुंह पर टेप लगा दी। फिर पीटने लगे। बदमाशों ने पीड़ित का फोन छीनकर पत्नी से 7 लाख रुपए कि फिरौती मांगी। पैसा मिलने के बाद आरोपी उसे दौसा से आगे सिकंदरा मोड़ के पास छोड़ गए। शिकायत मिलने पर दौलतपुरा थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की। घटना की गंभीरता को देखते हुए एडिशनल डीसीपी वेस्ट आलोक सिंघल के सुपरविजन में एक टीम बनाई गई।

# जहां आज मैं हूं, पहले कोई और था कल कोई दूसरा या तीसरा होगाः डोटासरा




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि जहां आज मैं हूं, कल कोई और था। मुझे क्या मिला, यह महत्वपूर्ण नहीं है। आने वाले कल में कोई दूसरा, फिर तीसरा होगा। मैं एक मजबूत संगठन का गठन करना चाहता हूं। डोटासरा रविवार को प्रदेश कांग्रेस की विस्तारित कार्यकारिणी की बैठक में बोल रहे थे। डोटासरा ने जब यह बात कही, उस समय मंच पर पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सचिन पायलट और सीपी जोशी मौजूद थे। डोटासरा ने कहा कि भाजपा चुनाव आयोग का राजनीतिकरण करके पंचायत और स्थानीय निकाय में बड़ा घपला करने का षड्यंत्र कर रही है। उन्होंने बैठक में मौजूद पदाधिकारियों से कहा कि आप मजबूती से सतर्क होकर बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) का गठन करें। बैठक से पहले मीडिया से बात करते हुए डोटासरा ने विधानसभा नहीं जाने के सवाल पर कहा कि इसका जवाब मैं सदन में जाने से पहले मीडिया को दूंगा। जब उनसे कहा गया कि आपकी गैर मौजूदगी में भी सीएम भजनलाल शर्मा ने आपका नाम लिए बगैर कटाक्ष किया था। इस पर डोटासरा ने कहा- यह मेरा सौभाग्य है कि मुख्यमंत्री मुझे बार-बार याद करते हैं।

प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक से पहले प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा- राहुल गांधी ने गुजरात में दूसरी पार्टियों से मिलकर काम करने वाले नेताओं को बाहर का रास्ता दिखाने के निर्देश दिए थे। मैं भी साफ-साफ कह रहा हूं कि जो भी दूसरी पार्टियों से मिलकर काम कर रहे हैं। ऐसे लोग कांग्रेस के मेंबर नहीं रहेंगे।

## खंडहर में युवक व महिला का शव मिलने का मामला

# हरियाणा से भागकर आए युवक-महिला ने जयपुर में किया सुसाइड

**जयपुर।** जयपुर के खंडहर में युवक और महिला का शव मिलने के मामले में दोनों की पहचान हो गई है। पुलिस जांच में सामने आया कि दोनों एक दूसरे से प्यार करते थे। महिला के पति को इस बात का पता चल गया था। दोनों साथ रहना चाहते थे। हरियाणा से भागकर अजमेर पहुंचे। फिर जयपुर आकर सुसाइड कर लिया। विधायकपुरी थाना पुलिस ने एसएमएस हॉस्पिटल में पोस्टमॉर्टम करवाकर दोनों शव को परिजनों को सौंप दिया है। थानाधिकारी (विधायकपुरी) बनवारी लाल मीना ने बताया कि मृतक युवक की पहचान नीरज (25) पुत्र मामराज निवासी नरहेरा पटोदी गुडगांव हरियाणा और युवती की पहचान रेणु विश्वास (22) पत्नी संजीव कुमार निवासी जलालपुर बदायूं उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। हरियाणा के पटोदी में मृतक नीरज खेती का काम करता था।

# जयपुर में पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

**जयपुर।** जयपुर के भांकरोटा थाना इलाके में रविवार सुबह एक युवक का शव संदिग्ध अवस्था में पेड़ से लटका मिला। स्थानीय लोगों ने पुलिस कंट्रोल रूम को युवक का शव पेड़ से लटके होनी की जानकारी दी। पुलिस कंट्रोल रूम ने भांकरोटा थाना पुलिस को लोकेशन बताई। मौके पर भेजा। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने मामला संदिग्ध होने पर एफएसएल की टीम को मौके पर बुलाया। ड्यूटी ऑफिसर एएसआई फूला राम चौधरी ने बताया कि कंट्रोल से जानकारी मिलने पर वह टीम के साथ भांकरोटा थाना इलाके के लाल्याका बास गांव के पास मुख्य सड़क पर पहुंचे। मुख्य सड़क पर एक फार्म हाउस के पास पेड़ पर युवक का शव लटका मिला। मामला संदिग्ध होने पर एफएसएल की टीम को मौके पर बुलाया गया। एफएसएल की टीम के द्वारा जांच करने के बाद शव को मोर्चरी में रखवाया गया हैं।

# महाराणा अरविंद सिंह मेवाड़ का निधन

## सीएम भजनलाल शर्मा ने व्यक्त किया शोक

## पूर्व सीएम वसुंधरा व गहलोत ने जताया दुख

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**उदयपुर।** मेवाड़ राजवंश के संरक्षक महाराणा अरविंद सिंह मेवाड़ का रविवार तड़के उनके निवास सिटी पैलेस में निधन हो गया। वे 81 वर्ष के थे और लंबे समय से बीमार चल रहे थे। परिवार के अनुसार, डाक्टरों की देखरेख में उनका इलाज उनके निवास पर ही चल रहा था। अरविंद सिंह मेवाड़ का जन्म 13 दिसंबर 1944 को उदयपुर के सिटी पैलेस में हुआ था। वे महाराणा भगवत सिंह मेवाड़ और महारानी सुशीला कुमारी मेवाड़ के छोटे बेटे थे। उनके बड़े भाई महेंद्र सिंह मेवाड़ का निधन पिछले साल 10 नवंबर 2024 को हुआ था। अरविंद सिंह ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा अजमेर के प्रतिष्ठित मेयो कॉलेज से पूरी की। इसके बाद उन्होंने उदयपुर के महाराणा भूपाल



कॉलेज से आर्ट्स में स्नातक किया। उच्च शिक्षा के लिए वे यूके गए, जहां उन्होंने सेंट एल्बंस मेट्रोपॉलिटन कॉलेज से होटल मैनेजमेंट का कोर्स किया। इसके बाद उन्होंने अमेरिका में कुछ समय काम भी किया। अरविंद सिंह मेवाड़ न केवल मेवाड़ राजवंश के संरक्षक थे, बल्कि उन्होंने पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र में भी अपनी खास पहचान बनाई। वे एचआरएच ग्रुप ऑफ होटल्स के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक थे, जो राजस्थान के कई ऐतिहासिक होटलों का संचालन करता है। इसके अलावा, वे महाराणा मेवाड़ फाउंडेशन ट्रस्ट, महाराणा मेवाड़ ऐतिहासिक प्रकाश ट्रस्ट और राजमाता गुलाब कुंवर चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष भी थे। महाराणा अरविंद सिंह मेवाड़ के निधन से उदयपुर और मेवाड़ राजघराने से जुड़े लोगों में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके अंतिम संस्कार की तैयारियां की जा रही हैं और बड़ी संख्या में लोग उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए जुट रहे हैं। उदयपुर के पूर्व राजपरिवार के सदस्य अरविंद सिंह मेवाड़ के निधन पर गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को श्रीचरणों में स्थान दें एवं परिजनों को यह दुख सहन करने की हिम्मत प्रदान करें।

# सीएनजी व पीएनजी पर वैट दर घटाने की अधिसूचना जारी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अनुमोदन उपरान्त रविवार को सीएनजी व पीएनजी पर वैट दर घटाने की अधिसूचना जारी कर दी गई है। यह दर सोमवार, 17 मार्च से प्रभावी होगी। इससे आमजन के साथ-साथ निवेशक और उद्यमी भी लाभान्वित होंगे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा 12 मार्च को वित्त एवं विनियोग विधेयक पर चर्चा के दौरान सीएनजी व पीएनजी पर वैट की दर को 10 प्रतिशत से घटाकर 7.5 प्रतिशत करने की घोषणा की गई थी।

# एक महीने तक नहीं होंगे मांगलिक कार्य

## 14 मार्च से खरमास शुरू, 20 से अधिक बन रहे शुभ योग



**जयपुर।** धुलंडी के साथ ही 14 मार्च से खरमास शुरू हो गया है, जो 14 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान विवाह, यज्ञोपवीत और गृह प्रवेश जैसे मांगलिक कार्य नहीं होंगे। खरीदारी पर कोई रोक नहीं है। खरमास के दौरान 20 से अधिक शुभ योग बन रहे हैं, जिनमें वाहन, सोना-चांदी, मकान और इलेक्ट्रॉनिक्स की खरीदी शुभ मानी जाती है। ज्योतिषाचार्य डॉ.महेन्द्र मिश्रा ने बताया कि इस अवधि में त्योहारों की अधिकता रहती है, इसलिए खरीदारी की जा सकती है। सोना-चांदी या अन्य कीमती वस्तुएं खरीदने के बाद भगवान विष्णु के समक्ष रखकर हल्दी और अक्षत चढ़ाने से किसी भी प्रकार का दोष नहीं रहता।

### » 14 अप्रैल तक नहीं होंगे मांगलिक कार्य

खरमास को मलमास भी कहा जाता है। इस दौरान शादी-विवाह जैसे शुभ कार्य नहीं किए जाते। इस बार होलाष्टक और खरमास एक साथ पड़ रहे हैं, जिससे करीब सवा महीने तक मांगलिक कार्यों पर रोक रहेगी। हालांकि इस दौरान आने वाले त्योहारों को परंपरागत तरीके से मनाया जाएगा और उन पर इस संयोग का असर नहीं होगा।

### » सूर्य के राशि परिवर्तन से शुरू हुआ खरमास

खरमास तब लगता है जब सूर्य धनु या मीन राशि में प्रवेश करता है। आज शाम 6.50 बजे सूर्य मीन राशि में प्रवेश करेगा, जिससे खरमास शुरू हो गया है और यह 14 अप्रैल की रात 10.36 बजे समाप्त होगा। पुराने रीति-रिवाजों के अनुसार, इस दौरान शुभ कार्य करना वर्जित माना जाता है।

स्वत्वाधिकारी - नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि., प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक, हेमल पुरोहित के लिए अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी.एल. टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं कोरल स्टूडियो-1, प्लॉट नं. बी-64/65 , फ्लैट नं. 106, सहकार मार्ग, इमली फाटक, जयपुर से प्रकाशित। रजि. नं. RAJHIN/2009/31386 सम्पादक- हेमल पुरोहित। सम्पर्क करें: 0141-2743001, e-mail : Jtjaipur@gmail.com